राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 47
लखनऊ, बुधवार 02 अक्टूबर 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



डेंगू व मलेरिया को हराने के लिए लोगों में जागरुकता जरूरी : ब्रजेश पाठक 03

किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए हम प्रतिबद्ध : शिवराज सिंह 12

# यूपी एग्री परियोजना को मिली मंजूरी

## मुख्यमंत्री योगी की अध्यक्षता में लोकभवन में आयोजित बैठक में 25 अहम प्रस्तावों पर लगी सरकार की मुहर

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को यहां लोकभवन में आयोजित बैठक में यूपी एग्री परियोजना समेत 25 अहम प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गई।

बैठक के बाद कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही और संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि योगी कैबिनेट से यूपी एग्री परियोजना को मंजूरी मिली है। इस परियोजना में 8 मंडलों के 28 जनपद शामिल किए गए हैं। लगभग 4000 करोड़ की परियोजना 6 वर्ष के लिए होगी। खर्च की जाने वाली रकम में विश्व बैंक 2737 करोड़ व राज्य सरकार द्वारा 1166 करोड़ व्यय किया जाएगा। परियोजना द्वारा प्रमुख फसलों की उत्पादकता गुणवत्ता बढ़ाने का कार्य, मार्केट सपोर्ट सिस्टम खड़ा किया जाएगा। प्रशिक्षण कार्य किया जाएगा। मक्का, ज्वार



और बाजरा की क्रय नीति को मंत्रिमण्डल की मंजूरी मिल गयी है। मक्का की खरीद 2225 रुपये प्रति कुंतल, बाजरा 2625 रुपये और ज्वार हाइब्रिड 3571 रुपये प्रति कुंतल की दर से की जाएगी। मक्का खरीद 21 जिलो में, बाजरा खरीद 32 जिलों में और ज्वार खरीद 11 जिलो में की जाएगी। एक अक्टूबर से 31 दिसम्बर तक क्रय वर्ष होगा। इसके अलावा सोनभद्र में कनहर सिंचाई परियोजना के लिए दुद्धी तहसील में नहर प्रणाली निर्माण को मंजूरी मिली है। सोनभद्र में कनहर नदी सिंचाई परियोजना की द्वितीय पुनरीक्षित लागत को मंजूरी दी गई है। इसके तहतदुद्धी व ओबरा के 108 ग्राम के 53 हजार कृषकों व 2 लाख लोगों को पेयजल की सुविधा दी जाएगी। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान को कैबिनेट की मंजूरी मिली है। इसमें 1 लाख नौजवानों को प्रतिवर्ष 5 लाख (बिना ब्याज) सूक्ष्म इकाइयों के लिए लोन देकर रोजगार से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। सामान्य वर्ग को 15 प्रतिशत, पिछड़ा वर्ग 12.5 प्रतिशत और अनुसूचित जाति जनजाति के लिए 10 प्रतिशत मर्जिन मनी देय होगी। आवेदक की शैक्षिक योग्यता 8वी से 12वीं तक रखी गयी है। युवाओं के लिए उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा प्रोत्साहन नीति 2024 प्रस्ताव को मंजूरी मिली है। विदेशी उच्च शैक्षिक संस्थानों को निवेश हेतु प्रोत्साहित किया जाना, 50 करोड़ तक भूमि लागत ने 50 प्रतिशत स्टाम्प ड्यूटी छूट, 150 करोड़ तक 30 प्रतिशत 150 करोड़ से अधिक को 20 प्रतिशत की स्टाम्प ड्यूटी की छूट का प्रस्ताव, पहली 5 विदेशी संस्थाओं के निवेश हेतु विशेष प्रोत्साहन दिया जाएगा।

### सीएम ने 14 खिलाड़ियों को 22.79 करोड़ पुरस्कार राशि दी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को पेरिस ओलंपिक और पैरालम्पिक के मेडल विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री ने 14 ओलंपियंस व पैरा ओलंपियंस को कुल 22.70 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि भेंट की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हम सब जानते हैं कि जिन खिलाड़ियों ने ओलंपिक में प्रतिभाग किया और पदक जीते, उन्हें बधाई देता हूँ। जीत के लिए कठिन परिश्रम करना पड़ता है। इन खिलाड़ियों ने परिश्रम की पराकाष्ठा की लाइन को छूने का काम किया। आज देश के अंदर खेल का जो माहौल बना है, उसके पीछे प्रधानमंत्री मोदी का नियोजित प्रयास है। पीएम मोदी ने खेलो इंडिया खेलो अभियान के साथ शुरू किया था। खेल में तरक्की हो, इसके लिए इंफ्रास्ट्रक्चर और अच्छे प्रशिक्षक जरूरी है। डबल इंजन की सरकार में यूपी के युवाओं को खेल का माहौल ही नहीं बल्कि संशाधन भी उपलब्ध करा रही है। 58 हजार ग्राम पंचायतों में खेल के मैदान की सुविधा, ओपन जिम, सपोर्ट किट उपलब्ध कराई जा रही है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि विभाग को पूर्व खिलाड़ियों को प्रशिक्षक के रूप में तैनात करने के निर्देश दिए गए हैं।

### 39,000 सरकारी कर्मचारियों को इस माह नहीं मिलेगा वेतन

योगी सरकार ने लिया बड़ा फैसला संपत्ति का ब्यौरा नहीं देने की मिलेगी सजा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार के 39,000 कर्मचारियों को इस महीने सैलरी नहीं दी जाएगी। क्योंकि इन कर्मचारियों ने अपनी संपत्ति का ब्यौरा पोर्टल पर अपलोड नहीं किया है। राज्य सरकार की तरफ से संपत्ति का ब्यौरा देने के लिए 30 सितंबर तक का समय दिया गया था। उत्तर प्रदेश सरकार की तरफ से राज्य के कर्मचारियों और अधिकारियों के संपत्ति का ब्यौरा मांगा गया था। इस ब्यौरे को पोर्टल पर अपलोड करने के लिए 30 सितंबर तक का समय दिया गया था। लेकिन करीब 39,000 कर्मचारियों ने अपनी संपत्ति का ब्यौरा नहीं दिया है। ऐसे में इन कर्मचारियों की इस महीने की सैलरी नहीं दी जाएगी। 7,88,506 कर्मचारियों ने संपत्ति का ब्यौरा दिया प्रदेश सरकार ने सभी 90 विभागों के कर्मचारियों को संपत्ति का ब्यौरा मानव संपदा पोर्टल पर अपलोड करने का आदेश दिया था। 8,27,583 कर्मचारियों में सिर्फ 7,88,506 कर्मचारियों ने ही संपत्ति का ब्यौरा अपलोड किया है। जबकि, 39,077 कर्मचारियों ने संपत्ति का ब्यौरा नहीं दिया। यूपी में कुल 8,46,640 राज्य कर्मी आंकड़ों के मुताबिक, प्रदेश में कुल 8,46,640 राज्य कर्मी है। इनमें से 7,88,506 कर्मचारियों ने ही मानव संपदा पोर्टल पर चल-अचल संपत्ति का ब्यौरा दिया था।

# 14 बाढ़ प्रभावित राज्यों को 5,858 करोड़ रुपए जारी

एजेंसी

बिहार-बंगाल में नुकसान के आकलन के लिए भेजी जाएगी आईएमसीटी

**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय ने राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष (एसडीआरएफ) से केंद्रीय हिस्से के रूप में और राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष (एनडीआरएफ) से अग्रिम राशि के रूप में 14 बाढ़ प्रभावित राज्यों को 5,858.60 करोड़ रुपये जारी किए हैं।

केन्द्र सरकार ने महाराष्ट्र को 1,492 करोड़ रुपये, आंध्र प्रदेश को 1,036 करोड़ रुपये, असम को 716 करोड़ रुपये, बिहार को 655.60 करोड़ रुपये, गुजरात को 600 करोड़ रुपये, हिमाचल प्रदेश को 189.20 करोड़ रुपये, केरल को 145.60 करोड़ रुपये, मणिपुर को 50 करोड़ रुपये, मिजोरम को 21.60 करोड़ रुपये, नागालैंड को 19.20 करोड़ रुपये, सिक्किम को 23.60 करोड़ रुपये, तेलंगाना को 416.80 करोड़ रुपये, त्रिपुरा को 25 करोड़ रुपये और पश्चिम बंगाल को 468 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। ये राज्य इस वर्ष दक्षिण-पश्चिम मानसून के दौरान अत्यधिक भारी वर्षा, बाढ़ और भूस्खलन के कारण प्रभावित हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में मोदी सरकार प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित राज्यों के लोगों की मुश्किलें कम करने में उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। सरकार ने बाढ़ प्रभावित राज्यों असम, मिजोरम, केरल, त्रिपुरा, नागालैंड, गुजरात, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और मणिपुर में नुकसान का मौके पर आकलन करने के लिए अंतर-मंत्रालयी केन्द्रीय दल भेजे गए थे। इसके अलावा, बिहार और पश्चिम बंगाल में नुकसान का मौके पर आकलन करने के लिए जल्द ही आईएमसीटी भेजी जाएंगी।

# विजिलेंस टीम को ठिकानों से मिले अघोषित संपत्ति के सबूत

समृद्धि न्यूज

यूपी जल निगम के पांच अफसरों के ठिकानों पर विजिलेंस टीम ने मारा छापा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश जल निगम के पांच अफसरों के ठिकानों पर विजिलेंस टीम ने मंगलवार को छापा मारा था। तकरीबन आठ घंटे तक इस कार्रवाई में विजिलेंस की टीम को ठिकानों से अघोषित संपत्ति के अहम सबूत मिले हैं।

विजिलेंस टीम ने मंगलवार को जल निगम की कंस्ट्रक्शन एंड डिजाइन सर्विसेज इकाई के पांच अधिकारी सहायक अभियंता एवं प्रोजेक्ट मैनेजर राघवेंद्र कुमार गुप्ता, अधीक्षण अभियंता (मु.) सत्यवीर सिंह चौहान, अधीक्षण अभियंता अजय रस्तोगी, परियोजना प्रबंधक एवं सहायक अभियंता कमल कुमार खरबंदा, सहायक अभियंता एवं प्रोजेक्ट मैनेजर कृष्ण कुमार पटेल के अलग-अलग ठिकानों पर मंगलवार को छापा मारा है। इस दौरान आरोपी अधिकारियों के ठिकानों से मकान, खेती की ज़मीन, फ्लैट, गाड़ियों के कागज, म्यूच्यूअल फण्ड, बीमा पॉलिसी, पोस्ट ऑफिस और विभिन्न कंपनियों में निवेश के प्रपत्र मिले। इसके साथ विभिन्न बैंक के खाते एवं बैंक लॉकर के प्रपत्र पाए गए हैं। भारी मात्रा मे ज्वेलरी भी बरामद हुई। इसके अलावा कई बैंक खातों और लॉकर्स का भी पता चला है। इन सभी के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति मामले में विजिलेंस ने 11 मुकदमे दर्ज किए थे। इसके बाद उनके ठिकानों पर छापेमारी की कार्रवाई हुई है।

# ज्ञानवापी स्थित वुजूखाना के एएसआई सर्वे के मामले में 22 को होगी अगली सुनवाई

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** ज्ञानवापी मस्जिद स्थित वुजूखाना का भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण से सर्वे कराने की मांग को लेकर दायर पुनरीक्षण याचिका पर हाईकोर्ट ने याची के अधिवक्ता को पूर्व में हुए सर्वे की रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है।

मामले की अगली सुनवाई अब 22 अक्टूबर को होगी। मंगलवार को न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की पीठ में राखी सिंह की ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई हुई। याची के अधिवक्ता सौरभ तिवारी ने पूरक हलफनामा दाखिल किया।

मुस्लिम पक्ष ने भी जवाबी हलफनामा दाखिल किया। इससे पूर्व की सुनवाई में कोर्ट ने याची के अधिवक्ता से सहवादिनी लक्ष्मी देवी व अन्य द्वारा वाराणसी की अदालत में शिवलिंग के एएसआइ सर्वे की मांग वाली वह याचिका प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। मंदिर पक्ष का कहना है कि ज्ञानवापी परिसर के धार्मिक चरित्र के निर्धारण हेतु शिवलिंग के आसपास के क्षेत्र का वैज्ञानिक सर्वे आवश्यक है।

# इंटर पास भी कर सकेंगे सरकारी संस्थान से डीएलएड

हाईकोर्ट ने पाठ्यक्रम में प्रवेश की अर्हता बढ़ाने का आदेश किया रद्द

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने डायट द्वारा संचालित डीएलएड दो वर्षीय प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में प्रवेश की अर्हता इंटर से बढ़ाकर स्नातक करने के राज्य सरकार के आदेश को रद्द कर दिया है।

कोर्ट ने इस संबंध में गत नौ सितंबर के शासनादेश के उस अंश को रद्द कर दिया है जिसमें दो वर्षीय पाठ्यक्रम में



प्रवेश की अर्हता इंटर से बढ़ाकर स्नातक कर दिया गया था। कोर्ट ने राज्य सरकार के निर्णय को असंवैधानिक, मनमाना और भेदभावपूर्ण करार दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति मनीष कुमार ने यशांक खंडेलवाल और नौ अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है। कोर्ट ने कहा कि प्रवेश की प्रक्रिया 12 दिसंबर तक चलेगी। इसलिए याचियों को प्रवेश प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति दी जाए। याचिका में नौ सितंबर 2024 के शासनादेश को यह कहते हुए चुनौती दी गई कि इस शासनादेश में डायट द्वारा संचालित डीएलएड दो वर्षीय पाठ्यक्रम के प्रवेश की अर्हता को राज्य सरकार ने इंटर से बढ़ाकर स्नातक कर दिया है। जबकि दिव्यांग बच्चों को पढ़ाने का प्रशिक्षण डीएलएड (स्पेशल कोर्स) की अर्हता इंटर ही है। एनसीटी द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थानों में इस पाठ्यक्रम में प्रवेश की योग्यता 50 प्रतिशत अंक के साथ इंटर उत्तीर्ण है।

# राहुल गांधी मामले में सुनवाई टली अब नौ अक्टूबर को होगी सुनवाई

समृद्धि न्यूज

**सुल्तानपुर।** रायबरेली सांसद और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के मानहानि मामले में मंगलवार को भी सुनवाई टल गई है।

केस के वादी व भाजपा नेता विजय मिश्रा के अधिवक्ता मंगलवार को अस्वस्थ रहे, जिस कारण सुनवाई नहीं हो सकी। अब मामले में 9 अक्टूबर को एमपी /एम एल ए कोर्ट ने सुनवाई की तिथि नियत की है। उल्लेखनीय है कि अमित शाह के विरुद्ध अभद्र टिप्पणी को लेकर दर्ज हुए मामले में बीते 26 जुलाई को राहुल गांधी ने कोर्ट में अपना बयान दर्ज कराया था। उन्होंने स्वयं को निर्दोष बताया, कहा था मेरे खिलाफ राजनीतिक साजिश हो रही है। इसके बाद कोर्ट में वादी को साक्ष्य प्रस्तुत करने के निर्देश हुए। 12 अगस्त को सुनवाई की तिथि थी, जहां विशेष कोर्ट के जज अवकाश पर रहे और सुनवाई टल गई।

# जम्मू-कश्मीर में हुआ 65.48 फीसदी मतदान

एजेंसी

**जम्मू/श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के तीसरे एवं अंतिम चरण में मंगलवार को सात जिलों के 40 निर्वाचन क्षेत्रों में शाम 17.00 बजे तक औसतन 65.48 प्रतिशत मतदान हुआ, जिसमें सर्वाधिक वोट छंब विधानसभा सीट पर डाले गये।

चुनाव आयोग के मुताबिक उधमपुर जिले में सबसे अधिक 72.91 प्रतिशत और बारामूला में सबसे कम 55.73 प्रतिशत मतदान हुआ। इसके अलावा बांदीपोरा जिले में 63.33,जम्मू में



66.79, कठुआ में 70.53, कुपवाड़ा में 62.76 और सांबा जिले में 72.41 प्रतिशत मतदान हुआ। कश्मीर संभाग की जिन 16 सीटों पर आज मतदान हो रहे हैं, वे करनाह, त्रेहगाम, कुपवाड़ा, लोलाब, हंदवाड़ा, लंगेट, सोपोर, रफियाबाद, उरी, बारामूला, गुलमर्ग, वागुरा-क्रीरी, पट्टन, सोनावारी, बांदीपोरा, गुरेज (सुरक्षित) हैं। वहीं जम्मू संभाग की जिन 24 सीटों पर मतदान हो रहे हैं, वे उधमपुर पश्चिम, उधमपुर पूर्व, चेनानी, रामनगर (सुरक्षित), बनी, बिलावर, बसोहली, जसरोटा, कठुआ, हीरानगर, रामगढ़ (सुरक्षित), सांबा, विजयपुर, बिश्नाह (सुरक्षित), सुचेतगढ़ (सुरक्षित), आर.एस.पुरा-जम्मू दक्षिण, बाहु, जम्मू पूर्व, नगरोटा, जम्मू पश्चिम, जम्मू उत्तर, मढ़ (सुरक्षित), अखनूर (सुरक्षित) और छंब हैं। तीसरे चरण के लिए 5060 मतदान केन्द्र स्थापित किये गये हैं।

## थाईलैंड : 44 बच्चों को ले जा रही बस में लगी आग, 25 की मौत

**बैंकॉक।** थाईलैंड में एक बड़ा बस हादसा हुआ है, जिसमें 44 बच्चों को लेकर जा रही एक बस में अचानक आग लग गई। इस भीषण आग की चपेट में आने से करीब 25 बच्चों की मौत हो गई है, जबकि मरने वालों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई जा रही है, हालांकि, आग कैसे लगी, इसकी जानकारी अभी तक नहीं मिल सकी है। दुर्घटना तब हुई जब बस राजधानी बैंकॉक से लगभग 250 किलोमीटर उत्तर की ओर जा रही थी। बस कहा जा रही थी इसके बारे में अभी कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है।

# लापरवाही पर मुख्यमंत्री ने नौ जिलों के डीएम व एसएसपी से किया जवाब-तलब

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** मुख्यमंत्री योगी ने आईजीआरएस पोर्टल, सीएम हेल्पलाइन और संपूर्ण समाधान दिवस पर जन शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने वाले 9 जिलों के डीएम और एसएसपी से जवाब तलब किया है।

सीएम ने जन शिकायतों ने निस्तारण में लापरवाही पर सख्त नाराजगी जताई है। कहा जा रहा है कि रिपोर्ट के बाद इन अधिकारियों पर गाज गिर सकती है। पहली सितंबर से 25 सितंबर के बीच प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में गोंडा, देवरिया, भदोही, ललितपुर, प्रयागराज, कौशांबी, फतेहपुर, आजमगढ़ और मिर्जापुर के डीएम व पुलिस कप्तान का प्रदर्शन सतोषजनक नहीं रहा। फीडबैक में मिली जानकारी के मुताबिक 70 फीसदी लोग कार्रवाई से असंतुष्ट दिखे, जिसके बाद मुख्य सचिव की तरफ से इन जिलों के डीएम और एसएसपी को फटकार लगाई गई थी। मामला मुख्यमंत्री के संज्ञान में आने के बाद सभी को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया है। डीएम और कप्तानों से रिपोर्ट मिलने के बाद बड़ी कार्रवाई देखने को मिल सकती है।

# उखरा पीड़ितों से मिलकर भावुक हुए डॉ. जितेंद्र सिंह

## खाना, इलाज व बेटी के विवाह की ली जिम्मेदारी, दी आर्थिक मदद, आवास बनवाने में सहयोग करने का दिया भरोसा



पार्टी पदाधिकारियों के साथ उखरा गांव पहुंचे डा0 जितेन्द्र सिंह यादव, सुरेन्द्र सिंह गौर आदि



पीड़ितों के बीच जमीन पर बैठकर उन्हें सांत्वना देते हुए डा. जितेन्द्र सिंह यादव



घटना स्थल पर मौजूद डॉ जितेन्द्र सिंह यादव को जमींदोज हुए मकानों को दिखाते पीड़ित

समृद्धि न्यूज

डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव ने पीड़ितों को हर संभव मदद का दिया भरोसा

**फर्रुखाबाद/नवाबगंज।** उखरा में बेघर हुए पीड़ितों की आपबीती सुन डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव भावुक हो गये। वह बोले आज नेता नहीं, आपका बेटा आपके बीच आया है। हमारा प्रयास होगा कि सभी पीड़ितों को न्याय मिले। उन्होंने पीड़ितों को दो वक्त का भोजन, दवाई तथा आवास बनाने में सहयोग करने का भरोसा दिया।

जानकारी के अनुसार बीते दिनों विधानसभा अमृतपुर ब्लाक मोहम्मदाबाद थाना नवाबगंज के ग्राम उखरा में लगभग 25 मकानों को बिना नोटिस दिए प्रशासन ने बुल्डोजर से ध्वस्त करा दिया था। यही नहीं लोग प्रशासन के आगे गिड़गिड़ाते और रोते रहे कि साहब हमें अपना सामान निकाल लेने दीजिए, लेकिन हिटलरशाह प्रशासन ने ग्रामीणों की एक नहीं सुनी। उक्त घटना के बाबत समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव व अमृतपुर विधानसभा प्रभारी/पूर्व प्रत्याशी डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव को जैसे ही सूचना मिले, वैसे ही वह पार्टी के पदाधिकारियों के साथ गांव उखरा पहुंचे और प्रशासन द्वारा की गयी तबाही के मंजर को देखा। इस दौरान पीड़ितों ने उन्हें घेर लिया और अपनी-अपनी आपबीती बयां की। पीड़ितों द्वारा उन्हें बताया गया कि प्रशासन ने हमारे साथ घोर अन्याय किया है। हमें सामान हटाने तक का मौका नहीं दिया, मेरा सब कुछ बर्बाद हो गया है। पीड़ितों की दुख भरी दास्तां सुन डॉ जितेन्द्र सिंह यादव भावुक हो गये। डॉ जितेन्द्र सिंह यादव बोले कि हम नेता नहीं है, बल्कि बेटा बनकर आपके बीच आये हैं। हमसे जो भी बन पड़ेगा आपकी मदद की जायेगी। अपने बीच डॉ जितेन्द्र सिंह यादव को देख पीड़ितों को एक उम्मीद जागी कि अब हमें न्याय अवश्य मिलेगा। डॉ जितेन्द्र सिंह यादव ने पीड़ित परिवार अनिल कुमार, रामकुमार, कृष्ण कुमार, बृह्मकिशोर, बबलू, विट्टन देवी, रामश्री, मौर्याश्री को आर्थिक मदद की। वहीं प्रवीणा पुत्री अनिल कुमार की पुत्री की शादी कराने की जिम्मेदारी भी डॉ जितेन्द्र सिंह यादव ने ली है और पीड़ित परिवारों के घर बनवाने के लिए हर संभव प्रयास कर न्याय दिलाने व मदद करने का भरोसा दिलाया। वहीं उन्होंने यह भी कहा कि बेघर हुए लोगों के खाने-पीने के साथ-साथ बीमार लोगों का इलाज कराने की भी जिम्मेदारी ली है। डॉ जितेन्द्र सिंह ने पीड़ितों के बीच बैठकर उनकी पूरी बात सुनी। पीड़ित बोले आपको अपनी पीड़ा बताकर मन हल्का हो गया है।

इस अवसर पर मुख्य रुप से जिला उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह गौर, विधानसभा अध्यक्ष अमृतपुर उदय प्रताप सिंह भोला यादव, जिला महासचिव इलियास मंसूरी, सलोवा अध्यक्ष अनुराग यादव, जि.अ. व्यापार सभा रोमित सक्सेना, पिछड़ा वर्ग अध्यक्ष अरविन्द कश्यप, अधिवक्ता सभा के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव, आशीष शर्मा, बृजेश पाल, प्रदीप यादव टीटू, सुमित शाक्य, संजीव यादव एडवोकेट, शुभम राय हनी, वीरेन्द्र सिंह यादव, अमित कठेरिया, अमन वर्मा, विपिन कुमार, अरविन्द सिंह राजपूत, राहुल कुमार, राजेन्द्र सिंह, हर्ष यादव, धीरेन्द्र यादव, आशीष यादव, सचिन यादव, रवी यादव, अभय यादव, अमन चतुर्वेदी, सोनू दिवाकर, मोहित यादव, चन्दन यादव, मित्रसेन यादव, ऋषि पाल यादव, छविराम सिंह, घनश्याम सिंह, अश्वनी यादव, हर्षित सिंह, राहुल यादव, धीरन्द्र यादव, अमित कठेरिया, मनोज यादव, अनूप यादव, गौरव यादव, आशीष यादव आदि मौजूद रहे।

समस्त जनपद वासियों को गांधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं



खादी मेरी शान है, कर्म ही मेरी पूजा है
सच्चा मेरा कर्म है और हिंदुस्तान मेरी शान है



विवेक विक्रम सिंह
अध्यक्ष
(जिला सहकारी बैंक लिमिटेड रायबरेली)

# नाबालिग से रेप के आरोपी को भेजा जेल



**पलियाकलां-खीरी समृद्धि न्यूज।**

- रेप करने के बाद वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का भी आरोप
- पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी को भेजा जेल

पलिया निवासी एक नाबालिग किशोरी के साथ रेप के मामले के आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई को अंजाम दिया।

बताया जाता है कि आरोपी के द्वारा युवती का आपत्तिजनक वीडियो भी बना लिया गया था जिसके बाद वह उसे लगातार ब्लैकमेल करता था। पिता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए जेल भेज दिया है।

जानकारी देते हुए कोतवाल मनबोध तिवारी ने बताया कि एसपी गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन पर अपराध की रोकथाम व वांछित वारंटी आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत सोमवार को थाना पलिया पुलिस द्वारा पाक्सो एक्ट समेत अन्य धाराओं संबंधित आरोपी एहसास गुप्ता पुत्र विनय गुप्ता निवासी मोहल्ला पठान-पांच पाण्डे बाबा को मेला मैदान तिराहा कस्बा पलिया से गिरफ्तार कर लिया गया।

आरोपी पर गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज है। आरोपी को पकड़ने वाली टीम में चौकी इंचार्ज उदयवीर यादव, आरक्षी परीक्षित सैनी, पवन कुमार वर्मा आदि शामिल रहे।



# गांधी विद्यालय में हुई चित्रकला प्रतियोगिता

**गोला गोकर्णनाथ, लखीमपुर खीरी।** शासन के निर्देशा के तहत आयोजित सेवा पखवाड़े में स्वच्छ भारत अभियान गांधी स्मारक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छोटेलाल दीक्षित स्मृति चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें जूनियर वर्ग में आनंद कुमार, कक्षा-8 ने प्रथम, सलोनी देवी,कक्षा-7 ने द्वितीय, जान्ह्वी देवी,कक्षा-8 ने तृतीय तथा सीनियर वर्ग में सुमित कुमार,कक्षा-9 ने प्रथम, कामरान,कक्षा-9 द्वितीय व राधिका शुक्ला, कक्षा-9 ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। आयोजन में मुख्य अतिथि विधायक अमन गिरि ने विजयी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए। अमन गिरि ने बच्चों को आशीर्वचन दिया। साथ ही स्वच्छता का महत्व समझाते हुए इस मिशन में सक्रिय भागीदारी की अपील की। प्रधानाचार्य डॉ सौरभ दीक्षित ने विधायक को स्मृति चिन्ह देक्र सम्मानित किया। इस मौके पर धर्मेंद्र गिरि 'मोंटी', तेजराम गंगवार, पुष्पेंद्र नाथ, श्रीश गुप्ता, लिपिक राजेश कुमार सहित विद्यालय के शिक्षक व कर्मचारी मौजूद रहे।

# आर्यसमाज की विवादित जमीन पर आवास योजना किश्त आवंटन का आरोप

**गोला गोकर्णनाथ,लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज।**

- आर्यसमाज के मंत्री ने जिलाधिकारी को भेजी शिकायत

सरकारी योजनाओं में अनाधिकृत रुप से आवासीय किस्त की रिकवरी किए जाने के बाबत आर्य समाज के मंत्री ओम प्रकाश वैश्य ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र भेजकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

जिसमें उन्होने बताया कि आर्य समाज का भवन मोहल्ला मुन्नुगंज मोहम्मदी रोड कस्बा गोला में है। जिसमें उनका विपक्षी रामकुमार शुक्ला से किराएदारी का वाद न्यायालय में विचाराधीन है। तथा पोर्सन खाली कराने की डिक्री उच्च न्यायालय से पारित की जा चुकी है। जिसकी इजराय सिविल जज जूनियर डिवीजन मोहम्मदी के यहां लंबित है। इसके बाबत पुलिस बल का निर्धारित शुल्क भी जमा किया जा चुका है। इसके विपरीत विपक्षी रामकुमार शुक्ला के भाई श्री प्रकाश शुकला ने मोहम्मदी में एक वाद दायर किया है। जिसमें उभयपक्षों को यथास्थिति बनाए रखने का आदेश पारित किया गया था। जो कि निरस्त हो गया। इस सब कानूनी अडचनों व मुकदमेंबाजी के मध्य भक्त भवन में स्टे के दौरान विपक्षी ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कालोनी स्वीकृत कराने के बाद किश्तों का आवंटन करा कराकर निर्माण कराना चाह रहा है। इस संबंध में 30 अप्रैल 22 को अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका को, 4 जून 22 को संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम को दिया गया था। जिसमें अनाधिकृत रुप से योजना स्वीकृत कराने व किश्तों को आबंटन कराने के संबंध में जिलाधिकारी खीरी के माध्यम से डूडा अधिकारी को निर्देशित किया गया। लेकिन इसके बाबजूद भी अभी तक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हो सकी है। ना ही विपक्षियों को दी गई किश्तों की रिकवरी की गई। जिससे विपक्षी किसी भी समय मौके पर निर्माण कार्य कराकर संविधान को चकमा देकर गुमराह कर सकता है।

# सम्मान निधि, वृद्धावस्था व दिव्यांगजन पेंशन शिविर आयोजित



**मितौली-खीरी, समृद्धि न्यूज।**

मितौली ब्लॉक सभागर में सम्मान निधि, वृद्धावस्था, निराश्रित महिला, दिव्यांगजन पेंशन शिविर का आयोजन दूसरे दिन भी किया गया। शिविर में दूसरे दिन 323 लोगो ने अपनी समस्याओं का निराकरण कराया। मितौली ब्लॉक सभागर में मंगलवार को दूसरे दिन भी समस्त पेंशन समस्या निराकरण कैम्प का आयोजन किया गया। शिविर में सम्मान निधि, वृद्धावस्था, निराश्रित महिला, दिव्यांगजन पेंशन आदि पेंशन सम्बन्धी समस्याओं का निराकरण किया गया। शिविर में 323 लोग पहुँचे। जिसमे 96 लोगो ने वृद्धा पेंशन, 187 महिलाओं ने निराश्रित महिला (विधवा) पेंशन, 12 लोगो ने दिव्यांगजन पेंशन व 28 लोगो ने किसान सम्मान निधि सम्बंधित समस्याओं का निराकरण कराया। कार्यक्रम के दूसरे दिन भी खंड विकास अधिकारी अमित सिंह परिहार, जिला समाज कल्याण अधिकारी रामजनम व सहायक विकास अधिकारी(समाजकल्याण) कैम्प नोडल अधिकारी विशाल कुमार जैसवार ने कैम्प में आए लोगो को योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस दौरान सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारीयो ने लोगो की समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण कराया।

# जल की महत्ता के बारे में बच्चों को समझाया

## राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालय ओदारा में हुए कार्यक्रम

**मितौली-खीरी, समृद्धि न्यूज।**




विकास खण्ड क्षेत्र के ओदारा गांव में गत दिवस राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन से आए हुए सुशील कुमार एवं प्रदीप यादव द्वारा बच्चों को जल जीवन मिशन के अंतर्गत जल की गुणवत्ता के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई जिन्होंने बच्चों को जल की महत्ता एवं उपयोग से संबंधित जानकारी दी गई।

जिसमे बच्चों को बताया गया कि जल ही जीवन है अगर हमारी धरती जल विहीन हो गई तो हम सबका जीवन जीना दूभर हो जायेगा जल का धरती पर संतुलन बनाए रखने के लिए हमे धरा को हरा,भरा करना होगा अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना होगा जब हमारी धरा हरी,भरी होगी तो प्राकृतिक संतुलन सही रहेगा जिससे बारिश के मौसम में अच्छी बारिश होगी हमको अपने दैनिक उपयोग हेतु कम से कम पानी खर्च करना होगा हमको खाना खाने के पहले किस तरह से हाथ धुलने चाहिए तथा जल जीवन मिशन के उद्देश्यों को पूरा करने हेतु बच्चों को शपथ दिलाई गई। तथा बच्चों से जल जीवन मिशन पर आर्ट प्रतियोगिता भी कराई गई जिसमें प्रथम पुरस्कार संजीवनी,द्वितीय पुरस्कार यशी मिश्रा तथा तृतीय पुरस्कार आरोही मिश्रा को देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की इंचार्ज प्रधानाध्यापक श्वेता मिश्रा, मुनेश कुमार ,अजय सिंह,अमित शर्मा सहित विद्यालय के बच्चे उपस्थित रहे।

# सिंगाही व्यापार मंडल का चुनाव शीघ्र व्यापार मंडल का सदस्य बनने की अंतिम तिथि 10 अक्टूबर घोषित

**निघासन खीरी।** निघासन के सिंगाही उद्योग व्यापार मंडल के त्रिवर्षीय चुनाव सत्र 2024-2027 का शंखनाद हो चुका है। इसी अक्टूबर माह में चुनाव करा दिए जाएंगे। उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष संजय गुप्ता द्वारा निघासन तहसील अध्यक्ष अशोक जैन को सिंगाही नगर व्यापार मंडल का चुनाव कराने के लिए मुख्य चुनाव अधिकारी, तहसील महामंत्री मुन्ना खान यूनिक व सिंगाही के सुनील बत्रा को सहायक चुनाव अधिकारी नियुक्त किया है। व्यापार मंडल के जिला महामंत्री उमेश शुक्ला ने संगठन से जुड़ने के लिए सिंगाही के व्यापारियों का आहवान करते हुए सदस्य बनने की अंतिम तिथि 10 अक्टूबर निर्धारित की है। उन्होंने कहा कि यदि सदस्य बनने को लेकर कोई समस्या हो तो वे व्यापारी नियुक्त किए गए मुख्य चुनाव अधिकारी व सहायक अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं।



# मजदूर की झोपड़ी में लगी आग, झोपड़ी के नीचे रखा सामान जलकर हुआ खाक

**संसारपुर खीरी।** विकासखंड बांकेगंज के ग्राम बेलहिया मजरा संसारपुर थाना मैलानी के निवासी रघुनंदन पुत्र रामस्वरूप की झोपड़ी में सोमवार की रात्रि में अज्ञात कारणों से आग लग गई जिससे गरीब मजदूर की झोपड़ी जल गई। गनीमत यह रही झोपड़ी के नीचे जो मवेशी बंधे हुए थे आग की लपेट देखते ही सबको खोल दिया, और सभी की जान बच गई। झोपड़ी में रखा सामान जलकर खाक हो गया। गरीब मजदूर रघुनंदन ने बताया कि वह रात को खाना पीना खाकर लेट गया देर रात अचानक उसकी झोपड़ी जलने लगी और वह आनन -फानन में उठा झोपड़ी के नीचे बंधे हुए मवेशियों को झोपड़ी से बाहर निकाल दिया जिससे उनकी जान बच गई। बाकी घर गृहस्ती का कुछ सामान झोपड़ी में रखा हुआ था जो जलकर खाक हो गया।

# विद्यालय प्रबंधक प्रधानाचार्य कल्याण समिति का हुआ सम्मान समारोह

## 1500 से अधिक शिक्षक और शिक्षकाएं हुए सम्मानित, डीएम-एसपी रहे मौजूद

**गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज।**




विद्यालय प्रबंधक प्रधानाचार्य कल्याण समिति का 20वां शिक्षक सम्मान समारोह हुआ जिसमें 1500 से अधिक शिक्षक और शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

शहर के नीलकंठ मैदान में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, विशिष्ट अथिति के रूप में एसपी गणेश प्रसाद साहा, विधायक अमन गिरि मौजूद रहे। कार्यक्रम में शहर के प्राथमिक से महाविद्यालय तक की 84 विद्यालयों के 1500 से अधिक शिक्षक शिक्षकाओं को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा आज का आयोजन ऐतिहासिक और अविस्मरणीय है, जिले का सबसे बड़ा सफल शिक्षक सम्मान हो रहा है। जिला मुख्यालय से भी दूर होकर जिले का सबसे स्वच्छ शहर गोला गोकर्णनाथ है। इस के लिए उपस्थित शिक्षक गणों से स्वच्छता की शपथ भी दिलाई और कहा कि शिक्षक जो इस देश का भविष्य हैं। उन पर राष्ट्र निर्माण का दायित्व है। विशिष्ट अतिथि विधायक अमन गिरी ने कहा कि शिक्षकों के त्याग और संघर्ष की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए शिक्षकों को नमन किया। विशिष्ट अतिथि गणेश प्रसाद साहा ने कहा कि शिक्षक अपने कर्तव्यों से समाज को नई दिशा देकर देश की भावी कर्णधारों का निर्माण करते हैं। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विद्यालय प्रबंध समिति की प्रदेश अध्यक्ष एवं नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने आए हुए अतिथियों एवं शिक्षक शिक्षाकाओ का आभार व्यक्त कर वंदन अभिनंदन किया।

मुख्य अतिथि के कार्य एवं जिला में गोला के प्रति विशेष रुचि को देखते हुए उनकी प्रशंसा करते हुए उनका आभार प्रकट किया। जिससे यह नगर विकास के कीर्तिमान स्थापित कर सके। कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष अनुज खरे की सक्रिय भूमिका रही। कार्यक्रम का संचालन अवधेश मिश्रा प्रधानाचार्य दयानंद बल विद्या मंदिर ने किया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में कीर्ति महेश्वरी नगर पालिका अध्यक्ष मैलानी, धर्मेंद्र गिरी मोंटी, अवधेश मिश्रा, सुरजन लाल वर्मा, महेंद्र त्रिपाठी, राजकुमार कनौजिया, बाबूराम वर्मा, रमाशंकर कटियार, संजय तिवारी, डीपी श्रीवास्तव, संजीव दीक्षित, श्रीप्रकाश सिंह, सुयश त्रिवेदी, रामस्वरूप मिश्रा, अरविंद श्रीवास्तव, रविंद्र भूषण, राम नरेश वर्मा, रामचंद्र मिश्रा, अजय राठी, गोविंद सहाय वर्मा, हुलास राम, मोहित कन्नौजिया, अरविंद श्रीवास्तव, संजीव शुक्ला, संजय अग्निहोत्री, रुपेश सक्सेना, सीके गुप्ता, अंकित वर्मा, सचिन शर्मा, विश्वनाथ शुक्ला, महेंद्र वर्मा, आलोक तिवारी, अशोक कुमार, नवनिधि सक्सेना, आशा श्रीवास्तव, माधुरी अवस्थी, निधि खरे, शशिबाला राबडा, स्मृति गुप्ता, शिवानी, नीता शुक्ला, कामिनी सक्सेना सहित तमाम शिक्षक/शिक्षिका मौजूद रहे।

# गन्ने के खेत में बेसुध अवस्था में मिली बालिका

- बालिका को विषाक्त पदार्थ सुंघाकर गांव के युवक ने ही बालिका को बनाया हवस का शिकार

**मितौली-खीरी, समृद्धि न्यूज।**



थाना क्षेत्र के मढिया पुलिस चौकी अंतर्गत गांव खंता देशू में रविवार को दोपहर लगभग 1 बजे गांव के पुनीत के खेत में गन्ने की पत्ती लेने गई 14 वर्षीय नाबालिग बालिका को गांव के ही शिवा पुत्र इंद्रपाल ने पीछा करते हुए गन्ने के खेत मे पहुंच कर बालिका को पीछे से पकड़ कर विषाक्त पदार्थ सुंघा दिया जिससे बालिका बेसुध हो गई ,जिसका फायदा उठाते हुए गांव के शिवा ने बालिका को हवस का शिकार बना डाला। बेसुध हालत में देखकर उक्त दरिंदे ने बालिका को अकेला छोड़कर घर की तरफ चला गया। शाम तक बालिका घर तक नहीं पहुंची तो परिवारी जनों को चिंता सताने लगी जिससे कि आसपास के क्षेत्र में खोज बीन करना शुरू कर दिया गया।

फिर भी पता न चलने पर युवक से कड़ाई से पूंछताछ की गई तब जाकर युवक ने बताया की बालिका गन्ने के खेत में पड़ी है जहां पर पहुंचे लोगों ने पीड़िता को नग्न तथा बेसुध अवस्था मे पड़ी हुई देखा जिसे उठाकर घर लाया गया। जिसकी सूचना पास के ही मढिया बाजार पुलिस चौकी को दी गई। मौके पर पहूँची पुलिस ने पीड़िता को स्वास्थ्य केंद्र मितौली ले गई ,जहां पर उसका इलाज कराया गया। पीड़िता के पिता ने पुलिस अधीक्षक खीरी को लिखित शिकायती प्रार्थना पत्र देकर पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराने तथा विपक्षी के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करा कर उचित कार्यवाही की मांग की गुहार लगाया है।

> इस बाबत में जब प्रभारी निरीक्षक मितौली राजूराव से दूरभाष के जरिये वार्ता के क्रम में बताया की पीड़िता का डॉक्टरी परीक्षण करा कर पुलिस ने तत्परता के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार कर थाना मितौली में भारतीय न्याय संहिता के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है।

# आशु कवि नीरज अवस्थी की पुण्य स्मृति में हुआ कवि सम्मेलन

**ईसानगर खीरी।** क्षेत्र के क़स्बा खमरिया पंडित निवासी स्वर्गीय कवि नीरज अवस्थी की स्मृति में क़स्बा खमरिया में कई जनपदों से आए हुए नामी कवियों की गरिमामय उपस्थिति में हुआ विशाल कवि सम्मेलन। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुचे सीतापुर से महोली विधायक शशांक त्रिवेदी व धौरहरा विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए तथा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक समेत अन्य सम्भ्रांत व्यक्तियों ने कवियों का माल्यार्पण कर अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट करके स्वागत किया।

# दबंग ने ग्राम रोजगार सेवक से की बदसलूकी

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

> मामले में धौरहरा बीडीओ सुमित कुमार सिंह ने बताया कि प्रकरण संज्ञान में आया है, ऑडियो की पुष्टि करके कार्यवाही की जाएगी।

लखीमपुर की धौरहरा ब्लॉक के ग्राम पंचायत रामलोक में ठेके से प्रधानी चला रहे एक ठेकेदार द्वारा ग्राम रोजगार सेवक सहित सचिव को भद्दी भद्दी गालियां देते हुए मारने की धमकी भी दे डाली, जिसका ऑडियो शोसल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है।

धौरहरा ब्लॉक के रामलोक निवासी ग्राम रोजगार सेवक अनुज तिवारी ने बीडीओ धौरहरा को संबोधित एक संयुक्त रूप से हस्ताक्षरित शिकायती प्रार्थना पत्र देकर बताया कि दिनांक 28.09.2024 को ग्राम पंचायत अधिकारी बंधूराम राना ने दूरभाष पर बताया की सिसैया चौराहे पर डीपीआरओ की मौजूदगी में एक स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, जिसमे ग्राम प्रधान मंगालाल यादव को भी मौजूद रहकर सहभगिता करनी है, जिसकी सूचना लेकर प्रधान के घर जाकर सचिव से बात कराई, और ग्राम प्रधान साथ में ही सिसैया चौराहे पर आकर कार्यक्रम में भाग लेने के बाद मनरेगा योजना से निर्मित आवास के मस्टररोल पर मौजूद सचिव ने प्रधान से हस्ताक्षर करवाये।

ग्राम रोजगार सेवक अनुज तिवारी ने आरोप लगाते हुए बताया कि ठेके से प्रधानी चलाने वाले पपिल कुमार ने अपने मोबाइल नंबर 7897280090 से असहनीय और गन्दी गन्दी गालियां देते हुए जान से मारने तक की धमकी दे डाली और कहा कि हमारे बिना इजाजत के प्रधान को कैसे स्वच्छता कार्यक्रम में लेकर गये और कैसे सरकारी अभिलेखों पर हस्ताक्षर करवाये, ऐसी स्थित में ग्राम रोजगार के पर पर रहकर कैसे शासकीय सेवा कर पाएगा, और जब मुझे हर समय जान माल का खतरा बना है, जबकि ग्राम रोजगार सेवक अनुज तिवारी द्वारा बताया गया कि पिछले 20 माह से ग्राम रोजगार सेवक को मनरेगा के कामों से दूर रखा गया है, इस दौरान उसे मानदेय भी नही मिला है।

# छोटी काशी काव्य कुंभ के 145 घंटे पूर्ण, अविरल बही काव्य रसधार

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** अपने ही पहले विश्व रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए नवीन कीर्तिमान स्थापित करने को अग्रसर छोटी काशी काव्य कुंभ ने सफलतम 145 घंटे पूरे कर अपने पूर्व निर्धारित लक्ष्य 150 व अधिक की ओर सशक्त कदम बढ़ा लिए। गोला के मोहम्मदी रोड स्थित रॉयल लॉन में पच्चीस सितंबर से नवीन विश्व रिकॉर्ड हेतु अनवरत चल रहे छोटी काशी काव्य कुंभ में देश प्रदेश से आए कवियों, कवियत्री और शायरों ने अपनी जोरदार प्रस्तुतियां दीं।

लखनऊ से पधारी रेखा बोरा के सुंदर संचालन में डा स्मिता तिवारी ने दिन को काली रात लिखूं मैं मुझ से ना हो पाएगा, मंजूषा श्रीवास्तव मृदुल ने सफर तू हमारा भी आसान कर दे, जेबा खान ने भरोसा मत करो सांसों की डोरी टूट जाती है,छतें महरूफ रहती हैं बिल्डिंग टूट जाती है, बिंदु प्रभा ने मेरे अरमान पूरा करके मुस्कुराते पिता मेरे, उनके ख्वाब अंधेरे पूरा करना चाहती हूं मैं राम मोहन गुप्त अमर ने पहचानिये खुद को, खुद की शक्ति और कमी, लिया जान जिसने समझो नाप ली सारी जमीं सहित विभिन्न रचनाकारों ने निज भाव पुष्प, पंक्तियां प्रस्तुत करके जन मन को मोह लिया। इस अवसर पर गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्डस के जज आलोक कुमार सिंह ने देश के अन्य राज्यों में अपने दायित्व के निर्वहन हेतु प्रस्थान करने से पूर्व शिप्रा यतीश और कपिलश फाउंडेशन के सफलतम संयोजन, सहभागी सैकड़ों कवि कवियत्री और शायरों, सहयोगियों की सराहना करते हुए गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने हेतु प्राविजनल सार्टिफिकेट प्रदान किया। इस अवसर पर गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्डस के जज आलोक कुमार सिंह, पूर्व विधायक विनय तिवारी, प्रो विश्वंभर शुक्ल, श्रीकांत तिवारी कांत,अनिल मिश्र सारस्वत, यतीश चंद्र शुक्ल, शिप्रा खरे, नानक चंद वर्मा, प्रहलाद पटेल, सुधीर अवस्थी, राम मोहन गुप्त अमर, डॉ. स्मिता तिवारी, रामजी रस्तोगी, शिवम गिरि आदि उपस्थित रहे।

# गांव में दिखा जंगली जानवर, ग्रामीणों में हड़कंप



**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

गोला वन रेंज क्षेत्र के अन्तर्गत गॉव रायपुर में हिंसक पशु के देखे जाने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। सोमवार रात गांव के अन्दर एक जंगली हिंसक पशु घुस आया था कुत्तों के भौकने की आवाज सुनकर लोगो ने देखा। ग्रामीणों का कहना है हिंसक पशु बाघ था , ग्रामीणों ने हल्ला मचा कर हिंसक पशु को जंगल की तरफ खदेड़ दिया। ग्रामीणों ने बताया वन विभाग को सूचना दी गई लेकिन वन विभाग का कोई भी कर्मचारी गांव नही पहुंचा ग्रामीणों का कहना है तीन दिन से लगातार रायपुर गांव में बाघ दिखाई देता है जिससे ग्रामीणों में डर का माहौल है। रायपुर वीट में रायपुर से घनापुरवा तक करीब सात किलोमीटर घना शाखू का जंगल है जिसमें चार-पांच तेंदुआ पहले से हैं अब बाघ देखे जाने से लोगों में और भय पैदा हुआ है।

> बाघ नही है रात में भी दो लोगो को गांव भेजा गया था, सुबह भी हमारी टीम गई थी कही भी कोई पग चिन्ह नही मिले एक टाइगर है जो गांव से दूर उत्तर की तरफ गलियारा है।उस पर कभी कभी निकलता है। कुछ दिन पहले जो वीडियो वाइरल हुई थी वो रायपुर घुन्सी की थी। यहाँ राय पुर गांव के अंदर कोई भी टाइगर नही घुसा है।
>
> मनरेश कुमार फोरेस्टर रायपुर (बैबहा) बीट वन रेंज गोला

# बिजली पोल टूटकर गिरने से भय का माहौल

**गोला गोकर्णनाथ,लखीमपुर खीरी।** गोला खुटार रोड पर विकास चौराहे से तकरीबन 500 मीटर दूरी पर एक पेट्रोल पंप के समीप कोरैया मोड़ पर 11 हजार वोल्ट की हाई टेंशन लाइन के दो खंभे बहुत झुककर टूटने की कगार पर पहुच गए है। सड़क पर लगे पोल भी अधिक भार सहन न कर पाने की हालत में कभी भी टूटकर गिर सकते है। जिससे जनहानि की आशंका बनी हुई है। आस पास के लोगों ने स्थानीय बिजली कर्मचारियों से शिकायत कर सही कराने की मांग की है। जबकि इस संदर्भ में एसडीओ बिजली के सीयूजी नंबर 9415099306 पर कई काल करने पर काल रिसीव नहीं हो सकी।


# कार्यालय अधिशासी अभियंता जोन-3 जलकल विभाग नगर निगम, लखनऊ

पत्रांक-1205/ई.ई.-3/जीएल-7/24-25 दिनांक- 01.10.2024

## अल्पकालीन निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य/आपूर्ति हेतु अनुभवी ठेकेदारों से मोहरबन्द निविदा दिनांक 08.10.2024 को अपरान्ह 3:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी द्वारा आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन सायंकाल 04:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। सन्दर्भित कार्य हेतु निविदा किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 08.10.2024 को समय 02:00 बजे तक कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। अर्नेस्टमनी एफ.डी.आर./ सी.डी.आर./एन.एस.सी. के रूप में अधिशासी अभियन्ता जोन-3 के पदनाम से बन्धक होना अनिवार्य है। बिना अर्नेस्टमनी के प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा। एक या समस्त, निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार बिना कारण बताये महाप्रबन्धक, जलकल विभाग में निहित होगा। पूर्ण विवरण कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | धरोहर राशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कदमरसूल वार्ड तथा मनकामेश्वर वार्ड के अन्तर्गत 03 स्थानों में समरसेबिल पम्प मरम्मत कार्य। | 2000.00 | 100 | 07 दिवस |

**निविदा प्राप्त करने की शर्त-** 1. निविदादाता का सेल टैक्स एवं आयकर तथा जी.एस.टी. में रजिस्ट्रेशन होना चाहिए।

**अधिशासी अभियन्ता जोन-3
जलकल विभाग,
नगर निगम, लखनऊ**

# गाय खरीदने के लिए 80 हजार रुपए देगी प्रदेश सरकार

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने गायों की खरीद पर 80 हजार रुपये तक की सहायता देने की योजना बनाई है। इस योजना का उद्देश्य प्रदेश के किसानों और पशुपालकों को गायों के पालन के लिए प्रेरित करना और उनके आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने स्वदेशी गौ संवर्धन योजना के तहत किसानों को 80 हजार रुपये देने का फैसला किया हैं। प्रदेश के किसान इस योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन कर सकते हैं और इसका लाभ उठा सकते हैं। यूपी सरकार के इस योजना से न केवल दूध उत्पादन में वृद्धि होगी बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।

इस योजना में साहीवाल, थारपारकर और गिर नस्ल की गायें खरीदी जा सकती हैं। दो गाय खरीदने पर 80,000 रुपये तक का अनुदान मिलेगा। मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ-संवर्धन योजना के तहत, उन्नत नस्ल की स्वदेशी गायों गिर, साहीवाल, थारपारकर और हरियाणा की दो गाय खरीद पर अधिकतम 80,000 रुपये तक का अनुदान मिलेगा। इसके लिए 17 अक्टूबर तक आवेदन किया जा सकता है।

## सेवानिवृत्त आईएएस अधिकरी को घायल कर लूट करने वाले दो लुटेरे गिरफ्तार

**लखनऊ ।** विकासनगर थाना क्षेत्र में 27 सितम्बर को अपने घर के बाहर टहल रहे सेवानिवृत्त आईएएस अधिकरी को घायल कर लूट की घटना में शामिल दो अभियुक्तों को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया गया है। अभियुक्तों के पास से तमंचा समेत अन्य चीजें बरामद हुई है। हजरतगंज स्थित अपने कैंप कार्यालय में पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए पुलिस उपायुक्त उत्तरी ने बताया कि गोसाईगंज निवासी राज प्रताप सिंह, अमेठी जनपद के कुकहारामपुर निवासी इन्द कुमार उर्फ इंदल को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से लूटी गई चेन को बेचकर प्राप्त धनराशि 7810 रुपये और एक तमंचा मय कारतूस बरामद हुआ है।

# लखनऊ में फोर लेन आउटर रिंग रोड का निर्माण कराएगी सरकार

## लखनऊ के रैथा अंडरपास से लेकर पीएम मित्र टेक्सटाइल पार्क तक 14.28 किमी क्षेत्र की सड़क को किया जाएगा फोर लेन

विकास तिवारी

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार लखनऊ में फोर लेन आउटर रिंग रोड के निर्माण प्रक्रिया को आगे बढ़ाने की प्रक्रिया शुरू कर चुकी है। लखनऊ के रैथा अंडरपास से लेकर पीएम मित्र पार्क (टेक्सटाइल पार्क) तक 14.28 किमी क्षेत्र की सड़क को फोर लेन किया जाएगा।

वहीं, आईआईएम से आउटर रिंग रोड स्थित रैथा अंडरपास के कायाकल्प को भी इस परियोजना के अंतर्गत पूरा किया जाएगा। इस प्रक्रिया में 8.4 किमी तक सड़क का



चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण कर इसे दो लेन का किया जाएगा।

फोर लेन व डबल लेन संबंधी इन दोनों प्रक्रियाओं को 139.56 करोड़ रुपये की लागत से पूरा किया जाएगा। योगी सरकार द्वारा इस प्रक्रिया को पूरा करने के लिए धनराशि अवमुक्त करने के साथ ही विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर ली गई है। इन कार्यों को लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रमुख अभियंता (विकास) व विभागाध्यक्ष की देखरेख में पूरा किया जाएगा।

### भविष्य की जरूरतों के अनुसार बढ़ाई जा रही कनेक्टिविटी

राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि पूरे क्षेत्र को कनेक्टिविटी समेत भविष्य की जरूरतों के हिसाब से विकसित किया जा रहा है। अटारी गांव एनएच-20 और एसएच-20 से लगभग 20 किलोमीटर दूर है। ये दोनों लखनऊ को सीतापुर व हरदोई से जोड़ने वाली चार लेन की सड़कें हैं। इसके अलावा कनेक्टिविटी के लिए छह लेन वाली 20 किलोमीटर लंबी आउटर रिंग रोड भी है। पार्क के लिए रेल कनेक्टिविटी भी बेहतर है। पार्क के लिए चिह्नित स्थान से मलिहाबाद रेलवे स्टेशन महज 16 किलोमीटर दूर है जबकि लखनऊ रेलवे स्टेशन 40 किलोमीटर की दूरी पर है। इसके अलावा, लखनऊ अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से पार्क 45 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। इसके अतिरिक्त, कानपुर नोड पर समर्पित फ्रेट कॉरिडोर 95 किलोमीटर और अंतर्देशीय कंटेनर डिपो कानपुर में 111 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है।

### एक लाख लोगों को रोजगार देगा टेक्सटाइल पार्क

लखनऊ के रैथा अंडरपास से लेकर पीएम मित्र पार्क तक 14.28 किमी क्षेत्र की सड़क को फोर लेन किए जाने तथा आईआईएम से आउटर रिंग रोड स्थित रैथा अंडरपास के कायाकल्प से कनेक्टिविटी में व्यापक सुधार होगा। परियोजना के अंतर्गत मलिहाबाद के अटारी गांव में विकसित किए जा रहे पीएम मित्र पार्क को पीपीपी पार्टनरशिप के जरिए विकसित किया जा रहा है। इस मेगा टेक्सटाइल पार्क की शुरुआत से एक लाख लोगों को रोगजार मिलेगा।

## खबरें एक नजर में

### एक साल बाद महिला की हत्या का खुलासा, तीन गिरफ्तार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** चिनहट थाना की पुलिस ने मंगलवार को एक ऐसी सनसनीखेज हत्याकांड का खुलासा किया है जिसमें आरोपितों ने महिला की हत्या के बाद दुर्घटना दिखाकर लोन व इंश्योरेंस का लाभ प्राप्त करना चाहते थे। हत्या में शामिल महिला का पति, ससुर और एक आरोपित फरार है। डीसीपी ईस्ट शशांक सिंह ने पत्रकारों को बताया कि 20 मई 2023 को सड़क हादसे में पूजा नाम की महिला की मौत हो गई थी। ससुर राम मिलन ने इस संबंध में चिनहट थाना में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने तमाम साक्ष्य एकत्र कर मूलरूप से बाराबंकी निवासी कुलदीप सिंह, लखनऊ के इंदिरानगर निवासी दीपक वर्मा और डालीगंज के रहने वाले आलोक निगम को गिरफ्तार कर पूछताछ की। इसमें तीनों ने बताया कि पति अभिषेक, ससुर राम मिलन और एक अन्य युवक अभिषेक ने साजिश के तहत पूजा के नाम से चार पहिया वाहन, दो पहिया वाहन, मुद्रा लोन दुकान के नाम से सीसी लोन और बीमा पालिसी के साथ दुर्घटना इंश्योरेंस भी कराया गया। इसके बाद इन लोगों ने कार से कुचलकर पूजा की हत्या करवा दी। पुलिस ने हत्यारोपितों को गिरफ्तार कर फरार तीन अन्य आरोपितों की तलाश में टीम जुटी हुई थी।

### महानगर रामलीला में माता की चौकी पांच को

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** महानगर रामलीला समिति के सभागार में ललित मोहन जोशी जी की अध्यक्षता में एक बैठक की गई जिसमें आगामी 5 अक्टूबर को तीसरी नवरात्र के अवसर पर माता की चौकी का अयोजन दिन में 3 बजे से देर रात तक होगा जिसमें माता के भजन अलग अलग कलाकारों द्वारा गाए जायेंगे समिति के महासचिव हेम पंत ने बताया इस अवसर पर डॉक्टर विश्वास बर्मा, अवकाश प्राप्त जस्टिस महेंद्र दयाल के द्वारा उनके सुमधुर आवाज में भजनों की प्रस्तुती होगी। इनके अलावा बिमल पंत, भाषा जोशी, भारती पांडे, पूनम बिष्ट, सरोज खुल्वे, आशा रावत, अरुणा उपाध्याय, ललित भट्ट, हेमा जोशी, भावना लोहानी, दीपा सनवाल भी अपनी सहभागिता कर रही हैं अयोजन की व्यवस्था संयोजक दीपक पांडे दीनू देख रहे हैं। इस अवसर पर बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद कुमार पंत, संरक्ष्यक सदस्य बी पी पांडे,नीरद लोहानी, नीरज लोहानी, नवीन पांडे, कुणाल पंत, आनंद सिंह बिष्ट, हरीश उपाध्याय, हरीश लोहुमी ,अनिल जोशी,बृजेश मेहता, तारा दत्त जोशी भी मौजूद रहे। समिती के अध्यक्ष ललित मोहन जोशी जी ने बताया इस अवसर पर जस्टिस आलोक माथुर, डी जी पी आशुतोष पांडे जी भी विसिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

### आकाशवाणी लखनऊ ने सफाई मित्र स्वास्थ्य शिविर लगाया

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर आकाशवाणी लखनऊ के तत्वाधान में खुशी फाउंडेशन के सहयोग से एक विशेष सफाई मित्र स्वास्थ्य शिविर और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। आकाशवाणी के कांफ्रेंस हाल में आयोजित इस शिविर में कर्मचारियों की आंखों की जांच, ईसीजी, ब्लड प्रेशर, शुगर समेत कई स्वास्थ्य जांचें नि:शुल्क की गईं। प्रमुख आयुष चिकित्सक डॉक्टर अवधेश द्विवेदी ने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए महत्वपूर्ण टिप्स भी साझा किए। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए आकाशवाणी लखनऊ के कार्यक्रम प्रमुख अजीत चतुर्वेदी ने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य ही व्यक्ति की असली पूंजी है और इसका ख्याल रखना हम सभी का दायित्व है। शिविर में लगभग 45 लोगों की आंखों की जांच वागा अस्पताल के चिकित्सकों द्वारा की गई।

### जैन समाज आज मनाएगा अहिंसा दिवस समारोह

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** इंदिरा नगर दिगंबर जैन सेवा संस्थान की ओर से जैन मंदिर इंदिरा नगर का वार्षिक उत्सव व अहिंसा दिवस समारोह का आयोजन 2 अक्टूबर दिन बुधवार को अहिंसा उपवन भूतनाथ पार्क इंदिरानगर में धूमधाम से मनाया जाएगा। संस्थान के मंत्री अभिषेक जैन ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत अपरान्ह 12.30 बजे रथ यात्रा से होगी। रथ यात्रा इंदिरानगर जैन मंदिर से शुरू होकर कार्यक्रम स्थल अहिंसा उपवन तक जाएगी। उसके बाद 2रू00 बजे से श्री जी का अभिषेक व जयमाल का कार्यक्रम होगा। दोपहर 2.30 बजे से विशाल जनसभा होगी। इस जनसभा में कई विशिष्ट मंत्री गण के आने की संभावना है। अपराह्न 4.00 बजे आचार्य श्री का मंगल प्रवचन होगा।

### आशियाना जैन मन्दिर में सद्भावना दौड़ का आयोजन आज

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** जैन मिलन आशियाना द्वारा सद्भावना दौड़ का आयोजन 2 अक्टूबर बुधवार को प्रात: 06 बजे स्मृति उपवन से आशियाना जैन मन्दिर तक किया जायेगा। उ.प्र.जैन विद्या शोध संस्थान के उपाध्यक्ष एवं जैन मिलन आशियाना के संरक्षक डॉ. अभय कुमार जैन ने बताया कि तीर्थंकर महावीर 2550 वें मोक्षकल्याणक वर्ष के अन्तर्गत सद्भावना दौड़ का आयोजन प्रत्येक वर्ष अन्तर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस पर जैन मिलन, आशियाना द्वारा किया जायेगा। मिलन के अध्यक्ष वीर संजीव जैन और मंत्री अंकित जैन ने बताया कि अंहिसा के अवतार तीर्थंकर महावीर का स्मरण करते हुये अहिंसा प्रेमी बच्चे, बूढ़े, जवान और महिलाएं भाग लेगें। विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किया जायेगा।

### विद्युत कर्मियों की समस्याओं का समाधान न हुआ करेंगे आंदोलन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर-प्रदेश बिजली कर्मचारी संघ ने अधिवक्ता रणधीर सिंह सुमन को अपना संरक्षक मनोनीत किया है। उन्हें विधिक सलाह देने के लिए नियुक्त किया गया है। रणधीर सिंह सुमन ने कहा कि बिजली कर्मचारी संघ ने संविदा कर्मियों व अन्य विद्युत कर्मचारियो की समस्याओं को लेकर शासन व शक्ति भवन स्तर पर बातचीत कर रहा है। यदि बातचीत के द्वारा विद्युत कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान नहीं होता है तो आठ अक्तूबर से आंदोलन होगा। फील्ड स्टाफके काम के घण्टे तय न होने के कारण 24 घंटे कार्य करना पड़ता है। दस हजार रुपए भी दो-दो महीने बाकी रहते हैं।

# डेंगू व मलेरिया को हराने के लिए लोगों में जागरुकता जरूरी : ब्रजेश पाठक

## डिप्टी सीएम ने अलीगंज स्थित सीएचसी में संचारी रोग अभियान का किया शुभारंभ

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि संचारी रोगों की रोकथाम के लिए जागरूकता जरूरी है। सरकार लगातार संचारी रोगों के खात्मे की दिशा में प्रयास कर रही है। साल में अलग-अलग माह में अभियान चलाया जा रहा है।संचारी रोगों को खत्म करने के लिए टीमें घर-घर जाएंगी। यह अभियान पूरे माह चलेगा।

मंगलवार को राजधानी लखनऊ के अलीगंज स्थित सीएचसी में संचारी रोग अभियान के शुभारंभ के अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, कालाजार समेत दूसरे संचारी रोगों को खत्म करने में पार्षद, सोशल वर्कर व स्थानीय लोगों की अहम भूमिका है। सरकार स्वास्थ्य, नगर निगम, ग्राम विकास, एलडीए, मलेरिया, आवास



विकास समेत 13 विभागों के समन्वय से अभियान को सफल बनाने की कवायद कर रही है। इसमें काफी हद तक कामयाबी भी मिली है।

ब्रजेश पाठक ने लोगों से अपील की है कि घर के भीतर व बाहर पानी न जमा होने दें। खाली प्लाट आदि में साफ-सफाई रखें। गंदगी न जमा होने दें। कूलर, गमले, टायर आदि में पानी न भरें। इससे काफी हद तक मच्छरों की पैदावार को रोक सकते हैं। घर के आस-पास जमा पानी में जला मोबिल ऑयल या मिट्टी का तेल डाल दें। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि अभियान के तहत शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार फागिंग होगी। एंटीलार्वा का छिड़काव कराया जाएगा। सफाई अभियान चलाया जाएगा ताकि संचारी रोगों से लोगों को बचाया जा सके। स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर जांच करेंगे। घरों में पनपे लार्वा को खत्म करने में मदद करेंगे। डेंगू-मलेरिया का मरीज मिलने पर घर के बाकी सदस्य व उसके आस-पास के लोगों की भी जांच कराई जाएगी। डेंगू, मलेरिया व दूसरे संचारी रोगों के लिए संवेदनशील इलाकों को चिन्हित किया जाये। इन इलाकों में फागिंग, एंटीलार्वा का छिड़काव कराया जाये। साफ-सफाई कराई जाये। लोगों को रोगों से बचाव के प्रति जागरुक किया जाये। बुखार आदि के मरीज मिलने पर कैंप लगाकर जांच कराई जाये।

### बुखार को न करें नजरंदाज

बुखार को नजरअंदाज न करें। तुरंत डॉक्टर की सलाह लें। ब्रजेश पाठक ने कहा कि लखनऊ में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का संचालन हो रहा है। डॉक्टर की सलाह, जांच और मुफ्त दवा वितरित की जा रही है। इलाज में लापरवाही न बरतें। समय पर जांच व इलाज से बीमारी पूरी तरह से काबू में आ सकती है। डेंगू मरीजों को भर्ती करने के लिए अस्पतालों में पर्याप्त बेड हैं। कार्यक्रम में विधायक डॉ. नीरज बोरा, स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थसारथी सेन शर्मा, सचिव रंजन कुमार, स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. ब्रजेश राठौर, परिवार कल्याण महानिदेशक डॉ. नरेंद्र अग्रवाल, निदेशक संचारी रोग डॉ. आरपीएस सुमन, कार्यक्रम संचालक डॉ. विकासेंदु अग्रवाल, सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सोमनाथ सिंह व पार्षद डॉ. स्वदेश सिंह मौजूद रहे।

# बुजुर्गो का सम्मान परम्परा ही नहीं नैतिक जिम्मेदारी भी : असीम अरूण

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** बुजुर्गों का सम्मान करना हमारी परम्परा ही नहीं नैतिक जिम्मेदारी भी है। वृद्धजनों से हमेशा ही मार्गदर्शन मिलता है। वे प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से हमें संबल प्रदान करते है। हमारी आने वाली पीढ़ीयों को नसीहत देते है और उनका मार्ग प्रशस्त करते है। समाज कल्याण मंत्री असीम अरूण ने अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस एवं दादा-दादी, नाना-नानी दिवस पर भागीदारी भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में कहीं।

समाज कल्याण विभाग द्वारा, हेल्पेज इंडिया और वरिष्ठ नागरिक महासमिति के संयुक्त तत्वावधान में भागीदारी भवन में आयोजित कार्यक्रम के संबोधन में असीम अरूण ने कहा कि वृद्धजनों की तब मदद की जाये जब उन्हें इसकी जरूरत हो। हमें उन्हें एकाकी नहीं रहने देने चाहिए। प्रदेश सरकार वृद्धजनों के हित में लगातार प्रयास कर रही है और उनके लिए कल्याणकारी योजनाएँ संचालित कर रही है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में उत्तर प्रदेश एकमात्र अकेला ऐसा राज्य है जिसके सभी 75 जिलों में वृद्धाश्रम संचालित हैं। आज के कार्यक्रम का उद्देश्य है कि बच्चे और युवा पीढ़ी घर परिवार के बड़े-बुजुर्गों की एहमियत को समझें। उनके अनुभवों से प्रेरणा लें और विषम परिस्थियों से सामना होने पर उनसे मार्गदर्शन प्राप्त कर जीवन की चुनौनियों का मजबूती से सम्मान करें। उन्होंने कहा कि समाज कल्याण विभाग का प्रयास है की वृद्धावस्था पेन्शन की पात्रता की उम्र आने पर अर्हता पूरी करने वाले जरूरतमंत बुजर्ग पेन्शन के लिए आवेदन न करना पड़े बल्कि उन्हें स्वत: ही पेन्शन मिलने लगे। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया गया।

### वरिष्ठ नागरिकों के लिए प्रदेश में बनेगा डे केयर सेंटर


**लखनऊ।** डबल इंजन की सरकार निरंतर वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और सम्मान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और उनकी सुख सुविधाओं के दृष्टिगत विभिन्न कल्याणकारी योजनायें संचालित कर रही है। वरिष्ठ नागरिक नीति संवाद के माध्यम से निम्न, मध्य एवं उच्च आयु वर्ग के वरिष्ठ जनों के लिए आवासीय सुविधाओं को प्रदान किए जाने हेतु नीति पत्र तैयार कर भविष्य की कार्ययोजना बनाई जाएगी।

## भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी चार से पांच सीटों पर उतारेगी प्रत्याशी

**लखनऊ ।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी उत्तर प्रदेश विधान सभा के आगामी उपचुनावों में मजबूत इरादों के साथ उतरेगी और 10 में से 4 अथवा 5 स्थानों पर अपने प्रत्याशी उतारेगी। संयुक्त प्रेस बयान में नेताद्वय ने कहा है कि उत्तर प्रदेश के यह उपचुनाव बहुत महत्व रखते हैं। इन चुनावों में आमजन के सामने खड़े ज्वलंत सवालों पर मंथन होना आवश्यक है। इन चुनावों को मुद्दों पर केन्द्रित कराना और मुद्दों पर आधारित ध्रुवीकरण उभारना भाकपा का प्रयास रहेगा। संविधान की रक्षा, किसान- कामगार विरोधी नव फासिस्टवादी ताकतों को कमजोर कर देश की एकता- अखंडता की रक्षा, एकाधिकारवादी प्रवृत्ति पर अंकुश और जनता के ज्वलंत सवाल, गत लोकसभा चुनावों में प्रमुख मुद्दे थे। जातीय जनगणना कराने, किसानों की मांग के अनुसार उपज के दाम दिलाने, हर किस्म के मजदूरों को न्यूनतम वेतनमान और 8 घंटे की ड्यूटी सुनिश्चित कराने, पुरानी पेंशन रोजगार शिक्षा और स्वास्थ्य की सरकारी गारंटी, रोजगारोन्मुख और ग्रामीणोन्मुख विकास, भ्रष्टाचार की संपूर्ण अन्त्येष्टि तथा गरीबी- अमीरी के बीच चौड़ी होरही खाई आदि सवालों को भी उठाया जाएगा।

## पेंशन सहित पत्रकारों की विभिन्न मांगों पर सरकार गंभीर : मुख्य सचिव

**लखनऊ ।** लोकभवन में मान्यता प्राप्त पत्रकारों से मुलाकात के दौरान मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने कहा है कि पेंशन सहित पत्रकारों की समस्त उचित मांगों पर गंभीरतापूर्वक विचार कर सकारात्मक निर्णय लिए जाएंगे। मुख्य सचिव ने आज उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त संवाददाता समिति के प्रतिनिधिमंडल से भेंट की और उनकी समस्याओं और मांगों के विषय में जानकारी प्राप्त की। मुख्य सचिव ने पत्रकारों से अपेक्षा की है कि प्रदेश के विकास और जनहित की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने मे सकारात्मक भूमिका का निर्वाहन करें। समिति के अध्यक्ष हेमंत तिवारी ने मुख्य सचिव को बताया कि उत्तर प्रदेश की सीमा से लगे समस्त राज्यों में पत्रकारों के लिए पेंशन योजना लागू है और देश के सबसे बड़े सूबे के पत्रकार ही इससे वंचित हैं।




# मंदिरों में दुर्गा पूजा की तैयारी पूरी, शारदीय नवरात्र कल से

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** अश्विन माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि 2 अक्टूबर को देर रात 12.18 बजे से शुरू हो रही है। इसका समापन 4 अक्टूबर को देर रात 2.58 बजे होगा। उदया तिथि के अनुसार, इस साल शारदीय नवरात्र की शुरुआत 3 अक्टूबर, गुरुवार से होगी। नवरात्र का समापन 11 अक्टूबर को होगा। 12 अक्टूबर को विजयदशमी (दशहरा) मनाया जाएगा।

ज्योतिषाचार्यों के अनुसार, इस वर्ष नवरात्र का आरंभ विशेष संयोगों के साथ हो रहा है। हस्त नक्षत्र और इंद्र योग के साथ 3 अक्टूबर को कन्या लग्न सुबह 6 बजे से 7.05 बजे तक रहेगा। जो घटस्थापना के लिए शुभ है। अभिजित मुहूर्त भी 11.31 बजे से 12.19 बजे तक रहेगा। इन दोनों मुहूर्तों में मां दुर्गा की पूजा और घटस्थापना की जाएगी। नवरात्र उत्सव को लेकर राजधानी के प्रसिद्ध देवी मंदिरों में तैयारियां जोरों पर है। चौक के बड़ी काली मंदिर और छोटी काली मंदिर में 3 से 11 अक्टूबर तक नवरात्र उत्सव मनाया जाएगा। घसियारी मंडी स्थित कालीवाड़ी मंदिर में भी नवरात्र की तैयारियां पूरी हो चुकी है। यहां श्रद्धालु पूरे नौ दिन मां की आराधना करेंगे। शास्त्रीनगर के दुर्गा मंदिर में नवरात्र के दौरान मेले का आयोजन होगा, यहां माता की चुनरी, नारियल, लौंग, धूप, फल-फूल और अन्य पूजन सामग्री की दुकानें सज गई हैं। नंदना बीकेटी स्थित इक्यावन शक्तिपीठ तीर्थ धाम में भी 3 से 11 अक्टूबर तक शारदीय नवरात्र उत्सव मनाया जाएगा।

पूर्वांचल विकास बोर्ड की बैठक में देवीपाटन मण्डल के विकास पर की गई चर्चा

# जयप्रभा ग्राम को विकासखण्ड बनाये जाने की हुई मांग




**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।**

देवीपाटन मंडल सहित 8 मंडल व 28 जनपदो के सतत विकास के लिए मंगलवार को जिला पंचायत सभागार में पूर्वांचल विकास बोर्ड की बैठक हुई। बैठक पूर्वांचल विकास बोर्ड उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। पूर्वांचल विकास बोर्ड की बैठक में पूर्वांचल विकास बोर्ड के सदस्यगणों ने मंडल के विभागवार मंडलीय अधिकारियों से उनके विभाग से संबंधित गहन समीक्षा की। बैठक पूर्वांचल क्षेत्र के समग्र विकास पर मंथन हुआ देवीपाटन मंडल की दूसरी व बोर्ड की 16वीं बैठक आयोजित पूर्वांचल विकास बोर्ड की बैठक में नियोजन विभाग के विशेष सचिव पुलकित खरे ने बताया कि पूर्वांचल विकास बोर्ड की अब तक 15 बैठकें संपादित हो चुकी हैं। यह देवीपाटन मंडल की दूसरी व विकास बोर्ड की 16वीं बैठक है। बैठक का मुख्य उद्देश्य देवीपाटन मण्डल का सतत विकास करना है। विभागीय अधिकारियों से जानकारी लेकर पूर्वांचल के विकास के लिए बेहतर रणनीति बनाना है।

**बोर्ड के सदस्य ने पूर्वांचल के विकास के लिए दिए सुझाव:** पूर्वांचल के विकास के क्रम में बोर्ड के सदस्यों द्वारा देवीपाटन मंडल से जुड़े विभिन्न सुझाव दिए गए। बोर्ड के सदस्यों द्वारा मशरूम की खेती को बढ़ावा देने, भेड़ पालन, बकरी पालन को बढ़ावा देकर ऊन की क्वालिटी को बेहतर बनाकर अच्छी कीमत पर बाजार में बेचेने, अयोध्या से गोंडा को फोरलेन से जोड़ने, लखनऊ से गोंडा के बीच पड़ने वाली क्रॉसिंग पर ओवर ब्रिज बनाने, जनपद में अधिक से अधिक हाइवे व एक्सप्रेस बनाने, ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने, सीवर लाइन बिछाने, कृषि विभाग से संबंधित योजनाओं से किसानों को लाभान्वित करने की बात कही गयी। देवीपाटन मंडल में हो अधिक से अधिक गौ- संरक्षण बैठक में सदस्य द्वारा सड़क पर छुट्टा जानवर घूमने को लेकर कहा कि संबंधित अधिकारी सुनिश्चित करें कि मार्गों पर कोई भी छुट्टा जानवर नजर नहीं आना चाहिए। अधिक से अधिक गौशालाओं का निर्माण हो जिससे कि छुट्टा जानवरों का गौशाला में संरक्षण किया जा सके। बोर्ड के एक सदस्य ने बैठक में जनपद गोंडा के विकासखंड इटियाथोक अंतर्गत जयप्रभा ग्राम को विकासखंड के रूप में घोषित किए जाने का अनुरोध किया। इसी प्रकार मंडल के बेसिक शिक्षा विभाग में शिक्षा की गुणवत्ता में और सुधार लाए जाने के निर्देश एडी बेसिक को दिए।

**कृषि संबंधित योजनाओं का दिया जाये लाभ:** बोर्ड की बैठक में कई सदस्यों ने मंडल के सभी जनपदों में कृषि संबंधित योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लोगों को देने के निर्देश दिये। मत्स्य पालन योजना, मृदा परीक्षण व सोलर योजना आदि के बारे में प्रचार प्रचार कराकर किसानों को अधिक से अधिक कृषि संबंधित योजनाओं का लाभ दिया जाए। बैठक में मण्डलायुक्त शशिभूषण लाल सुशील ने पूर्वांचल विकास बोर्ड के भी सदस्यों का स्वागत करते हुए आश्वस्त किया कि सरकार की मंशा के अनुरूप सभी विभागीय अधिकारी योजनाओं का क्रियान्वयन करेंगे। वहीं बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने पूर्वांचल विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष एवं सलाहकार सहित सभी सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किये। मंडल के मंदिरों से पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह ने कहा कि पूर्वांचल विकास के लिए एक्शन प्लान तैयार करें, जिससे इस क्षेत्र का तेजी से विकास हो सके। पूर्वांचल के विकास के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि बोर्ड का उद्देश्य पूर्वांचल के समग्र विकास से संबंधित सुझाव देना हैं, बोर्ड के अध्यक्ष प्रदेश के मुख्यमंत्री स्वयं है। बैठकों में प्राप्त सुझावों से शीघ्र ही उन्हें अवगत कराया जाएगा। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए और समय-समय पर विद्यालयों का औचक निरीक्षण भी किया जाए। उन्होंने अस्पतालों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देना तथा देवीपाटन मंडल में गौ- संरक्षण को बढ़ावा देने के निर्देश दिये। इसके अलावा उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश के सभी मंदिरों का जीर्णोद्धार हुआ है। पर्यटन की दृष्टि से देवीपाटन मंडल में आने वाले प्रमुख मंदिरें बहुत अहम है। पर्यटन विभाग द्वारा मंदिरों का लगातार जीर्णोद्धार किया जा रहा है।

पर्यटन की दृष्टि से श्रावस्ती में अपार सम्भावनायें बोर्ड के सदस्यों द्वारा बताया गया कि मंडल के जनपद श्रावस्ती में भगवान बुद्ध द्वारा अपने जीवन के सबसे अहम 25 साल बिताए गए। अतः पर्यटन को बढ़ावा देकर श्रावस्ती जनपद सहित मंडल का विकास आसानी से किया जा सकता है। इस अवसर पर विधायक कटरा बाजार बावन सिंह, पूर्वांचल विकास बोर्ड उत्तर प्रदेश के समस्त सदस्यगण, विशेष सचिव नियोजन पुलकित खरे, आयुक्त देवीपाटन मंडल शशि भूषण लाल सुशील, जिलाधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा, मंडल के सभी जिलों के मुख्य विकास अधिकारी, संयुक्त विकास आयुक्त, अपर निदेशक स्वास्थ्य, एडी बेसिक शिक्षा विभाग, उप निदेशक पंचायती राज, उप निदेशक समाज कल्याण विभाग, उपनिदेशक मत्स्य पालन, उपनिदेशक उद्यान विभाग, उपनिदेशक पर्यटन, चीफ इंजीनियर विद्युत, पीडब्ल्यूडी, एक्सईएन आर.ई.डी, सहित मंडल स्तरीय व जनपद स्तरीय सभी विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

बोर्ड के सभी सदस्य रहे मौजूद बैठक में जयप्रकाश निषाद, विजय शंकर यादव, परदेसी रविदास, बौद्ध अरविंद सिंह पटेल, जितेंद्र पांडेय, विजय विक्रम सिंह, राजकुमार शाही, ओमप्रकाश गोयल, केपी श्रीवास्तव, अशोक चौधरी मौजूद रहे।

## महाभोज से कतर्नियाघाट में हुई वन्य जीव प्राणी सप्ताह की शुरुआत

**बहराइच, समृद्धि न्यूज!** कतर्नियाघाट वन्य जीव अभ्यारण्य के कतर्नियाघाट में एसओएस टाइगर द्वारा आयोजित महाभोज कार्यक्रम में वन क्षेत्राधिकारी रामकुमार ने राजकीय हथिनी जयमाला व चम्पाकली को फल खिलाकर मंगलवार को वन्य जीव प्राणी सप्ताह की शुरुआत की। वन क्षेत्राधिकारी रामकुमार ने बताया कि वन्य जीव प्राणी सप्ताह के दौरान लोगो मे वन्य जीव संरक्षण हेतु जागरूक किया जाएगा। इसी क्रम हथिनी जयमाला व चम्पाकली को फल खिलाया गया है। वन क्षेत्राधिकारी रामकुमार ने बताया कि पूरे सप्ताह वन्य जीव पर आधारित कार्यक्रमों का आयोजन कतर्नियाघाट सेंक्चुरी क्षेत्र में किया जाएगा। इस दौरान वन दारोगा ऋषभ प्रताप सिंह, पूर्व वन दरोगा अशफाक खान मौजूद रहे।

# टिन शेड पाइप में करंट उतरने से युवक की मौत

- परिजनों में कोहराम, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा



**गोंडा ,समृद्धि न्यूज!**

जिले के इटियाथोक थाना क्षेत्र के एक गांव में घर के बाहर लगे टिन शेड के पाइप में करंट उतरने से बड़ा हादसा हो गया। करंट के चपेट में आने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। युवक की मौत के बाद घर में कोहराम मच गया है।

मिली जानकारी के मुताबिक इटियाथोक थाना क्षेत्र के सिसई बहलोलपुर गांव निवासी राम औतार (40) पुत्र राम लोटन ने गांव के ही सिद्धार्थ मिश्र से रहने के लिए कमरा किराए पर ले रखा था। घर के बाहर टिन शेड के ऊपर से निकले विद्युत के तार में कट होने से करंट आ रहा था। बताया जाता है कि राम औतार ने मंगलवार सुबह टिन शेड में लगे लोहे के पाइप को जैसे ही हाथ लगाया कि करंट की चपेट में आने से बेहोश होकर वहीं गिर गये। घर के बाहर आए स्वजन ने आनन फानन में केबल काटी,तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। राम औतार की मौत के बाद घर में कोहराम मच गया। मृतक अभी अविवाहित था। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक शेष मणि पाण्डेय ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# मुस्कान द्विवेदी के उत्कृष्ट कार्य से मिला कायाकल्प अवार्ड

- सीएमओ समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों के कार्यों की सराहना, बोली इससे पहले आयुष्मान मंदिर बिछुड़ी का हो चुका है सम्मान



**गोंडा ,समृद्धि न्यूज!**

आयुष्मान आरोग्य मंदिर असिधा को राज्य स्तरीय कायाकल्प अवार्ड से सम्मानित किया गया।

यह अवार्ड प्रदेश के 10 आयुष्मान आरोग्य मंदिर को मिला। जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुपईडीह का असिधा आयुष्मान आरोग्य मंदिर शामिल है। असिधा आरोग्य मंदिर को 75.26 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में अपना स्थान बनाया। इस उत्कृष्ट कार्य के लिए जनपद के अधिकारियों ने स्वास्थ्य केंद्र के समस्त अधिकारियों व कर्मचारी के कार्यों की सराहना करते हुए बधाई दी। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ रश्मि वर्मा ने इस उपलब्धि के लिए स्वास्थ्य केंद्र के समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों के कार्यों की सराहना करते हुए बधाई दी। उन्होंने बताया कि इससे पहले आयुष्मान मंदिर बिछुड़ी को सम्मानित किया जा चुका है। 24 अगस्त 2024 को केंद्रीय नेशनल क्वालिटी इंश्योरेंस टीम ने विकासखंड रुपईडीह के ग्राम पंचायत असिधा में चल रहे आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निरीक्षण कर मूल्यांकन किया।

जिसमें 12 प्रकार की स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को बारीकी से देखा गया। जिसके परिणाम स्वरूप असिधा आयुष्मान आरोग्य मंदिर को राज्य स्तरीय कायाकल्प अवार्ड से सम्मानित किया गया।

सीएमओ डॉ रश्मि वर्मा ने जिला गुणवत्ता सलाहकार डॉ सुशील कुमार, मंडलीय गुणवत्ता सलाहकार डॉ संतोष कुमार, सामुदायिक स्वास्थ्य के अधीक्षक डॉ अजय यादव, सीपीएम महेंद्र विश्वकर्मा, बीपीएम सदफ खान, अजमेर श्रीवास्तव,सीएमओ मुस्कान द्विवेदी, एएनएम सीमा त्रिपाठी, बीएएम अग्निवेश श्रीवास्तव, आशा बहू रीता कुमारी तिवारी, सुमन श्रीवास्तव, संगीता देवी, सुशीला देवी, परवीन बानो, सुरक्षा देवी,सुदर्शन देवी, उमा, गीता, आशासगिनी सत्यवंती देवी सहित सभी कर्मचारियों को उत्कृष्ट कार्यों की सराहना करते हुए बधाई दी।

# गुढलिया रेस प्रतियोगिता में धान्या गर्ग आयी प्रथम



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।**

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अग्रसेन जयंती समारोह पर सोमवार को देर शाम एकल नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

जिसमें 15 वर्ष से ऊपर बालिकाओं में स्वाति सिंघल, प्रिया भावसिंहका ,खुशी अग्रवाल, क्षिरजा केडिया ने हिस्सा लिया। और महिला एकल नृत्य में सुरुचि अग्रवाल, निकिता जैन, पूजा अग्रवाल, सारिका सोमानी ,वर्तिका सोमानी, दीक्षा सिंघल, पूजा मित्तल ने हिस्सा लिया। एवं किचन क्वीन मास्टर सेफ प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ जिसमें मानसी अग्रवाल ,यशी पचेरिया, विभा अग्रवाल, नेहा पचेरिया, स्नेहा बंसल, कोमल पचेरिया, मानसी अग्रवाल और वर्षा अग्रवाल ने हिस्सा लिया। जिसमें धान्या गर्ग को प्रथम, आशीष अग्रवाल को सेकंड एवं ऋतिक मित्तल को तृतीय स्थान पर रही। उधर मंगलवार को फायर लैस कुकिंग प्रतियोगिता में नेहा पचेरिया, वर्षा अग्रवाल, नेहा बंसल, किरन अग्रवाल,नेहा बंसल प्रतिभागी रहीं। प्लांटेशन एवं पार्ट पेंटिंग प्रतियोगिता में 8 वर्ष से 10 वर्ष तक के बच्चों ने हिस्सा लिया।

उसके बाद निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें आर्या सिंघल ,कर्तव्य सिंघल ,अंशिका जैन, परी अग्रवाल, निश्चय अग्रवाल ,कृति सोमानी, रचित पचेरिया ,कार्तिक अग्रवाल, अंशिकाअग्रवाल, आर्ची अग्रवाल, दरशी अग्रवाल, वैभवी अग्रवाल अनिका गर्ग, सौम्या नेवटिया, यदन्या अग्रवाल प्रतिभागी रहीं। इसके अलावा कैरम प्रतियोगिता एवं शतरंज प्रतियोगिता कभी आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों की विजेता का नाम गुरुवार को किया जायेगा।

# लेखपाल ने नल लगवाकर पेश की मानवता की मिसाल

**कर्नलगंज/गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।** वैसे तो स्वच्छता अभियान का आगाज पूरे देश मे हो चुका है लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में लाखों करोड़ों रुपए इसके नाम पर खर्च दिखाए जाने के बावजूद धरातल पर स्वच्छ एवं शीतल सुलभ जल सभी लोगों को अभी तक मुहैया नहीं हो पा रहा है।



इसी क्रम में ताज़ा मामला कर्नलगंज तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत भैरमपुर में सामने आया है,जहां सड़क किनारे मवेशी चरा रहे बच्चे गड्ढे का पानी पी रहे थे। तभी थाना समाधान दिवस कटरा बाजार से लौट रहे एक लेखपाल की नज़र उन बच्चों पर पड़ी तो उनके द्वारा स्वच्छता को लेकर बच्चों को जागरूक किया गया। इस दौरान बच्चों के द्वारा कहा गया कि यहां आसपास कोई नल नही था जिससे हम लोग प्यास से तड़प रहे थे ऐसे में हम लोगों ने गड्ढे का पानी पी लिया। ऐसे में लेखपाल फैय्याज अहमद खान ने ज़रूरतमन्दो के लिए एक नल लगवाकर मानवता की मिसाल पेश की है। मालूम हो कि कर्नलगंज तहसील में तैनात लेखपाल फ़ैयाज़ अहमद खान भूतपूर्व सैनिक हैं जो विजय ऑपरेशन कारगिल में अपनी बहादुरी का परचम लहरा चुके हैं। वहीं उनके इस बहुत ही सराहनीय कार्य से सार्वजनिक जगह पर नल लग जाने की वजह से ग्रामीणों में खुशी की लहर है। आपको बता दे कि लेखपाल फ़ैयाज़ अहमद खान को भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशन विजय मेडल,हाई एल्टीट्यूड मेडल ,सैन्य सेवा मेडल सिक्किम,नववर्ष सर्विस मेडल,स्पेसल सर्विस सुरक्षा मेडल,सियाचिन ग्लेशियर मेडल से सम्मानित किया जा चुका है।

# बस-ट्रक में हुई टक्कर, बाल-बाल बचे यात्री

**कर्नलगंज/गोंडा,समृद्धि न्यूज़।**




- बस चालक को आई मामूली चोटें, भेजा गया अस्पताल

कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत गोंडा लखनऊ हाईवे पर भारत पेट्रोल पंप के पास एक डबल डेकर बस की ट्रक से टक्कर हो गई। फिलहाल बस में सवार सभी यात्री बाल-बाल बच गए और बस चालक को मामूली चोटें आई हैं,जिन्हें प्राथमिक इलाज के लिए कर्नलगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया।

मिली जानकारी के मुताबिक मंगलवार को दिल्ली से गोंडा जा रही डबल डेकर बस कर्नलगंज क्षेत्र के अंतर्गत गोंडा लखनऊ हाईवे पर भारत पेट्रोल पंप के निकट एक ट्रक से टकरा गई और फिर डिवाइडर से जा टकराई। बताया जा रहा है कि बस पूरी तरह से यात्रियों से भरी हुई थी और उसकी गति भी काफी तेज थी। जब बस ट्रक को दाईं ओर से ओवरटेक कर रही थी,तभी अचानक ट्रक दाईं ओर मुड़ गया,जिससे बस ट्रक और डिवाइडर के बीच फंस गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बस में सवार सभी यात्री बाल-बाल बच गए। हालांकि बस चालक को मामूली चोटें आई हैं,जिन्हें प्राथमिक इलाज के लिए कर्नलगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची डायल 112 पीआरवी और कर्नलगंज पुलिस ने यातायात को सुचारू रूप से बहाल कराया। बता दें कि इन अवैध तरीके से चल रहे डबल डेकर बसों और सड़कों पर बेतरतीब खड़े गिट्टी मौरंग लदे ट्रकों से आए दिन हादसे हो रहे हैं। जिसको लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक श्रीधर पाठक ने बताया कि शीघ्र ही अभियान चलाकर अवैध डबल डेकर बसों एवं ट्रांसपोर्टरों के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी।



# आयोग से आए पत्र लंबित मिलने पर बिफरीं डीएम

**बहराइच समृद्धि न्यूज!** जिलाधिकारी ने मंगलवार को शिकायती प्रकोष्ठ के पटल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई फाइल लंबित मिले। इस पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए समय से फाइलों की जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए।कलेक्ट्रेट में शिकायत प्रकोष्ठ का संचालन होता है। यहां पर सूचना आयोग समेत अन्य विभाग के शिकायती पत्र छह माह से लंबित हैं। इसकी जानकारी होने पर मंगलवार को जिलाधिकारी मोनिका रानी ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने परिसर की साफ सफाई फाइलों का रखरखाव आदि के बारे में जानकारी ली। कुछ कर्मचारी उपस्थिति पंजिका पर बिना हस्ताक्षर के ड्यूटी करते मिले। वहीं कई माह पुरानी फाइल लंबित मिलने पर नाराजगी जताई। डीएम ने संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए साफ-सफाई के निर्देश दिए। इस दौरान संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## भूमि सम्बन्धी प्रकरणों के निस्तारण के लिए लगेगी ग्राम चौपाल

**बहराइच समृद्धि न्यूज।** मुख्य राजस्व अधिकारी/उप संचालक चकबन्दी देवेन्द्र पाल सिंह ने बताया कि शासन व जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर भूमि से सम्बन्धित मामलों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से उप संचालक चकबन्दी की अध्यक्षता में जनपद में वर्ष 2023 के पूर्व के अधिसूचित प्रत्येक ग्राम माह अक्टूबर 2024 में ग्राम चौपाल का आयोजन होगा। निर्धारित रोस्टर की जानकारी देते हुए श्री सिंह ने बताया कि 04 अक्टूबर को तहसील पयागपुर के ग्राम गांगूदेवर, 07 को उधरना ठकुराईन, 14 को लख्खारामपुर, 16 को मानिकपुर कलां, 23 को राजापुर गिरन्ट में 24 अक्टूबर 2024, तहसील महसी के ग्राम मैकूपुरवा में 09 व बभनौटी उर्फ शहर गोलागंज में 21 अक्टूबर, तहसील कैसरगंज के मंझारा तौकली में 10 अक्टूबर व मीरपुर कोनिया में 28 अक्टूबर तथा तहसील नानपारा के ग्राम बेलामकन में 18 अक्टूबर 2024 को ग्राम चौपाल आयोजित होगी।

# प्रत्याशी प्रो. मंशाराम वर्मा ने अपने पक्ष में मांगा मत समर्थन

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**



डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय महाविद्यालय शिक्षक-संघ (ऑक्टा) के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी प्रो. मंशाराम वर्मा ने गुरुजनों से संपर्क कार्यक्रम में प्राचार्य एवं प्रो. शिवराम यादव के नेतृत्व में जनपद सुलतानपुर के प्रतिष्ठित महाविद्यालयों में अपने पक्ष में मत समर्थन एवं आशीर्वाद देने के लिए निवेदन किया। प्रो. एवं प्राचार्य शिवराम यादव ने कहा स्थिरता किसी भी समाज अथवा संगठन के लिए अच्छा नहीं है। शिक्षक संघ निर्वाचन में बदलाव कर एक बार प्रो. वर्मा को भी अवसर देना चाहिए। इस अवसर पर शिक्षा-संकाय (बीएड) में अध्यक्ष एवं प्रो. बिहारी सिंह ने विभागीय गुरुजनों डॉ. बनवारी, डॉ. दिलीप कुमार सिंह, डॉ संतोष सिंह कुशवाहा, डॉ. कंचन सहित अन्य गुरुजनों के साथ निर्वाचन के समय, स्थान आदि चर्चा करते हुए संघ और संघर्ष की बारीकियों को समझाया।

गनपत सहाय पीजी कॉलेज सुल्तानपुर में अपनी बातों को रखते हुए प्रत्याशी प्रो वर्मा ने कहा सब के साथ एवं सबके प्रयास से ही व्यवस्था में सुधार कर सबका विकास किया जा सकता है। इस हेतु आप सभी का मत, सहयोग एवं समर्थन आवश्यक है। डॉ. बैजनाथ पाल ने कहा यह उचित अवसर है कि शिक्षक-संघ को आप गुरुजनों द्वारा मजबूती प्रदान की जाए।

# एसपी ने घंटाघर और पीपल तिराहा का किया निरीक्षण

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



एसपी सिटी ने शहर के लोगों को जाम से निजात के लिए सुझाव दिया। जिसे पुलिस विभाग ने एक अक्टूबर से लागू कर दिया है।

इस अभिनव प्रयोग से लोगों को पहले दिन जाम से निजात मिली। अब इसके हमेशा लागू होने पर ही लोगों को लाभ हो सकता है। शहर के घंटाघर, पीपल तिराहा, छावनी बाजार मार्ग, चांदपुरा मार्ग समेत अन्य स्थानों पर काफी मात्रा में ई रिक्शा और टेम्पो का संचालन होता है। जिससे शहर के विभिन्न मार्गों पर जाम की स्थिति बनी रहती है। जाम की समस्या से निजात के लिए पुलिस विभाग ने सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय से मिलकर नया नियम बनाया। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने बताया कि एसपी सिटी रामानंद कुशवाहा ने शहर के विभिन्न मार्गों पर सभी ई रिक्शा और टेम्पो न चलने का नियम बनाया। साथ इन वाहनों को निर्धारित रूट से आते हुए दूसरे रूट से जाने का नियम बनाया। इस नियम को एक अक्टूबर से लागू कर दिया गया है।

# अघोषित बिजली कटौती पर फूटा लोगों का गुस्सा

- विद्युत उपकेंद्र में की तोड़फोड़, रजिस्टर फाड़ा, पुलिस ने भांजी लाठियां



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

शहर के मोहल्ला बशीरगंज और नाजिरपुरा मोहल्ले में सोमवार सुबह से बिजली नहीं आई। इससे नाराज लोग देर रात को उपकेंद्र पहुंचे। सभी ने उपकेंद्र में तोड़फोड़ की। रजिस्टर फाड़ डाले। भीड़ को तितर बितर करने के लिए पुलिस को लाठी चलानी पड़ी। काफी देर बाद लोग उपकेंद्र से बाहर हटे। कोतवाली नगर के मोहल्ला बशीरगंज में विद्युत उपकेंद्र स्थित है। इस उपकेंद्र से नाजिरपुरा और बशीरगंज मोहल्ले को बिजली आपूर्ति दी जाती है। मोहल्ले के लोगों के मुताबिक लगभग पांच दिन से बिजली नहीं मिल रही है। बिजली अधिकारियों ने सोमवार शाम तक आपूर्ति देने की बात कही, लेकिन रात तक सप्लाई शुरू नहीं हो पाई। इस पर नाराज मोहल्ले के लोग रात 11 बजे विद्युत उपकेंद्र पहुंच गए। सभी ने उपकेंद्र के अंदर नारेबाजी करते हुए तोड़फोड़ की। रजिस्टर फाड़ डाले। बिजली कर्मियों की सूचना पर कोतवाल मनोज कुमार पांडेय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने लोगों को समझाया, लेकिन भीड़ हटने को तैयार नहीं थी। जिस पर भीड़ को तितर बितर करने के लिए पुलिस को लाठी भांजनी पड़ी।

कुछ समाजसेवियों की ओर से काफी समझाने के बाद लगभग एक बजे रात में भीड़ उपकेन्द्र से हटी। तब जाकर बिजली कर्मियों ने राहत की सांस ली।

अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस

## बुजुर्गों का सम्मान कर की गयी स्वास्थ्य की जांच

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस के अवसर पर मंगलवार को चित्तौरा ब्लॉक के वृद्धाश्रम में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां बुजुर्गों का सम्मान कर उनका स्वास्थ्य जांचा गया। मुख्य अतिथि सांसद आनंद गौड़ ने बुजुर्गों को अंगवस्त्र भेंट कर उनका सम्मान किया और उनके प्रति समाज की जिम्मेदारी को याद दिलाया। सांसद आनंद गौड़ ने कहा, हमारे बुजुर्ग हमारी धरोहर हैं, हमें उनका सम्मान और स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा, आज की युवा पीढ़ी में नैतिक पतन हो रहा है, जिसके कारण हमारे बुजुर्ग वृद्धाश्रम में रहने को विवश हो रहे हैं।

प्रचार वाहनों को सांसद ने हरी झंडी दिखाकर की अभियान की शुरुआत

# संचारी रोगों से बचाव के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी: आनंद गौड़

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



जनपद के सीएमओ सभागार में संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद आनंद गौड़ ने प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर अभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर उन्होंने संचारी रोगों से बचाव के लिए सामूहिक प्रयासों पर जोर दिया। सांसद आनंद गौड़ ने बताया कि संचारी रोग, जैसे डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया और जापानी इंसेफलाइटिस, से बचने के लिए साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि घरों के आसपास पानी जमा न होने दें, कूलरों और पानी के बर्तन हर सप्ताह साफ करें और मच्छरदानी का उपयोग करें। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि विभागीय अधिकारी और कर्मचारी समन्वय बनाकर जनजागरूकता को बढ़ावा दें, जिससे लोग इन बीमारियों से बचाव के उपायों को अपनाएं। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय शर्मा ने अभियान के दौरान किए जाने वाले प्रमुख कार्यों की जानकारी दी। इनमें नियमित फॉगिंग, लार्वा सर्वेक्षण, जागरूकता रैलियां, स्कूलों में बच्चों को संचारी रोगों के प्रति जागरूक करना, और साफ-सफाई अभियान शामिल हैं। इस अवसर पर जिलाधिकारी मोनिका रानी ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे संचारी रोगों से बचाव के लिए सरकार द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों का पालन करें। उन्होंने कहा, ष्साफ-सफाई के प्रति जागरूक होना और अपने आस-पास स्वच्छता बनाए रखना हमारी जिम्मेदारी है। अपने घरों के आस-पास पानी जमा न होने दें और मच्छरों से बचने के उपायों को अपनाएं।

जनसहभागिता के बिना इस अभियान को सफल बनाना संभव नहीं है। इस अवसर पर जिला स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सूचना अधिकारी बृजेश सिंह, जिला मलेरिया अधिकारी प्रेम प्रकाश, डीसीपीएम मो. राशिद, मो. हारून सहित शिक्षा विभाग, आईसीडीएस, यूनिसेफ, नगरपालिका, सूचना विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## संकट में सोयाबीन

उन्नीसवीं सदी में चीन से जब सोयाबीन के बीज भारत आए तो उन्हें सबसे पहले मध्यप्रदेश की जमीन पर लगाया गया और देखते–ही–देखते यहां के किसानों ने सोयाबीन को अपना लिया। सबसे ज्यादा पैदावार के कारण राज्य को सोया–प्रदेश पुकारा जाने लगा, लेकिन आज इसी मध्यप्रदेश में कई किसान इसे छोड़ने तक की बात करने लगे हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि सोयाबीन के भाव आज भी दस साल पुराने हैं। कई इलाकों में किसान सोयाबीन की अपनी फसल को उखाड़ रहे हैं। वे अब सोयाबीन के अगले सीजन का इंतजार भी नहीं करना चाहते, क्योंकि उन्हें पिछले साल की फसल के दाम भी श्न्यूनतम समर्थन मूल्यश् (एमएसपी) से करीब डेढ़ हजार रुपए कम मिल रहे हैं। दलहन की इस अहम फसल को लेकर किसान कई तरह की परेशानियों का सामना कर रहे हैं। सबसे पहली परेशानी है कि सोयाबीन की लागत और मंडी में मिल रहे भाव में लगातार बढ़ रहा अंतर और दूसरी परेशानी है, सोयाबीन की उपज में लग रहे कीट जो उत्पादन को लगातार प्रभावित कर रहे हैं। आंकड़े बताते हैं कि पिछले कुछ वर्षों में सोयाबीन का उत्पादन गिरा है। इसकी वजह मौसमी बदलाव, कम जागरुकता और घटिया बीज–खाद–दवाएं भी हैं। इंदौर जिले के गवलीपलासिया गांव के किसान रुपनारायण पाटीदार ने अपनी 13 बीघा जमीन पर लगी सोयाबीन की फसल पिछले दिनों उखाडकर फेंक दी। वे कहते हैं कि बीते साल भी सोयाबीन का अच्छा भाव नहीं मिला था और उन्हें इस बार अपनी फसल से बहुत उम्मीद थी, लेकिन इस बार कमजोर बीज और खराब मौसम ने इन उम्मीदों पर पानी फेर दिया। सोयाबीन के पौधे काफी बढ़े, लेकिन इनमें फलियां नहीं आईं। इसी तरह मंदसौर जिले के गरोठ तहसील में रहने वाले किसान कमलेश पाटीदार ने भी अपनी दस बीघा जमीन में लगी सोयाबीन पर ट्रैक्टर चला दिया। उन्होंने अपनी डेढ़ क्विंटल सोयाबीन पिछले दिनों मंडी में बेची तो दाम केवल 3800 रुपए प्रति क्विंटल ही मिले। वे दाम बढ़ने का इंतजार कर रहे थे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। ऐसे में फसल को तैयार करके मंडी तक ले जाने में काफी खर्च आता और यह खर्च उनकी लागत को नहीं पाट सकता था। मध्यप्रदेश में सोयाबीन की खेती पचास लाख हैक्टेयर से अधिक जमीन पर की जाती है, लेकिन ज्यादातर इलाकों से किसानों की परेशानी की खबरें आ रही हैं। प्रदेश के तकरीबन सभी हिस्सों में श्पीला मोजेकश् रोग सोयाबीन के लिए नुकसानदेह साबित हो रहा है। इसके अलावा पिछले दिनों हुई अनियमित बारिश भी फसल के लिए प्रतिकूल साबित हुई है। इसके चलते फसल में कीट लगे हैं जो फूल को काफी पहले गिरा देते हैं। किसानों के मुताबिक खेतों में फसल तो खड़ी नजर आ रही है, लेकिन यह बांझ फसल है जो किसी तरह से उनके काम की नहीं है। सोयाबीन के कम दाम को लेकर किसानों की नाराजगी को गलत नहीं कहा जा सकता। साल 2014 में मंडियों में सोयाबीन अधिकतम 4400 रुपए प्रति क्विंटल के दाम पर बिक रहा था और आज की स्थिति में मध्यप्रदेश की ज्यादातर मंडियों में सोयाबीन के भाव 3400 से 4400 रुपए प्रति क्विंटल के बीच झूल रहे हैं। ऐसे में यह तथ्य भी दिलचस्प है कि केंद्र सरकार ने श्खरीफविपणन सत्र 2024–25 के लिए सोयाबीन का एमएसपी 4,892 रुपए प्रति क्विंटल तय किया है, यानी राज्य के किसान एमएसपी से काफी कम दाम पर सोयाबीन बेचने को मजबूर हैं। एक बीघा में तीन से चार क्विंटल उत्पादन ही होता है।

# भारत में आतंक को महिमामंडित करती इस्लामिक शक्तियां

–डॉ. मयंक चतुर्वेदी



**इन प्रदर्शनों का दुखद पक्ष यह है कि भारत के नाबालिगों को भी बरगलाया जा रहा है, उनके दिमाग में मजहबी, जिहादी जहर भरा जा रहा है, इसलिए प्रदर्शन कर रहे ये छात्र कहते पाए गए कि "अब हर घर से हिजबुल्लाह निकलेगा।"आज जमात-ए-इस्लामी हिंद (जेआईएच) के अध्यक्ष सैयद सदातुल्लाह हुसैनी भी इस आतंकवादी के मारे जाने पर दुख जता रहे हैं और कह रहे हैं, फ़हम लेबनान के शहर बेरूत पर अंधाधुंध और बर्बर हवाई हमलों के लिए इजरायल की कड़ी निंदा करते हैं, जिसमें हिज्बुल्लाह प्रमुख हसन नसरल्लाह सहित 40 से अधिक लोग मारे गए। सैयद सदातुल्लाह आतंकवादी संगठन 'हिज्बुल्लाह' प्रमुख के मारे जाने पर पूरी दुनिया को जिनेवा कन्वेंशन की याद दिला रहे हैं और कह रहे हैं कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय और संयुक्त राष्ट्र मिडिल ईस्ट में इस आगजनी को रोकें। जेनेवा समझौता के लिए देखें -(संयुक्त राष्ट्र न्यायिक वर्ष पुस्तिका, 1972) जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) प्रमुख महबूबा मुफ़्ती ने राज्य में चल रहे अपने चुनाव प्रचार को रद्द कर दिया है।**

आतंकवाद एक प्रकार की हिंसात्मक गतिविधि है। अगर कोई व्यक्ति या कोई संगठन अपने आर्थिक, राजनीतिक एवं विचारात्मक लक्ष्यों की प्रतिपूर्ति के लिए देश या देश के नागरिकों की सुरक्षा को निशाना बनाए, तो उसे आतंकवाद कहते हैं। गैर-राज्यकारकों द्वारा किये गए राजनीतिक एवं वैचारिक हिंसा भी आतंकवाद की ही श्रेणी में आती है।''आतंकवाद, राजनीतिक कार्रवाई है, जिसमें किसी राष्ट्र के शासन और उसकी जनता को भय और मनोबल से गिराने के लिए असाधारण हिंसक साधनों का प्रयोग किया जाता है।'' (आतंकवाद क्यूबा कनेक्शन, रोजर डब्ल्यू. फॉनटेन, 1988, पृ. 4)। आतंकवाद की दी गई इस परिभाषा के साथ हम यूएन द्वारा परिभाषित की गई आतंक के अर्थ को भी समझ लेते हैं।

संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, ''आतंकवाद कोई भी ऐसा कार्य है जिसका उद्देश्य किसी नागरिक को या सशस्त्र संघर्ष की स्थिति में शत्रुता में सक्रिय भाग नहीं लेने वाले किसी अन्य व्यक्ति को मृत्यु या गंभीर शारीरिक चोट पहुंचाना हो, जब ऐसे कार्य का उद्देश्य, अपनी प्रकृति या संदर्भ के अनुसार, जनसंख्या को डराना हो या किसी सरकार या अंतरराष्ट्रीय संगठन को कोई कार्य करने या न करने के लिए बाध्य करना हो।'' संयुक्त राष्ट्र (1999) आतंकवाद के वित्तपोषण के दमन के लिए अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन अनुच्छेद 2 (बी) संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 9 दिसंबर 1999 को संकल्प 54/109।

अब आप इन दोनों ही परिभाषाओं के आधार पर 'हिज्बुल्लाह' को रखिए; यह सर्वविदित है कि यूरोपीय संघ ने 22 जुलाई 2013 को हिजबुल्लाह के सैन्य विंग को एक आतंकवादी संगठन के रूप में नामित किया था। 'हिज्बुल्लाह' को संयुक्त राज्य अमेरिका और कई अन्य देशों द्वारा एक आतंकवादी संगठन के रूप में चिन्हित किया गया है। लेबनान पर इजरायली आक्रमण के जवाब में 1982 में गठित हिज्बुल्लाह स्वयं को (अल्लाह की पार्टी) कहता है। हिज्बुल्लाह की अर्धसैनिक शाखा जिहाद परिषद है। यह समूह इजरायल के खिलाफ संघर्ष में फिलिस्तीनी अस्वीकृति समूहों का भी समर्थन करता है और इराक में पश्चिमी हितों पर हमला करने वाले इराकी शिया उग्रवादियों को प्रशिक्षण प्रदान करता है। अपने निर्माण काल से लेकर अब तक ये संगठन इजरायल, अमेरिका समेत अपने दुश्मन देशों के खिलाफ कई अटैक कर चुका है, इसलिए ये एक आतंकवादी संगठन के रूप में अपनी पहचान रखता है । अभी तक न जाने कितने निर्दोष लोगों को ये आतंकी संगठन मौत के घाट उतार चुका है। दरअसल, ये है 'हिज्बुल्लाह' का वह परिचय जोकि सबसे पहले सभी को जानना आवश्यक है। अब इस आतंकवादी संगठन 'हिज्बुल्लाह' के चीफ 'हसन नसरल्लाह' को इजरायल ने लेबनान की राजधानी बेरूत पर एयर स्ट्राइक कर मार गिराया। स?वभावित तौर पर अब यही माना जाना चाहिए था कि चलो, अनेक लोगों के जीवन में शांति आएगी, जिन लोगों को 'हसन नसरल्लाह' के कहने पर मौत के घाट उतारा गया था, उनके परिवार जन को भी यह सांत्वना मिलेगी कि आखिरकार एक आतंकी, उनके दुश्मन का अंत हुआ, लेकिन यह क्या देखने में आ रहा है? जिनके हित 'हसन नसरल्लाह' के साथ जुड़े थे, उनका दुखी होना तो समझ आता है, पर भारत में हसन नसरल्लाह की मौत के बाद कई संगठनों, राजनीतिक पार्टियों एवं अन्य लोगों का दुखी होना और विरोध स्वरूप सड़कों पर उतरना समझ नहीं आ रहा है! यदि इतने ही ये मानवाधिकार के संरक्षक हैं तब फिर ये बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचारों पर चुप क्यों रहे? जम्मू-कश्मीर के बडगाम की सड़कों पर लोग प्रदर्शन करते दिखे । वे हाथों में नसरल्लाह के पोस्टर लिए हुए थे । ऐसा ही एक प्रदर्शन श्रीनगर के पुराने शहर में देखने को मिला, इसी प्रकार से राज्य के अन्य इलाकों में भी विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं।

इन प्रदर्शनों का दुखद पक्ष यह है कि भारत के नाबालिगों को भी बरगलाया जा रहा है, उनके दिमाग में मजहबी, जिहादी जहर भरा जा रहा है, इसलिए प्रदर्शन कर रहे ये छात्र कहते पाए गए कि ''अब हर घर से हिजबुल्लाह निकलेगा।''आज जमात-ए-इस्लामी हिंद (जेआईएच) के अध्यक्ष सैयद सदातुल्लाह हुसैनी भी इस आतंकवादी के मारे जाने पर दुख जता रहे हैं और कह रहे हैं, ÷हम लेबनान के शहर बेरूत पर अंधाधुंध और बर्बर हवाई हमलों के लिए इजरायल की कड़ी निंदा करते हैं, जिसमें हिज्बुल्लाह प्रमुख हसन नसरल्लाह सहित 40 से अधिक लोग मारे गए। सैयद सदातुल्लाह आतंकवादी संगठन 'हिज्बुल्लाह' प्रमुख के मारे जाने पर पूरी दुनिया को जिनेवा कन्वेंशन की याद दिला रहे हैं और कह रहे हैं कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय और संयुक्त राष्ट्र मिडिल ईस्ट में इस आगजनी को रोकें। जेनेवा समझौता के लिए देखें -(संयुक्त राष्ट्र न्यायिक वर्ष पुस्तिका, 1972) जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) प्रमुख महबूबा मुफ़्ती ने राज्य में चल रहे अपने चुनाव प्रचार को रद्द कर दिया है। पीडीपी चीफ महबूबा मुफ्ती ने साफ कहा कि अपना राजनीतिक अभियान रद्द वे इसलिए कर रही हैं, क्योंकि हिज्बुल्लाह ने पुष्टि की है कि इजरायल ने उसके प्रमुख हसन नसरल्लाह को मार दिया है। जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री ने दावा किया कि वह लेबनानी और फिलिस्तीनी नागरिकों के साथ एकजुटता में खड़ी हैं। लेबनान में इजरायली हमले में मारे गए नसरल्लाह के समर्थन में जम्मू-कश्मीर के बडगाम में लोगों ने रैली भी निकाली। जिसमें बड़ी तादाद में महिलाएं भी शामिल हुईं। इसी तरह से श्रीनगर से सांसद और जम्मू कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता रुहुल्ला मेंहदी ने हिज्बुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह की मौत पर शोक जताते हुए चुनाव प्रचार रोक दिया। उन्होंने हसन नसरल्लाह की मौत को बड़ा नुकसान बताया है।

## विचार

# महाराष्ट्र : गाय के सहारे एनडीए



अभी दो दिन पहले ही केन्द्रीय निर्वाचन आयुक्त ने 26 नवम्बर के पहले महाराष्ट्र में विधानसभा की चुनावी प्रक्रिया पूरी करने का ऐलान कर संकेत दिये हैं कि जल्दी ही इसकी तारीखों की घोषणा होगी, वहीं सोमवार को महाराष्ट्र सरकार ने गाय को राज्य माता का दर्जा देने के आदेश जारी कर दिये हैं जो एक तरह से उनकी सुरक्षा और सम्मान के प्रति कटिबद्धता को दर्शाता है। मामला गौवंश के संरक्षण का कम और उसका राजनैतिक लाभ लेने का इरादा ज्यादा नजर आता है।

प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी, शिवसेना का एकनाथ शिंदे धड़ा और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का अजित पवार घटक नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस के नाम से मिलकर सरकार चला रहा है। अब एनडीए किस प्रकार आगामी विधानसभा चुनाव लड़ता है, यह देखने की बात होगी, तो वहीं दूसरी ओर कांग्रेस, शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट और एनसीपी का शरद पवार के नेतृत्व वाला दल महाविकास आघाड़ी (एमवीए) के बैनर तले एकजुट हैं। ये दोनों ही गठबन्धन लोकसभा चुनाव में भी आमने-सामने थे जिसमें एमवीए को बढ़त मिली थी। इसके अलावा अनेक ऐसे तथ्य हैं जो विधानसभा चुनाव में इस प्रदर्शन को दोहराने का संकेत दे रहे हैं। सत्ता जाने के डर से एनडीए गाय को भी इस उम्मीद में चुनावी मैदान में ले आई है कि उसकी पूंछ पकड़कर वह सियासी वैतरणी को पार कर ले।

उल्लेखनीय है कि महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी ने ऑपरेशन लोटस चलाकर उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में चल रही सरकार को पलट दिया था। इसके लिये उसने एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में शिवसेना के कुछ विधायकों और ऐसे ही एनसीपी के कुछ विधायकों को अजित पवार के नेतृत्व में तोड़ा था। शिंदे मुख्यमंत्री बने तथा अजित पवार और खुद भाजपा के देवेन्द्र फड़नवीस को उप मुख्यमंत्री बनाया गया जो कि पहले सीएम थे। इस तरीके से भाजपा को सरकार बनाने में सफलता तो मिल गयी लेकिन जनता का समर्थन उसने खो दिया। लोगों की निगाहों में असली शिवसेना उद्धव गुट वाली है और शरद पवार के पास जो हिस्सा है वही असली एनसीपी है।

उद्धव ठाकरे के प्रति लोगों में इस प्रकरण के चलते बहुत सहानुभूति है। सरकार चलाने के बाद भी एनडीए जनता की नजरों से गिर चुकी है। इसी कारण से उसे लोकसभा में सीटें कम मिल सकीं। मजबूत इंडिया और उसके बरक्स कमजोर होता एनडीए भाजपा के लिये बहुत बड़ा संकट है। भाजपा अपना मुख्यमंत्री बनाने में नाकामयाब रही है। दूसरी ओर शिंदे फिर से सीएम बनने पर आमादा हैं तो वहीं पवार घात लगाये बैठे हैं कि वे कैसे यह पद पा सकें। अजित पवार को लेकर भाजपा के सामने अधिक दुविधा है। भाजपा की नियामक संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का मानना है कि अजित पवार को साथ लेकर भाजपा ने बड़ी गलती की है। उसके अनुसार भ्रष्टाचार के कारण अजित की छवि जनता में बहुत खराब है। इसके कारण लोग भाजपा से नाराज हैं। दूसरी तरफ भाजपा इस स्थिति में नहीं है कि वह अजित को चलता कर सके। शरद पवार के भतीजे अजित भाजपा के लिये परेशानी का सबब हैं। हाल ही में उन्होंने बयान दिया था कि बारामती से उन्होंने शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले के खिलाफ अपनी पत्नी को चुनाव में खड़ा कर बड़ी गलती की है।

उन्होंने इसे अपने ही परिवार को तोड़ने का कृत्य बतलाया था। इससे जनता में यह संकेत गया है कि वे पार्टी में वापसी कर सकते हैं। हालांकि अब तक उन्होंने ऐसा कोई कदम तो नहीं उठाया है और न ही इसके कोई स्पष्ट संकेत दिये हैं, लेकिन उनके बयान को इसी तरह से लिया गया है। दूसरी तरफ इंडिया गठबन्धन के सहयोगियों के रूप में कांग्रेस, उद्धव एवं पवार मजबूती के साथ खड़े हैं। जब से इंडिया का गठन हुआ है, ये दोनों धड़े कांग्रेस के साथ हैं। इन तीनों दलों (कांग्रेस, उद्धव ठाकरे की शिवसेना तथा शरद पवार की एनसीपी) की एकजुटता एनडीए की परेशानी का सबसे बड़ा कारण है। एनडीए की तरह यहां सीएम के चेहरे को लेकर कोई द्वंद्व भी नहीं है। यहां तक कि इंडिया की एक बैठक में स्वयं उद्धव ने घोषणा कर दी थी कि उस वक्त मौजूद शरद पवार और कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले चाहें तो अभी किसी को मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित कर सकते हैं। वे हर हाल में इंडिया के साथ हैं। शिंदे सरकार द्वारा महाराष्ट्र के विकास को जिस प्रकार से सरकार द्वारा अवरूद्ध कर दिया गया है, वह भी चर्चा में है। महाराष्ट्र की कुछ परियोजनाओं को या तो गुजरात ले जाया जा रहा है अथवा वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कारोबारी मित्रों-गौतम अदानी एवं मुकेश अंबानी को सौंपे जा रहे हैं। इससे भी जनता में भारी नाराजगी है। महाराष्ट्र में भाजपा इस कदर भयभीत है कि सम्भवतः इसी कारण से भाजपा के इशारे पर चुनाव आयोग ने यहां जम्मू-कश्मीर तथा हरियाणा के साथ चुनाव नहीं कराये। वरना श्एक देश एक चुनावश् का नारा देने वाली भाजपा और उसकी सरकार कम से कम चार राज्यों के चुनाव तो एक साथ करा ही सकती थी।

## लेबनान की त्रासदी को समझें

**जयशंकर गुप्त**

इजराइली हमलों और खासतौर से फिलीस्तीनी मुक्ति के लिए संघर्षरत हथियारबंद संगठन हिजबुल्ला के प्रमुख हसन नसरल्लाह की हत्या के बाद पश्चिम एशिया में मिश्रित आबादी वाला देश लेबनान एक बार फिर सुर्खियों में है। ईरान सहित कुछ अन्य मुस्लिम देशों की प्रतिक्रिया और जवाबी हमलों की चेतावनी के मद्देनजर इलाके में हिंसा और रक्तपात और बढने की आशंका बढ़ गई है। इजराइल की योजना लेबनान और उसकी खूबसूरत राजधानी बेरुत को भी गजा बना देने की लगती है जहां आए दिन फिलीस्तीनियों के नरसंहार की खबरें आते रहती हैं।

लेबनान की सेना ने एक बयान जारी कर कहा है कि पिछले दो सप्ताह में इजराइली हमलों में 1030 लोग मारे गए हैं जिनमें 156 महिलाएं और 87 बच्चे हैं। यह संख्या बढ़ते ही जा रही है। लेबनान या इसके कुछ इलाकों पर अड्डा जमाए हिजबुल्ला के ठिकानों पर हमलों से लगता है कि लेबनान भी कोई मुस्लिम देश है। यह सच है कि वहां आधी से अधिक आबादी शिया और सुन्नी मुसलमानों की ही है लेकिन वहां बड़ी आबादी अलग-अलग सेक्ट के ईसाइयों की भी है। इसे हमने हम ग्लोबल मार्च टू येरुशलम के बैनर तले लेबनान में जाकर महसूस किया। हम लोग समुद्री जहाज से लेबनान की राजधानी बेरुत पहुंचे थे। लेबनान की यात्रा के रोचक और रोमांचक अनुभवों को हमने अपनी सद्य प्रकाशित पुस्तक दो डग देखा जग में विस्तार से साझा किया है। यहां हम लेबनान के इतिहास, भूगोल, वहां के सामाजिक जीवन, समावेशी लोकतंत्र से लेकर अपनी रोमांचक यात्रा के कुछ अंश साझा कर रहे हैं। लेबनान पूर्व में सीरिया तथा दक्षिण में इजराइल की सीमा से लगा मिश्रित सभ्यता और संस्कृतियों का छोटा सा देश है। उसे मध्यूपर्व यानी पश्चिमी एशिया में व्यापार का एक महत्वपूर्ण केंद्र कहा जा सकता है। अपनी आजादी से पहले 1943 तक लेबनान फ्रेंच साम्राज्य का उपनिवेश भी रहा। इसके अवशेष आज भी यहां जनजीवन पर साफ दिखते हैं। लेबनान और इसका तकरीबन पांच हजार साल पुराना और विकसित राजधानी शहर बेरुत दशकों तक युद्ध-गृह युद्धों और प्राकृतिक आपदाओं की विभीषिका झेलता रहा है। इस लिहाज से देखा जाए तो लेबनान मध्य पूर्व यानी पश्चिम एशिया में सबसे जटिल और बंटे हुए देशों में से एक है। इजराइल के निर्माण के समय और बाद में भी फिलीस्तीन समस्या से जुड़े जो भी विवाद उठे उनमें किसी न किसी रूप में लेबनान भी शामिल रहा है। 1975 से लेकर नब्बे के दशक तक लेबनान ने एक जबरदस्त गृह युद्ध देखा, जहां क्षेत्रीय ताकतों, विशेषकर इजराइल, सीरिया और फिलीस्तीनी मुक्ति संगठनों ने लेबनान को अपने झगड़े सुलझाने के लिए लड़ाई के मैदान के तौर पर इस्तेमाल किया।



कई मोड़ो से गुजरकर
अब लक्ष्य को पहचाना है,
राहों में डगमगाये कदम, लेकिन हार कहाँ माना है।
आँधी, तूफानों, काँटों ने भी रोकने की कोशिश की,
हौसले, हिम्मत के पर खोलकर,
दिन-रात मेहनत की।
अंधेरों में उम्मीद की किरण, यही मंजिल का ठिकाना है,
इसी रास्ते से गुजरकर, सफलता के दरवाजे को पाना है।
अंगारों पर चल, खुद से है लड़,
आसमां में गूंजे, ज़िद की पहल,
भरोसा रख, सूरज की तरह चमकेगा, आज नहीं तो कल।।
कई मोड़ो से गुजरकर, अब लक्ष्य को पहचाना है।।...

**अंजली चौरसिया**
**टेहरका निवारी (मध्य प्रदेश )**



## राशिफल

**मेषः-** कोई भी महत्त्वपूर्ण निर्णय न लें। संबंधियों से मनमुटाव हो सकता है। वाणी पर संयम रखें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मानहानि एवं धनहानि से बचें।

**वृषभः-** मन को स्थिर रखने की सलाह गणेशजी देते हैं, क्योंकि अर्निणय की मनोदशा से अवसर गवां सकते हैं। प्रवास का आयोजन टाल दें। नए कार्य प्रारंभ न करें।

**मिथुनः-** लक्ष्मीजी की कृपा से दिन लाभदायी होगा। उत्तम भोजन, सुंदर वस्त्र व अपनों के साथ से दिन आनंददायी होगा। धन अधिक व्यय न करें।

**कर्क :-** आज का दिन शुभ और फलदायी होगा। महत्त्वपूर्ण निर्णय न लेने की सलाह है। यात्रा के योग हैं। लेखनकार्य के लिए अच्छा दिन है। महिला के साथ विवाद में न उतरें।

**सिंहः-** आज का दिन लाभदायी है। मित्रों से लाभ और पर्यटन की संभावना है। हाथ आया अवसर जा सकता है, इसलिए निर्णय टाल दें। व्यापार एवं आर्थिक लाभ के योग हैं।

**कन्याः-** आज दिन शुभ है। नए कार्य संपन्न होंगे। व्यापारी व नौकरीपेशा लोगों के लिए समय अच्छा है। व्यापार में लाभ व नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। पिता से लाभ होगा।

**तुलाः-** व्यावसाय में लाभ की संभावना है ऐसा गणेशजी कहते हैं। नौकरी व व्यापार में सहकर्मियों से सहयोग नहीं मिलेगा। लंबी यात्रा का आयोजन हो सकता है। अस्वस्थ रहेंगे।

**वृश्चिकः-** आज शांति व सावधानीपूर्वक रूप से रहने की गणेशजी की सलाह है। नए कार्यों में असफलता के योग हैं। क्रोध पर संयम रखें।

**धनुः-** आज का दिन आनंदपूर्वक बीतेगा। सहवास का आनंद मिलेगा। प्रवास, पर्यटन होगा। लेखनकार्य के दिन अनुकूल है। साझेदारी से लाभ होगा।

**मकरः-** व्यापार में विकास के लिए आज का दिन लाभकारी रहेगा। धन के लेनदेन में सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। घर में सुख-शांति का वातावरण बना रहेगा।

**कुंभः-** आप की वाणी व विचारों में शीघ्र परिवर्तन होगा। बौद्धिक चर्चा में शामिल होंगे। आकस्मिक खर्च की आशंका है। पाचन न होने जैसी बीमारियों से परेशान होंगे।

**मीनः-** गणेशजी कहते हैं कि आप में उत्साह व स्फूर्ति की कमी होगी। परिजनों के साथ विवाद न करें। अस्वस्थ महसूस करेंगे। नौकरी में चिंता रहेगी। धन व कीर्ति की हानि न हो ध्यान रखें।

# अनुशासन के लिए वर्तमान में गांधी के एकादश महाव्रत की जरूरी

**महात्मा गांधी की जयंती (2 अक्टूबर) पर विशेष**

डॉ. लोकेश कुमार



महात्मा गांधी ने कहा था कि 'मेरा जीवन ही मेरा संदेश है।' इसमें दो राय कभी नहीं रही कि गांधी जैसे थे, वैसे ही उनके विचार थे। उनकी कथनी-करनी में लेशमात्र अंतर नहीं था। महात्मा गांधी का जन्म 2 अक्टूबर, 1869 को गुजरात के पोरबंदर में हुआ था। उन्होंने अपना जीवन एक संत की तरह व्यतीत किया। विनोबा भावे एक दिन महात्मा गांधी से राजनीति के गुर सीखने के भाव से आश्रम में आए। इस दौरान महात्मा गांधी आश्रम में भोजन के लिए सब्जी काट रहे थे।

बापू कभी भी किसी काम को छोटा या बड़ा नहीं समझते थे। उनको देख कर विनोबा को बड़ा आश्चर्य हुआ, जिस व्यक्ति ने देश की राजनीति को नया रूप प्रदान किया है। जिसके पीछे पूरा देश चल रहा है। जिसकी एक आवाज पर लाखों लोग मरने-मारने के लिए आतुर हो सकते हैं। वह व्यक्ति साधारण आदमी की तरह सब्जी काटने में व्यस्त हैं। गांधी का विराट व्यक्तित्व देखकर यही कह पाए कि मुझे भी देश की सेवा करने का दायित्व दीजिए। गांधी ने उस समय यही कहा कि अभी मेरे पास सब्जी काटने का कार्य है। गांधी के वाक्य के अनुसार ही विनोबा भावे ने अपना जीवन आश्रम की सेवा में लगा दिया। इससे लगता है कि गांधी के सम्पर्क में जो भी आया, वह गांधी के कार्यों व विचार का शिष्य बनकर उनके पीछे चल दिया। महात्मा गांधी ने मनुष्य को अनुशासन में रहने के लिए एकादश महाव्रत अपनाने पर बल दिया। उनका मानना था कि जीवन अनुशासित रखने के लिए एकादश महाव्रत अत्यंत आवश्यकता है। एकादश महाव्रत को गांधी ने नैतिक नियमों की मान्यता दी।

1. **सत्य :-** विश्व के सभी धर्मों में सत्य बोलने की बात कही गई। संत कबीर कहते थे कि 'सांच बराबर तप नहीं, झूठ बराबर पाप। जाके हिरदै सांच हैं, ताकै हृदय आप।' अर्थात सच बोलने जैसी तपस्या कहीं नहीं होती है और झूठ बोलने जैसा पाप कहीं नहीं होता है। जिसके दिल में सच है, जो सच्चाई के राह पर चलता है, उसी की दिल में भगवान बसते हैं। इसको आगे बढ़ाते हुए महात्मा गांधी का मानना था कि सत्य सूर्य के प्रकाश के समान लाख गुणा प्रखर है। वे सत्य व अहिंसा को एक सिक्के के दो पहलू मानते थे। अहिंसा की अपेक्षा वे सत्य को अधिक महत्व देते थे। गांधी के मत में केवल सत्य बोलना ही निष्ठा का प्रमाण नहीं है।

2. **अहिंसा :-** दुनिया भर के धर्मों में अहिंसा का महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। श्लोक 'अहिंसा परमो धर्मः धर्म हिंसा तथैव चः।' अर्थात अहिंसा सबसे बड़ा धर्म है। परंतु धर्म की रक्षा के लिए हिंसा भी वैसा ही धर्म है। यह श्लोक महाभारत के अनुशासन पर्व से लिया गया है। महात्मा गांधी भी इस सिद्धांत का पालन करते हुए कहते थे कि अहिंसा मनुष्य को शक्तिशाली और दृढ़ बनाती है। अहिंसा संसार के उन महान सिद्धांतों में से हैं, जिसे दुनिया की कोई ताकत मिटा नहीं सकती। वे कहते थे कि ' मेरे जैसे हजार लोग मर जाएं, लेकिन अहिंसा कभी नहीं मर सकती । उनका दृढ़ विश्वास था कि अहिंसा नामक तलवार आपके हाथ में है तो विश्व की कोई भी शक्ति आपको अपने अधीन नहीं ले सकती। अहिंसा ही विश्व में शांति स्थापित करा सकती है।

3. **अस्तेय :-** योग , दर्शन, उपनिषदों, महाभारत, जैन और बौद्ध धर्म के दर्शनों में अस्तेय के पालन करने का उपदेश दिया गया है। महात्मा गांधी भी अस्तेय पर जोर देते हुए कहते थे कि नैतिक उत्थान के लिए अस्तेय का पालन करना आवश्यक है। अस्तेय का सामान्य अर्थ है -चोरी नहीं करना और दूसरे की वस्तु की आकांक्षा भी नहीं करना। किसी वस्तु को लावारिस समझ लेना भी चोरी के श्रेणी में आता है। वे शारीरिक, मानसिक और वैचारिक चोरी को भी अस्तेय मानते थे। यह मनुष्य की आत्मा को पतन की ओर ले जाती है।

4. **अपरिग्रह :-** महात्मा गांधी अपरिग्रह को महत्वपूर्ण मानते हुए कहते थे कि 'मानव जीवन को अच्छे तरीके से चलाने के लिए इसकी अत्यंत आवश्यकता है। उनका मानना था कि अपरिग्रह के सिद्धांत का पालन न केवल धन और वस्तुओं के सम्बंध में ही वरन विचारों के सम्बंध में भी होना चाहिए। उनके मतानुसार जो विचार अहिंसा, सत्य ईश्वरोपासना और नैतिक एवं आध्यात्मिक मूल्यों के खिलाफ है और उनकी प्राप्ति व वृद्धि में सहायक नहीं होते उनका संचय करना ही अपरिग्रह का उल्लंघन है। इसके लिए मनुष्य को अपने मन से ऐसे विचारों को निराकरण करना चाहिए।

5. **ब्रह्मचर्य :-** महात्मा गांधी ने भी ब्रह्मचर्य के पालन को महत्वपूर्ण स्थान दिया है। उनका मानना था कि मनुष्य का आचरण उसकी आंतरिक दशा का तत्काल पता और प्रमाण देता है। जिसने अपनी काम-वासना को त्याग दिया हो। वह किसी भी रूप में कभी भी उसका दोषी नहीं पाया जा सकता। कितनी भी सुन्दर स्त्री हो वह उस व्यक्ति को कभी आकर्षित नहीं कर पाएगी।

6. **अस्वादः-** अस्वाद का ब्रह्मचर्य के साथ नजदीकी सम्बंध रहा है। गांधी का मानते थे कि यह ब्रह्मचर्य का प्रथम सोपान है। इसके पालन के बिना ब्रह्मचर्य का पूर्णरूपेण पालन करना असंभव है। अस्वाद वास्तव में व्यक्तिगत व्रत है, लेकिन इसका समाज पर कोई प्रत्यक्ष प्रभाव नहीं पड़ता है। जो मनुष्य अपने जीवन में जितना अधिक आत्म संयम रखता है, वह इस व्रत का उतना ही पालना करता है।

7. **अभयः-** अभय का अर्थ ̄ सभी प्रकार के ब्राह्य भय से मुक्ति, यथा- बीमारी, शारीरिक क्षति या मृत्यु का भय, प्रियजनों से बिछुड़ने का भय, प्रतिष्ठा हानि या अपमान का डर आदि-आदि। गांधी का कहना था कि मनुष्य को केवल ईश्वर से भय खाना चाहिए। उनके अनुसार अभय का अर्थदम्भ या आक्रामक व्यवहार नहीं है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
( *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# हाईस्पीड लाउड स्पीकर बजने पर रखी जाए नजर : डीएम

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

आगामी धार्मिक उत्सवों नवरात्रि, दशहरा, मूर्ति विसर्जन, दीपावली आदि शांतिपूर्ण मनाए जाने के दृष्टिगत जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि त्यौहारो को आपसी भाईचारे, परंपरागत और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाया जाए। जनपद गंगा-जमुनी तहजीब के लिए जाना जाता है इसे बनाए रखे। धार्मिक स्थलों पर व्यापक साफ सफाई अभियान चलाया जाए। साथ ही सुरक्षा का भी पूरा ध्यान रखा जाए। धार्मिक उत्सवों में प्रयोग किये जाने वाले वाहनों की मॉनिटरिंग पहले ही कर ली जाए, जिससे किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके।

> किसी भी प्रकार के संवेदनशील फेक आडियो, वीडियो और फोटो आदि को ना करे वायरल

जो भी माहौल को बिगाड़ने का प्रयास करे उसकी सूचना तुरंत प्रशासन को दे। त्योहारों के समय लाउड स्पीकरों से बजने वाले संगीतो पर भी कड़ी नजर रखी जाए। कोई भी व्यक्ति या समुदाय अभद्र गीत संगीत का प्रयोग करते हुए ना मिले। डीजे संचालको की सूची तैयार कर ली जाए।उनके साथ बैठक कर उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय के दिये गए ध्वनि संबंधी गाइडलाइन से अवगत करा दिया जाए। कोई भी सार्वजनिक कार्यक्रम करते समय प्रशासन की अनुमति अवश्य ली जाए। परंपरागत तरीके से उत्सव मनाया जाए। किसी भी प्रकार का बदलाव करने से पहले प्रशासन की अनुमति अवश्य ली जाए। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर कड़ी नजर रखी जाए। किसी भी प्रकार के संवेदनशील फेक आडियो, वीडियो और फोटो आदि को वायरल ना करे। ऐसी कोई भी सूचना मिलने पर प्रशासन को तुरंत अवगत कराएं। अराजक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाए। अवैध शराब बनाने वालो पर आबकारी विभाग लगातार कार्यवाही करता रहे। स्वास्थ्य विभाग की टीम अपने -अपने स्वास्थ्य केंद्रों पर हर समय उपस्थित रहे। उन्होंने विद्युत विभाग को निर्देश दिया कि त्यौहारों के बीच विद्युत आपूर्ति होती रहे तथा जो भी विद्युत तार अस्त व्यस्त हो उसे ठीक करा लिया जाए। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति माहौल खराब करने की कोशिश करता है तो पुलिस प्रशासन द्वारा ऐसे व्यक्तियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रशासन हमेशा आपकी मदद के लिए तत्पर है त्योहार को पूरे हर्षोल्लाह के साथ मनाएं और शांति व्यवस्था को कायम रखे।



बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व राम प्रकाश, अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिशिर कुमार, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोईनुल इस्लाम, उपजिलाधिकारी सदर जितेन्द्र सिंह, उपजिलाधिकारी कुलपहाड़ अनुराग प्रसाद, उपजिलाधिकारी चरखारी प्रदीप कुमार सहित समस्त थानो के थाना प्रभारी एवं सभी धर्मों के धर्म गुरु/ समाजसेवी शिवकुमार गोस्वामी, रामजी गुप्ता ,दाऊ तिवारी, डॉ हरगोविंद सिंह, शहर काजी अफाक हुसैन तथा अन्य गणमान्य नागरिक उपस्तिथ रहे।

# एजुकेटर भर्ती के विरोध में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने किया प्रदर्शन

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

यूपी के महोबा जिले की आंगनबाड़ी कार्यकत्री और सहायिकाओं ने एकत्रित होकर कलेक्ट्रेट में नारेबाजी करते हुए अपनी मांगो को लेकर जोरदार प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री को संबोधित 6 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंप समस्यायों के निस्तारण की माँग की है। मुख्यमंत्री को भेजे ज्ञापन में एजुकेटर भर्ती प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग करते हुए आंगनबाड़ी का वेतन 18 हजार और सहायिका का वेतन 9 हजार रुपये करने की मांग उठाई है। अपनी मांगों को लेकर सैकड़ो की संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकत्री प्रदर्शन में शामिल हुई।



दरअसल आपको बता दें कि मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट परिसर में आँगनवाड़ी अधिकार संयुक्त मोर्चा संगठन के बैनर तले एकत्रित हुई सैकड़ों आंगनबाड़ी कर्मचारी एवं सहायिका एसोसिएशन के पदाधिकारी के साथ जिले की आंगनबाड़ी व सहायिका पद पर तैनात महिलाओं ने जिलाधिकारी कार्यालय में ज्ञापन देकर कलेक्ट्रेट में जमकर प्रदर्शन किया,आंगनवाड़ी महिला कर्मचारियों ने प्रदर्शन के दौरान अपनी मांग रखते हुए बताया कि बच्चों को शिक्षा देने हेतु नई एजुकेटर भर्ती की जा रही है, इस भर्ती पर तत्काल रोक लगाने की मांग करते हुए आंगनबाड़ी और सहायिकाओं का वेतन बढ़ाये जाने की मांग उठाई है,प्रदर्शनकारी महिलाओं ने बताया कि विभाग के कार्यों सहित उनसे अन्य विभाग के भी कार्य कराए जाते हैं जिसको लेकर उनका मानदेय बढ़ाया जाना चाहिए।

# एसपी ने रक्तदान करने के लिए लोगों का बढ़ाया मनोबल

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के अवसर पर रक्त केन्द्र महोबा (जिला चिकित्सालय महोबा) में वृहद स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल द्वारा जिला चिकित्सालय परिसर में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचकर इस राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का फीता काटकर शुभारम्भ किया गया।

इस मौके पर महोबा के गणमान्य नागरिकगण एवं विभिन्न सेवा संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। रक्तदान शिविर के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल द्वारा स्वयं अपना रक्तदान किया गया एवं आमजनमानस को इस पुनीत कार्य 'रक्तदान' करने हेतु प्रेरित करते हुए उपस्थित लोगों का मनोबल बढ़ाया गया तथा सभी को रक्तदान करने की शपथ दिलाई गई।



राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के अवसर पर अमर उजाला फाउण्डेशन तथा अन्य स्वयंसेवी संगठनों के पदाधिकारियों द्वारा इस शिविर का आयोजन किया। स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में रक्तदानियों ने स्वेच्छ से रक्तदान हेतु अपना पंजीकरण कराया तथा महादानियों ने अपना रक्तदान किया इस मौके पर पीआरओ पुलिस अधीक्षक अरविन्द सिंह गौर सहित पुलिस विभाग के कर्मचारी के साथ जनपद के प्रबुद्धजन, गणमान्य नागरिक, समाजसेवी स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी क्रमशः मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. पवन कुमार अग्रवाल, रक्त केन्द्र प्रभारी डॉ. राजेश कुमार भट्ट, डॉ. योगेन्द्र सिंह रजावत, रक्त केन्द्र के टेक्निकल सुपरवाइजर शरद चन्द्र, परामर्शदाता नदीम अहमद सहित समस्त टेक्निकल स्टॉफ उपस्थित रहा।

# पुलिस टीम ने अवैध शराब के आरोपी को किया गिरफ्तार

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक महोबा, पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु अवैध शराब की बिक्री, परिवहन एवं निष्कर्षण पर प्रभावी रोक एवं ऐसे क्रियाकलापों में शामिल अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक, वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना महोबकंठ राधेश्याम वर्मा द्वारा संयुक्त पुलिस टीम गठित की गई।

कृष्ण मुरारी मिश्रा के नेतृत्व में गठित प्रथम पुलिस टीम ने अवैध शराब के साथ ग्राम रिवई से 01 नफर अभियुक्त अंगद राजपूत पुत्र टूट्टी राजपूत उम्र 29 वर्ष निवासी ग्राम रिवई थाना महोबकंठ जनपद महोबा को पुलिस हिरासत में लिया गया। जिसके कब्जे से 01 प्लास्टिक की पिपिया में 10 लीटर अवैध कच्ची शराब की बरामदगी की गई है।

राजेश कुमार के नेतृत्व में गठित हुई द्वितीय पुलिस टीम ने अवैध शराब के साथ ग्राम रजौनी से 01 नफर अभियुक्त राहुल राजपूत पुत्र सुरेश राजपूत उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम रजौनी थाना महोबकंठ जनपद महोबा को पुलिस हिरासत में लिया गया। जिसके कब्जे से 01 अदद प्लास्टिक की बोरी में 22 क्वार्टर देशी शराब की बरामदगी की गई है। उक्त अवैध शराब की बरामदगी के सम्बन्ध में अभियुक्तगण उपरोक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही सम्पादित की गई।

## युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**कुरारा।** सोमवार रात एक युवक द्वारा अपने ट्यूबबेल के पास नीम के पेड़ में रस्सी से फंदा डालकर फांसी लगा आत्महत्या कर ली।थाना क्षेत्र के ग्राम बिलौटा निवासी सुघर सिंह निषाद( 24 )जो कि ज्यादातर अपने ट्यूबबेल में ही रहता था। उसने सोमवार रात अपने ट्यूबबेल के पास ही एक नीम के पेड़ में रस्सी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

मृतक के पिता ने बताया कि मृतक शराब का लती था उसके द्वारा एक बार पहले भी आत्महत्या का प्रयास किया जा चुका है। अभी पांच माह पूर्व मृतक का अपने ही गांव में एक लड़की से प्रेम विवाह हुआ था। चौकीदार गौतम की सूचना पर पहुची पुलिस ने फ़ील्फ़ यूनिट को बुला साक्ष्य संकलन किया तत्पश्चात पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



## महिलाओं को सुरक्षा के प्रति आश्वस्त कर योजनाओं के प्रति किया जागरुक

**महोबा।** मिशन शक्ति दीदी अभियान के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में महिलाओं के सशक्तिकरण, स्वावलंबन एवं आत्मनिर्भर बनाने हेतु उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाये जा रहे अभियान के तहत जनपद के प्रत्येक थाने में गठित मिशन शक्ति/एण्टीरोमियों पुलिस टीम द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्रअन्तर्गत स्कूल, कालेज, कोचिंग संस्थान एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों में भ्रमण कर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके विरुद्ध हो रहे विभिन्न अपराध जैसे- सार्वजनिक स्थलो में छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं/अपराधओं को रोकने के लिये एवं ऐसे अपराधों के प्रति आवाज उठाने के लिये उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया। इस दौरान उनकी सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यूपी-112 नम्बर, वूमेन पावर लाइन 1090, यूपी कॉप एप, महिला हेल्प लाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्प लाइन 1076, चाइल्ड हेल्प लाइन 1098, साइबर हेल्पलाइन 1930 इत्यादि के बारे में जानकारियां प्रदान की गई । इस दौरान सभी को अवगत कराया गया कि सभी थानों में उनकी सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है।

## नगर पालिका अध्यक्ष ने किया संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारम्भ

**महोबा।** बुंदेलखंड के महोबा जिले में संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान 2024 का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष महोबा संतोष कुमार चौरसिया के द्वारा मंगलवार को जिला चिकित्सालय में फीता काटकर किया गया। दरअसल आपको बता दें कि कि एक से 31 अक्टूबर तक चलाये जाने वाले इस अभियान के दौरान लोगों को मौसम जनित बीमारियों जैसे टीबी, कुष्ठ रोग, डेंगू, वायरल फीवर सहित अन्य गंभीर बीमारियों से बचाव के बारे जागरूक किया जाएगा। दरअसल आपको बता दें कि शासन के निर्देश पर 01 से 31 अक्टूबर तक चलाये जाने वाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान के दौरान लोगों को मौसम जनित बीमारियों से बचाव प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से जिला अस्पताल परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे नगर पालिका चेयरमेन ने लोगों स्वच्छता के प्रति जागरूक कर शपथ दिलाई।

# दोषी डॉक्टर के खिलाफ कार्यवाही न होने पर पीड़ित ने सीएम से लगायी फरियाद

> डॉ. अंजुल निरंजन ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट दी थी गलत,सीएमओ डॉक्टर के खिलाफ शासन को लिख चुके है पत्र

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

डाक्टर के खिलाफ दोष सिद्ध होने के बाद भी शासन स्तर से कोई कार्यवाही न होने पर पीड़ित ने सीएम से न्याय दिलाने के लिये फरियाद की है। मामले की जानकारी सभी उच्चाधिकारियों को दे दी गयी है।

जानकारी के मुताबिक जलालपुर क्षेत्र के कोपरा गांव निवासी संदीप प्रजापति ने प्रदेश के मुख्यमंत्री से लिखित शिकायत की है कि उसकी गर्भवती बहन को ससुराल वालो ने मारपीट कर हत्या कर दी थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सीएचसी गोहांड के डाक्टर अंजुल निरंजन ने गर्भ होने का कोई जिक्र नही किया था केवल मामूली चोट होने का जिक्र किया था।यही नही जब सीएचसी से गर्भधारण करने के साक्ष्य प्रस्तुत किये गये तो सभी लोग आश्चर्य चकित होगये। संदीप ने बताया कि उसकी बहन के हत्या करने में पति के अलावा सास ससुर दोनो नन्द व देवर थे मगर सीओ जलालपुर पुलिस ने केवल पति व सास ससुर को जेल भेजा है। अन्य लोगो पर कोई कार्यवाही न होने से पुलिस की कार्यप्रणाली में प्रश्नचिंह लग रहा है। इस मामले मे सीओ राठ दोषियों का सहयोग कर रहे है। जब कि सीएमओ डा गीतम सिंह ने शासन को डाक्टर को दोषी मानते हुये उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने को कहा है मगर दो माह व्यतीत हो जाने के बाद भी कोई कार्यवाही नही हुई है। जिससे पीडित को न्याय नही मिल पा रहा है संदीप ने इस मामले की जानकारी प्रदेश के स्वास्थय मंत्री ब्रजेश पाठक को भी लिखित रुप से जानकारी दी है।



## नौकरी लगवाने के बहाने ठगे दो लाख से ज्यादा की रकम, पुलिस से शिकायत

**राठ,हमीरपुर।** रोडवेज परिसर में नौकरी लगवाने के नाम पर दंपति सहित एक व्यक्ति ने 11 लोगों से 2.64 लाख रुपए की ठगी की हुई है। पीड़ितों ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। कस्बे के अतरौलिया मोहल्ला निवासी संतोष कुमार पुत्र श्यामलाल ने पुलिस को बताया कि उनके मोहल्ले में बलिया जनपद के मनियर थाना अंतर्गत पिलुई हथौज गांव निवासी बृजेन्द्र पुत्र रघुनाथ, बृजेन्द्र की पत्नी संगीता व उसी के गांव का अरविंद पुत्र दर्पण सिंह किराए का कमरा लेकर एक साथ तीनों रहते थे। बृजेन्द्र रोडवेज डिपो में परिचालक के पद पर कार्यरत हैं। तीनों ने मोहल्ले के अरविंद, विकास चंद अनिल कुमार ऋषि मनीष हेमेंद्र नौरंगा गांव निवासी आकाश चिकासी निवासी शिवम औड़ेरा निवासी रविंद्र गुलाब नगर निवासी रमाकांत झांसी निवासी भुवनेश को रोडवेज परिसर में नौकरी लगवाने का झांसा दिया। आरोप लगाया कि दंपति सहित अन्य एक व्यक्ति ने उन लोगों से नौकरी लगवाने के नाम से 2.64 लाख रुपए ले लिए। बताया कि उक्त लोग नौकरी दिलवाने के नाम पर हिला हवाली करते रहे और कमरा छोड़ कर भाग गए।

# तंबाकू मिश्रित गुटखा के अवैध कारोबार पर नहीं लग रही रोक

> कुलपहाड़ जैतपुर अजनर सर्किल में बेखौफ जहर बेच रहे गुटखा माफिया
> खाकी और खाद विभाग के गठजोड़ से संचालित तंबाखू मिश्रित गुटखा का अवैध कारोबार

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



जनपद महोबा में शहर सहित कुलपहाड़ सर्किल में धड़ल्ले से तंबाकू मिश्रित गुटके की बिक्री जोरों पर है जिस पर संबंधित खाद्य विभाग और खाकी द्वारा कोई ठोस कार्यवाही अमल में नहीं लाई जा रही है।

तंबाकू मिश्रित गुटखा के अवैध कारोबारियों की पकड़ के आगे सरकारी तंत्र बौने साबित हो रहे हैं ऐसा नहीं है कि प्रशासनिक अधिकारी सहित खाकीधारियो को इस अवैध गोरख धंधे की जानकारी नहीं है लेकिन जानकारी होने के बाद भी संबंधित खाद्य विभाग और पुलिसिया तंत्र खामोशी इख्तियार किए हुए हैं। सूत्रों की माने तो महोबा शहर में रातों रात मध्य प्रदेश से श्रीनगर थाने के रास्ते शहर कोतवाली अंतर्गत धड़ल्ले से गुटका माफिया पिकअप वाहन में तंबाकू में गुटके की बड़ी खेप लाते हैं और सुबह से ही बाजारों में इसकी बिक्री धड़ल्ले से खाकी को भी मुंह चिढ़ाते हुए नजर आते हैं हैरत की बात है कि जहां एक तरफ सरकार तंबाकू छोड़ो जीवन से रिश्ता जोड़ो जैसे मिशन चला रही हो वही जनपद का पुलिसिया तंत्र शहर कोतवाली, कुलपहाड़ थाना, अजनर थाना और पनवाड़ी थाना अंतर्गत धड़ल्ले से अवैध गुटका बेचकर गुटका माफिया तो मालामाल हो रहे हैं लेकिन जनपद के युवाओं को नशे का लती बनाते हुए उच्चतम न्यायालय के आदेशों को भी दरकिनार कर तंबाकू मिश्रित गुटखे की बड़ी खेप को बाजारो में उतारकर धड़ल्ले से संचालित किया जा रहा है जिस पर फिलहाल लगाम लगती नजर नहीं आ रही है। जिले में ज्यादातर थानों में मौजूद कारखासों द्वारा तंबाकू मिश्रित अवैध गुटखा कारोबारी से यारी निभाते हुए और माफियाओं द्वारा समय समय पर इनाम देने के चलते इस अवैध गोरखधंधे पर रोक नहीं लग पा रही है।

# अपना दल नेता की मेहनत लाई रंग,शीघ्र शुरु होगा जरिया छिबौली मार्ग

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

प्रदेश सरकार द्वारा जर्जर हो चुकी सड़कों पर मरम्मत व गढ्ढे भरे जाने का आदेश होने के बाद सरीला क्षेत्र के कई खराब सडकों के सुधरने की आशा जागी है।

जरिया,सरीला . छिबौली मार्ग पर सुधार कराए जाने को लेकर क्षेत्रीय नागरिकों द्वारा लगातार आवाज उठाए जाने और अब विभाग द्वारा टेंडर प्रक्रिया शुरू हो जाने से सरीला तहसील वासियों ने खुशी जाहिर की है अपना दल के नेता की मेहनत रंग ले आयी है। सरीला से जरिया और सरीला से छिबौली रोड कई बर्षो तक जर्जर अवस्था में रहा है तमाम जनप्रतिनिधियों और जिला के आला अधिकारियों के निकलने के बावजूद ध्वस्त हो चुके मार्गो पर स्थानीय नागरिकों और क्षेत्रवासियों द्वारा ढेर सारी शिकायत के बाद भी मार्गो की स्थिति में सुधार नहीं होने पर क्षेत्रवासी लंबे समय से मांग कर रहे थे अपना दल जिलाध्यक्ष महेंद्र राजपूत द्वारा भी समय समय पर मुख्यमंत्री कार्यालय और शासन के



> क्षेत्रीय लोगो ने जाहिर की खुशी,मार्ग में पैदल चलना था दूभर

अधिकारियों को पत्र देकर सड़कों का निर्माण कराए जाने की मांग की गई सड़क मार्गो का मुद्दा शासन तक तो पहुंच गया लेकिन कार्य शुरू न हो पाने से नाराज़ अपना दल जिलाध्यक्ष महेंद्र राजपूत ने पिछले सप्ताह पुनः निर्माण भवन लखनऊ जाकर और मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर सड़क निर्माण जल्द से जल्द करवाने की मांग की थी उन्होंने बताया कि शासन की तरफ से संज्ञान लेकर उक्त मार्गो का काम जल्द से जल्द शुरू करवाने का आश्वाशन विभाग से मिला है और विभाग द्वारा टेंडर की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है सरीला तहसील क्षेत्र की सबसे महत्वपूर्ण जर्जर सड़क मार्ग पर विभाग द्वारा टेंडर प्रक्रिया शुरू किए जाने पर क्षेत्र के निवासी बरहरा प्रधान धर्मराज राजपूत प्रधान प्रतिनिधि कछवा गोपाल राजपूत अवधेश तिवारी एडवोकेट रामसेवक यादव एडवोकेट मुकेश यादव अमित द्विवेदी प्रदीप सुरेन्द्र चंचल सुरेन्द्र राजपूत सहित दर्जनों लोगों ने लोक निर्माण विभाग और सड़क निर्माण मांग के प्रमुख शिकायतकर्ता और संघर्ष कर शासन तक सड़क निर्माण कराए जाने की आवाज पहुंचाने वाले अपना दल एस जिलाध्यक्ष महेंद्र राजपूत को धन्यवाद ज्ञापित किया है टेंडर प्रक्रिया का पत्र जारी होते ही सरीला तहसील वासियों में सड़क निर्माण जल्द से जल्द शुरू हो जाने की आशा बंध गई है।

# ग्राम वीरपुर में बालिका नववर्ष पर हुए कार्यक्रम

> कार्बन डाइऑक्साइड व अन्य प्रदूषण के कारण जलवायु मे होने परिवर्तन के दुष्प्र प्रभाव को लेकर दी जानकारी

**घाटमपुर, समृद्धि न्यूज।**



वनिका नव वर्ष के उपलक्ष्य में आज विकास खंड घाटमपुर के ग्राम वीरपुर में एक कार्यक्रम आयोजित वन विभाग घाटमपुर के अधिकारियों ने लोगों को पर्यावरण में बढ़ाते हुए प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन से होने वाले प्रभाव के बारे मे जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों व ग्रामीणों ने भाग लिया कार्बन डाइऑक्साइड व अन्य प्रदूषण के कारण जलवायु मे होने परिवर्तन के दुष्प्र प्रभाव को लेकर जानकारी दी गई इस अवसर पर अधिकारियों ने जलवायु परिवर्तन के दुष्प्र पभावों को रोकने के लिए वृक्षारोपण और उनके सुरक्षा को लेकर जागरूकता जरुरी होने पैदा करने का करने के बारे मे वन विभाग के अधिकारियों ने बताया और कहा कि वनिका नव वर्ष 2024-25 से प्रथम दिन प्रदेश में स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए गये है।

इस मौके पर वन रेंज अधिकार डॉ. राकेश कुमार पाण्डेय, वन दारोगा धीरज कुमार, अरविंद कश्यप, प्रिंसी सचान व प्रभा सचान तथा विद्यालय के बच्चे व शिक्षक भी उपस्थित रहे।

## एक साल से चल रहा अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन

**राठ,हमीरपुर।** स्वामी ब्रह्मानंद महाविद्यालय को विश्वविद्यालय की मांग को बीते एक वर्ष से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन चल रहा है। लेकिन अभी तक किसी भी जनप्रतिनिधि व प्रशासन ने इस सुध नहीं ली है। राजकीय विद्यालय सेवा समिति ने राज्यपाल सहित मुख्यमंत्री मुख्य सचिव उच्च शिक्षा मंत्री को ज्ञापन भेजा है। स्वामी ब्रह्मानंद राजकीय विश्वविद्यालय सेवा समिति की चंद्रकांता राजपूत ने बताया कि क्षेत्र की जनता के साथ तीन सितंबर 23 से धरने पर बैठी हुई है। 28 मार्च 24 के लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लागू होने पर जिलाधिकारी ने धरना स्थगित करा दिया था। जब डीएम ने कहा कि मामला उनके संज्ञान में है।


# कार्यालय अधिशासी अभियंता जोन-3 अलीगंज जलकल विभाग नगर निगम, लखनऊ

पत्रांक-1210/ई.ई.-3/एल.जे.एस. दिनांक- 01.10.2024

## अल्पकालीन निविदा सूचना

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु अल्पकालिक निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 08.10.2024 को अपरान्ह 3:00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता जोन-3 कार्यालय के कैश काउन्टर से प्राप्त किए जा सकते है। सील्ड निविदायें दिनांक 08.10.2024 को अधिशासी अभियन्ता, जोन-3 के कार्यालय में अपरान्ह 3:30 बजे तक सील्ड टेण्डर बॉक्स से प्राप्त की जायेगी। प्राप्त सभी निविदाएं दिनांक 08.10.2024 को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे मुख्यालय के कार्यालय में खोली जायेंगी। एक या समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार बिना कारण बताये महाप्रबन्धक, जलकल विभाग में निहित होगा। पूर्ण विवरण कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है। कार्यालय में अवकाश होने की दशा में निविदायें उसी क्रम में समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | धरोहर राशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Laying of PVC pipe line 90 mm Dia 90 mtr from H No 537/400 Vijay Kumar to H No.537/392 Radhey Shyam near Yogita Montessory School, Bhartanagar, Faizullaganj Ward, Lko | 2100.00 | Rs. 150 | 07 दिवस |
| 2. | Laying & Interconnection of PVC pipe line 110 mm Dia 42 mtr & 90 mm dia 6 mtr from HNo.B-70 to H No B-144 Sec-C Vivekanand Puri Ward, Lko | 2100.00 | Rs. 150 | 07 दिवस |
| 3. | Laying of PVC pipe line 90 mm Dia 78 mtr from H No 525 Ka/434 to Maurya Ata Chakki, Purana Mahanagar, Vivekanand Puri Ward, Lko | 2600.00 | Rs. 200 | 07 दिवस |

**अधिशासी अभियन्ता जोन-3**
**जलकल विभाग,**
**नगर निगम, लखनऊ**

# जुलूस से लौट रही बालिका की ट्रक से कुचलकर दर्दनाक मौत

**रामनगर बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**



**जुलूस से** लौट रही बालिका के ट्रक की चपेट में आ जाने से उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई।पुलिस ने ट्रक और उसके चालक को कब्जे में लेकर आवश्यक लिखा पढ़ी कर शव को पीएम के लिये जिला चिकित्सालय भेजा है।सड़क दुर्घटना से हुई मृत्यु से आक्रोशित लोगो को समझाने बुझाने के लिए अपर पुलिस अधीक्षक को भी देर रात्रि मौके पर पहुंचकर हालात को सम्हालना पड़ा।काफी देर तक चली वार्ता के बाद शिथिलता के आरोप में एएसपी ने दरोगा सहित तीन सिपाहियों को निलम्बित कर दिया।पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर लिया है।प्राप्त विवरण के अनुसार नगर पंचायत रामनगर में सोमवार की देर रात्रि बारह रबी उल अव्वल का झंडा जुलूस निकाला गया।जिसके चलते बदोसराय की ओर से कस्बे के अन्दर होकर तिराहा से आने वाले वाहनो को नगर के अंदर प्रतिबंधित कर दिया गया।जुलूस समापन के बाद धीरे-धीरे पहले से खड़े वाहनों का निकलना शुरू हुआ इसी बीच इश्तियाक की पुत्री शमा बुढ़वल से झंडा जुलूस कार्यक्रम देखकर लौट रही थी।उपाध्याय मोड़ के पास बदोसराय की ओर से आ रहा ट्रक यूपी 33 टी 5637 ने पीछे से टक्कर मार दी।जिससे किशोरी गंभीर रूप से घायल हो गई।जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां पर जांचों उपरांत चिकित्सको ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया।पुलिस ने चालक को गिरफ्तार कर ट्रक को कब्जे में लेकर पीड़ित की तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर लिया।धार्मिक कार्यक्रम के चलते तत्काल लोग मौके पर जमा हो गए और लापरवाहो के विरुद्ध कार्रवाई की मांग करने लगे।अपर पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा घटनास्थल पहुंचकर लोगो को समझने बुझाने के बाद तत्काल प्रभाव से हल्का दरोगा धर्मेंद्र सिंह राठौर,सिपाही जयचंद,ओमप्रकाश व दिनेश पाल को निलंबित कर उनके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही का आश्वासन दिया।

### चौराहों पर बेतरतीब खड़े हो रहे ई रिक्शा बने दुर्घटना का सबब

रामनगर बाराबंकी। रामनगर के अन्दर से गुजरने वाले तेज रफ्तार भारी वाहन चौराहे पर सवारियों के चक्कर में आड़े तिरछे खड़े होने वाले ई रिक्शा ऑटो और सड़क मार्ग पर दुकानों के आगे किये गये अतिक्रमण राहगीर और नगर निवासियों के जानलेवा साबित हो रहे हैं।लेकिन निरन्तर घटित हो रही घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने के प्रति सम्बंधित विभाग लोगों में एहसास तक करा पाने में सक्षम साबित नहीं हो पा रहे हैं।सोमवार को देर रात्रि जुलूस से लौट रही बालिका पीछे ट्रक की चपेट में आकर असमय काल के गाल में चली गयी।तो वहीं मंगलवार की दोपहर में बड़ी अमोली के निवासी दीना नाथ त्रिवेदी पीजी कालेज के पास ट्रक की चपेट में आकर असमय इस दुनिया से चले गये।मालूम हो कि नगर पंचायत रामनगर से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग और क्षेत्रीय सड़कों पर तेज रफ्तार ओवर लोडेड डम्फर और ट्रेके रहगीरों के लिये भारी परेशानी का सबब बने रहते हैं।तो वही ई रिक्शा ऑटो की वजह से स्कूलों में छुट्टी होते ही बुढ़वल चौराहे पर भीषण जाम लग जाता है।यातायात व्यवस्था के सम्हालने के नाम एक जवान होमगार्ड का सुबह से शाम जूझते हुए देखा जाता है।

# प्रो. राजकुमार जैन को मिलेगा महात्मा गांधी शान्ति अवार्ड

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

गांधी जयंती समारोह ट्रस्ट द्वारा आयोजित होने वाले महात्मा गांधी सप्ताह की शुरुआत 01 अक्टूबर से होगी। यह आयोजन देवा रोड स्थित गांधी भवन में पूर्वाह्न 10:30 बजे शुरू होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व नेता विरोधी दल रामगोबिंद चौधरी होंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में गोरखपुर से एमएलसी सी.पी. चन्द, पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविन्द कुमार सिंह गोप, पूर्व कारागार मंत्री राकेश वर्मा होंगे। रविवार को यह जानकारी कार्यक्रम संयोजक राजनाथ शर्मा ने दी। शर्मा ने बताया कि गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी 02 अक्तूबर को गांधी जयन्ती पर सायंकाल 05 बजे गांधी भवन में गांधी दर्शन पर परिचर्चा, सामाजिक सहभागिता सम्मान और अखिल भारतीय कवि सम्मेलन एवं मुशायरा आयोजित किया जाएगा। इस बार भी सामाजिक सहभागिता सम्मान के अंतर्गत 25 विभूतियां सम्मानित होंगी। यह सम्मान स्वतंत्रता आन्दोलन, समाजवादी आन्दोलन और सामाजिक आन्दोलन में शामिल रहे विभूतियों की स्मृति में प्रदान किया जाता है। श्री शर्मा ने बताया कि दिल्ली के प्रख्यात गांधीवादी अध्येता एवं दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व अध्यक्ष प्रो. राजकुमार जैन को महात्मा गांधी शान्ति अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। वहीं भारत सरकार में संयुक्त सचिव एवं लेखक व गांधीवादी अध्येता नीरज कुमार को आचार्य नरेन्द्र देव अवार्ड, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डॉ. जी.जी पारिख को युसूफ मेहर अली अवार्ड, सुप्रसिद्ध समाजवादी नेता एवं लोकतंत्र रक्षक सेनानी मैनेजर सिंह को मरणोपरांत जेपी सेनानी अवार्ड दिया जाएगा। यह सम्मान उनके भांजे उ.प्र. सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ग्रहण करेंगे। सुप्रसिद्ध मजदूर नेता नूर अहमद (कोलकता) को डॉ राममनोहर लोहिया अवार्ड, आचार्य नरेन्द्र देव की पौत्री वधू एवं समाजसेविका मीरा वर्द्धन को अरूणा आसफ अली अवार्ड, सामाजिक कार्यकर्ता अरूण कुमार श्रीवास्तव को चन्द्रभानु गुप्ता जनसेवा अवार्ड, समाजिक कार्यकर्ता पुष्पेन्द्र पासी को डॉ भीमराव अम्बेडकर अवार्ड, आचार्य नरेन्द्र देव समाजवादी संस्थान के संयुक्त सचिव नवीन तिवारी को मधु लिमये अवार्ड, समाजवादी नेता रामनरेश यादव को लोकबंधु राजनारायण अवार्ड, पूर्व एमएलसी यशवंत सिंह को चन्द्रशेखर अवार्ड, समाजसेवी डॉ रईस अहमद खान को कै. अब्बास अली अवार्ड, सुप्रसिद्ध होमियो चिकित्सक डॉ. हफीज को डा. रफ़ी चिकित्सा अवार्ड, प्रख्यात शायर मंजर भोपाली को मजाज़ उर्दू साहित्य अवार्ड, वरिष्ठ पत्रकार अनिल त्रिपाठी को प्रभाष जोशी पत्रकारिता अवार्ड, प्रसिद्ध गीतकार डॉ. बुद्धिनाथ मिश्र को मनु शर्मा हिन्दी साहित्य अवार्ड, वयोवृद्ध सामाजिक कार्यकर्ता अमीर हैदर को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा।

## खबरें एक नजर में

### सीएचसी के निरीक्षण में मिली खामियां, सीडीओ अधीक्षक को लगाई फटकार

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** मुख्य विकास अधिकारी ने संयुक्त चिकित्सालय सिरौलीगौसपुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान तमाम कमियां पाई गई। मंगलवार को मुख्य विकास अधिकारी अन्नासूदन ने परियोजना निदेशक मनीष कुमार खण्ड विकास अधिकारी अदिति श्रीवास्तव के साथ सौ शैय्या युक्त संयुक्त चिकित्सालय पहुंचे और जिले पर अस्पताल द्वारा भेजी गई रिपोर्ट के आधार पर एक-एक बिंदु की गहन जांच पड़ताल किया। इस दौरान उन्होंने एंटीनेटर रजिस्टर, पैथोलॉजी रजिस्टर, ओपीडी,एचआरपी आदि आवश्यक रजिस्टरों की जांच पड़ताल की जिसमें तमाम कमियां पाई गई। जिसको लेकर उन्होंने फटकार लगाई और सभी अभिलेख अपने साथ उठा ले गए। पैथोलॉजी निरीक्षण के दौरान गेट पर सुबह आठ से 12 बजे तक पर्चा जमा करने का समय लिखे होने पर फटकार लगाते हुए उन्होंने कहा कि लगता है 12 तक ही जांच की जाती है। अस्पताल के ऊपरी हिस्से पर जांच के लिए पहुंचे सीडीओ ने अधिकांश जगह अंधेरा देखकर नाराजगी जताते हुए कहा कि अस्पताल को अंधेरे का गढ़ क्यों बना रखा है। दवा वितरण केंद्र पर एक डिब्बे में एक्सपायरी दवा मिलने पर फार्मासिस्ट को कड़ी फटकार लगाई । सीएमएस के अस्पताल में मौजूद न होने पर उनके छुट्टी से संबंधित अभिलेख मांगे जो अस्पताल में मौजूद अधिकारी नहीं दिखा सके। अस्पताल में भर्ती तारापुर निवासी वंदना भारती के तीमारदार द्वारा शिकायत की गई की महिला के पैर का ऑपरेशन बाहर के अस्पताल में कर हड्डी रोग विशेषज्ञ द्वारा यहां भर्ती कर इलाज किया गया। इस शिकायत पर सीडीओ ने मरीज से काफी देर तक पूछताछ किया।और बयान दर्ज किया।इस मौके खण्ड विकास अधिकारी अदिति श्रीवास्तव सौ बेड के अधीक्षक डॉ नीरज वर्मा, सीएचसी अधीक्षक डॉ सन्तोष सिंह सहित अस्पताल स्टाफ मौजूद रहे।

### 10 किमी दौड़ में विजेता छात्रा को मिला गोल्ड मेडल

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या सत्र 2024 25 में आर आर पी जी कॉलेज अमेठी द्वारा एथलेटिक्स क्रॉस कंट्री 10 किमी दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें विकासखंड त्रिवेदीगंज की एक छात्रा ने प्रतिभाग कर गोल्ड मेडल प्राप्त किया। जानकारी के अनुसार विकासखंड त्रिवेदीगंज के बैजनाथ शिवकला महाविद्यालय मंगलपुर की तरफ से खेल प्रशिक्षक विनय कुमार सिंह के नेतृत्व में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया इस प्रतियोगिता में ग्राम पंचायत रौनी की एमएससी प्रथम सेमेस्टर की छात्रा बबली वर्मा पुत्री दिनेश कुमार वर्मा ने भी प्रतिभाग किया था और प्रतियोगिता को जीतकर गोल्ड मेडल प्राप्त किया। गोल्ड मेडल प्राप्त छात्रा बबली वर्मा को महाविद्यालय के प्रबंधक रमेश कुमार वर्मा ने प्रोत्साहन स्वरूप ?5000 की नगद धनराशि देकर पुरस्कृत किया। महाविद्यालय के संस्थापक रामपाल वर्मा पूर्व एमएलसी प्राचार्य डॉक्टर अमरेश सिंह ट्ठ.श्वस्र एवं बीटीसी विभाग के अध्यक्ष डॉ आशुतोष वर्मा डॉ श्याम नारायण मिश्रा डॉ निशि वर्मा प्रवेश कुमार वर्मा डॉ रंजीत वर्मा सहित सभी संकाय के छात्र-छात्राओं एवं कर्मचारियों ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

### जहर खुरानी का शिकार हुए युवक की इलाज के दौरान हुई मौत

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** दिल्ली से घर लौटते समय जहर खुरानी के शिकार हुए 33 वर्षीय युवक की बीती रात लखनऊ के निजी हॉस्पिटल में उपचार के दौरान मौत हो गई। परिजनों द्वारा पुलिस को सूचना दिए बिना ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। हैदरगढ़ कोतवाली अंतर्गत लाही गांव निवासी ताराचंद पुत्र पुनवासी लोध दिल्ली में बहन के यहां से बस द्वारा घर के लिए वापस आ रहा था ।रविवार रात बस में सफर के दौरान ही वह जहर खुरानी का शिकार हो गया। लखनऊ पहुंचे बस चालक द्वारा आलमबाग बस स्टेशन पर सोमवार की सुबह लावारिस अवस्था में उतार दिया गया जहां पर युवक काफी देर तक बेहोश अवस्था में पड़ा रहा ।काफी देर बाद होश आने पर उसने परिजनों को फोन कर अपने साथ हुई घटना की जानकारी दी। सूचना पाकर लखनऊ आलमबाग बस स्टेशन पहुंचे परिजन युवक को लेकर घर आ गए, परंतु हालत ज्यादा बिगड़ने पर उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ में भर्ती कराया ।जहां पर उपचार के बाद हालत गंभीर होने की वजह से युवक को ट्रामा सेंटर लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया। पता चला है कि ट्रामा सेंटर में बेड खाली न होने के कारण उसका उपचार नहीं हो पाया । इसके बाद परिजन राजधानी के ही एक निजी चिकित्सालय में इलाज के लिए ले जा रहे थे कि तभी सोमवार की देर रात उसकी मौत हो गई।

### रामलीला रंगमंच पर ताड़का वध, अहिल्या उद्धार लीला का हुआ मंचन



**जालौन (उरई)।** श्रीरामलीला समिति के तत्वावधान में चल रही रामलीला मंचन में ताड़का वध व अहिल्या उद्धार के साथ गंगा की लीला का मंचन किया गया। जिसमें राजा दशरथ के साथ मुनि विश्वामित्र के संवाद का सुंदर मंचन हुआ। तो वहीं ताड़का तथा उनके सेवक चिरपोटन के अभिनय को सभी दर्शकों ने जमकर सराहा। इसके अलावा महिला नृत्यकार ने भी अपनी नृत्यकला से दर्शकों का मन मोह लिया। रामलीला महोत्सव के तीसरे दिन मुनि-याचना, ताड़का वध, मारीच-सुबाहु वध व वाटिका की लीला का भव्य मंचन किया गया। रामलीला मंचन के प्रथम दृश्य में राजा दशरथ से मुनि विश्वामित्र राम और लक्ष्मण को मांगने आते हैं। वह अपने यज्ञ की रक्षा के लिए राजा से भिक्षा के रूप में राम और लक्ष्मण की मांग करते हैं। यह सुन राजा दशरथ नाना प्रकार के बहाने बनाते हैं। अन्ततः गुरू वशिष्ठ की आज्ञा को मानते हुए उन्होंने राम और लक्ष्मण को विश्वामित्र को सौंप दिया। राम और लक्ष्मण को लेकर मुनि वन की ओर चल दिए। रास्ते में उन्हें 10 हजार हाथियों का बल रखने वाली राक्षसनी ताड़का मिलती है। मुनि तथा दो सुंदर बालकों को देखकर वह उन्हें खाने के लिए दौड़ पड़ती है। तभी राम ने उसका वध कर उसे अपने धाम पहुंचा दिया। ताड़का वध का समाचार जब उसके भाई मारीच और सुबाहु को मिला तो, उन दोनों ने राम, लक्ष्मण को मारने के लिए उन पर आक्रमण कर दिया। श्रीराम और लक्ष्मण ने सुबाहु को एक ही वाण के प्रहार से मार दिया। तो वहीं, मारीच को बिना फ्ण वाला वाण मारकर उसे सौ योजन दूर फेंक दिया। इससे पूर्व ताड़का के सेवक चिरपोटन की हास्य कला को देख दर्शक अपनी-अपनी दीर्घा में बैठकर लोटपोट हो रहे थे। लीला मंचन में रामजी संतोष दुबे , लक्ष्मण गणेश दुबे, भरत प्रिंस चतुर्वेदी, शत्रुघ्न श्याम जादौन, ताड़का भानू शर्मा, अहिल्या तितली रानी, दशरथ रमेश दुबे, विश्वामित्र उमेश ने किरदार निभाया।


# डीएम की अध्यक्षता में त्योहारों के मद्देनजर शांति समिति की बैठक आयोजित

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**



कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार और पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में आगामी त्योहारों नवरात्रि, दुर्गापूजा, दशहरा, दीपावली और छठ पर्व को शांतिपूर्ण वातावरण में कराए जाने हेतु आज शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी ने जिले के अधिकारियों के साथ आगामी विभिन्न त्योहारों के दृष्टिगत क़ानून व्यवस्था एवं तैयारियों सम्बंधी विषय पर बिंदुवार गहन समीक्षा की। जिलाधिकारी ने अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए कहा कि कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रहे, कहीं पर कोई दुर्घटना न होने पाए। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर सभी दुर्गा पूजा पंडालों में सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था की जाए। पंडालों की देखरेख के लिये आयोजकों द्वारा वालिंटियर भी लगाए जाए। मूर्ति विसर्जन स्थल के सभी मार्गो का अवलोकन पूर्व में ही कर लिया जाए जिससे कही पर किसी प्रकार का कोई विवाद रास्ते आदि को लेकर ना उत्पन्न हो। मूर्ति विसर्जन के समय किसी भी दशा में यातायात अवरुद्ध नहीं होने पाए इसका भी ध्यान रखा जाए। समिति के आयोजकों सहित सभी लोग अपनी जिम्मेदारी निभाए। पूजा पंडालों में अग्निशमन यंत्रो की भी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए जिससे अग्नि जैसी घटनाएं न होने पाए। पंडालों में कटे हुए तार न लगाएं जाए नहीं तो शार्टसर्किट की घटनाएं हो सकती है। जिले में पूर्व की घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए अराजक तत्वों को प्रतिबंधित किया जाए। एडीएम (वित्त एवं राजस्व) श्री अरुण कुमार सिंह ने कहा कि सभी लोग त्यौहारों को हर्षोल्लास के साथ मनाए और अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें। विसर्जन स्थल वाले घाटों पर गोताखोर की भी व्यवस्था कर ली जाए। मूर्तियों की स्थापना से लेकर विसर्जन आदि तक के समस्त कार्यक्रमों में जिन अधिकारियों की ड्यूटी सुरक्षा और व्यवस्था में लगाई जाए वह सभी अधिकारी बहुत ही जिम्मेदारी से अपनी ड्यूटी निभाये। इस अवसर पर एएसपी उत्तरी और दक्षिणी सहित सभी तहसीलों के एसडीएम, सीओ सहित सम्बंधित अधिकारीगण और जिले के विभिन्न स्थानों से आये आयोजन समिति के सदस्यगणों ने भी अपने विचार/सुझाव रखे।

# रामलीला की शुरुआत हनुमान जी की आरती वन्दना से हुई



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़**

**विगत कई** वर्षों से अनवरत हो रही हैदरगढ़ की प्राचीन रामलीला की शुरुआत कमेटी के सदस्यों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा श्री राम भक्त हनुमान जी की आरती एवं सरस्वती वंदना के बाद हो गई है।

प्रभु श्री राम की जन्मस्थली अयोध्या धाम से पधारे कलाकारों द्वारा हनुमान जन्म और नारद मोह की लीला का मंचन किया गया। इस अवसर पर रामलीला के प्रबंधक पुरुषोत्तम नारायण अग्रवाल व्यवस्थापक राजेश अग्रवाल सूर्यकांत अग्रवाल गणेश अग्रवाल गोपाल कृष्ण अग्रवाल महेश अग्रवाल उदय नारायण अग्रवाल अनूप अग्रवाल रामू द्विवेदी विनय अग्रवाल आशीष अग्रवाल श्याम जी अग्रवाल माधव अग्रवाल उमेश अग्रवाल अनेक अग्रवाल एवं कमेटी के सभी सदस्य एवं सैकड़ो की संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

# पितृ पक्ष में हरि नाम संकीर्तन और कथा श्रवण से प्रसन्न होते हैं पितर



इटावा। श्री श्री गौर निताई परिवार के तत्वावधान में पितृपक्ष के उपलक्ष्य में ग्यारह दिवसीय हरिनाम संकीर्तन व सत्संग पक्का तालाब के किनारे सत्संग स्थल पर आयोजित किया जा रहा है। यहां पर शाम 6ः00 बजे से रात 9ः00 तक आयोजित हो रहे सत्संग व संकीर्तन में काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। सनातन धर्म प्रचारक पंडित मनुपुत्र दास श्रद्धालुओं को जहां संकीर्तन करा रहे हैं वही पितरों की मुक्ति के लिए सत्संग तथा पितृ पक्ष में श्रीमद् भागवत कथा व गीता श्रवण का क्या महत्व है उसे भी बता रहे है।सत्संग स्थल पर प्रतिदिन भंडारा भी आयोजित हो रहा है। पंडित मनु पुत्र दास ने भक्तों को बताया कि पितृपक्ष में हरि नाम संकीर्तन और सत्संग से पितृ जितना प्रसन्न होते हैं उतना अन्य साधन से नही होते। इसका उदाहरण धुंधकारी है जो गोकर्ण के कई बार गया में पिंडदान के बाद ही कल्याण नहीं हुआ लेकिन भागवत श्रवण से मुक्ति प्राप्त हो गयी। पितृ पक्ष में श्रीमद्भागवत कथा का सुनने का भी विशेष महत्व है। पितृ पक्ष में कथा का श्रवण करने से पितरों को शांति मिलती है वहीं यह उनके परिवार के लिए पुण्यदायी भी रहती है। उन्होंने कहा कि श्रद्धाभाव से पितरों के पूजन तर्पण से मानव को सुख समृद्धि की प्राप्ति होती है। मनुष्य देवच, पितृ तथा ऋषि ऋण होता है,भागवत सुनने से उन्हें इन ऋणों से मुक्ति मिल जाती है। लोगों को पितरों के तर्पण -श्राद्ध का विधि विधान से पालन करना चाहिये ताकि उनके पूर्वजों को मोक्ष की प्राप्ति हो सके। पंडित मनुपुत्र दास ने कहा कलियुग में महामंत्र का संकीर्तन करने मात्र से प्राणी मुक्ति के अधिकारी बन सकते हैं। कलियुग में भगवान की प्राप्ति का सबसे सरल किंतु प्रबल साधन उनका नाम-जप ही बताया गया है। श्रीमद्भागवत का कथन है यद्यपि कलियुग दोषों का भंडार है तथापि इसमें एक बहुत बडा सद्गुण यह है कि सतयुग में भगवान के ध्यान (तप) द्वारा, त्रेतायुगमें यज्ञ-अनुष्ठान के द्वारा, द्वापरयुगमें पूजा-अर्चना से जो फल मिलता था, कलियुग में वह पुण्यफल श्रीहरि के नाम-संकीर्तन मात्र से ही प्राप्त हो जाता है।

# छह माह पूर्ण कर चुके बच्चों का कराया गया अन्न प्रासन्न संस्कार

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज**



**बाल विकास** परियोजना त्रिवेदीगंज द्वारा मंगलवार को विकासखंड सभागार में अन्नप्राशन संस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के प्रथम चरण में 6 माह पूर्ण कर चुके बच्चों को मुख्य अतिथि सुनील सिंह खंड विकास अधिकारी प्रियंका सिंह सीडीपीओ आराधना यादव द्वारा अन्नप्राशन कराया गया। इस अवसर पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुनील सिंह ने अन्नप्राशन का मकसद स्पष्ट करते हुए कहा कि बच्चों के जीवन में मिठास बनी रहनी चाहिए अन्य का पोषण भी मिलते रहना चाहिए बच्चों के मानसिक एवं शारीरिक विकास के लिए दूध और मिश्री युक्त खीर खिलाने की सलाह दी और साफ सफाई का विशेष ध्यान रखने का आग्रह किया। पूर्व प्रमुख ने मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ की सरकार द्वारा माताओ और शिशुओं के लिए चलाई जा रही अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए सभी बच्चों के स्वास्थ्य एवं सुधीर के जीवन की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रधान गजेंद्र बहादुर सिंह पिंटू वर्मा अभय प्रताप सिंह विष्णु बहादुर सिंह पूर्व प्रधान नीरज सिंह सहित बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकत्री ब्लॉक कर्मचारी एवं प्रधानगण उपस्थित रहे।

### माइनर में डूबे बालक की मौत पर मृतक आश्रित को 4 लाख की मिलेगी सरकारी मदद

कालपी (जालौन)। स्थानीय तहसील क्षेत्र के ग्राम जोल्हूपुर में सोमवार को माइनर नहर में डूब जाने से रामनरेश के पुत्र गोपाल जी( 2 वर्ष)की दर्दनाक मौत हो गई थी। इस मामले को संज्ञान में लेकर राजस्व विभाग पीड़ित परिवार जनों को देवी आपदा राहत कोष से 4 लाख रुपए शासकीय मदद प्रदान करेगा। तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी ने बताया कि कोई भी व्यक्ति कि नदी, नहर में डूब जाने से मौत हो जाती है। तो उसके लिए शासन के द्वारा दैवी आपदा राहत कोष से मदद दी जाती है। जोल्हूपुर मोड़ के बालक की मौत के मामले को संज्ञान में लेकर के राजस्व विभाग के राजस्व निरीक्षक रामराज राजपूत तथा क्षेत्रीय लेखपाल राघवेंद्र निरंजन के द्वारा जांच की गई है। तहसीलदार के मुताबिक मृतक बालक की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद राजस्व विभाग के द्वारा दैवी आपदा राहत कोष से परिजनों को 4 लाख रुपए शासकीय मदद प्रदान कर दी जाएगी।

### बारहवां श्री दुर्गा पूजा महोत्सव की तैयारियां जोरों पर

**सिधौली, सीतापुर।** गोदलामऊ मां मुक्तेश्वरी देवी मंदिर प्रांगण पर शारदीय नवरात्र बारहवां श्री दुर्गा पूजा महोत्सव का आयोजन होगा जिसकी तैयारियां जोरों पर चल रही है। बताते चले कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शारदीय नवरात्र की आगामी 3 अक्टूबर से 13 अक्टूबर तक गोदलामऊ में मां मुक्तेश्वरी मंदिर प्रांगण पर होगा।श्री दुर्गा पूजा महोत्सव व जागरण पंडाल सजेगा। जिसमें पंडित प्रशांत तिवारी के द्वारा विधि विधान से पूजन अर्चन कर गुरूवार को शारदीय नवरात्र के पहले दिन विधि विधान से दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना की जाएगी। व प्रतिदिन शाम 8.00 बजे मां दुर्गा जी की भव्य आरती व प्रसाद वितरण किया जाएगा। श्री दुर्गा पूजा सेवा समिति के अध्यक्ष दिनेश शर्मा ने बताया कि 7 अक्टूबर को सनी सरताज जागरण पार्टी कानपुर के द्वारा जागरण व झांकी का आयोजन किया गया है।


**सूचना**

पति के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम KUMARI PUSPA SINGH व जन्मतिथि 12.06.1987 दर्ज हो गयी है। जबकि मेरा वास्तविक नाम PUSHPA DEVI व जन्मतिथि 23.05.1992 है। PUSHPA DEVI W/o of Army No-3005581P, रैंक, हवलदार सन्तोष कुमार सिंह, आर.आर.सी. फतेहगढ़, निवासी-ग्राम रघुनाथपुर, जीवपुर, तहसील जमानियां, जनपद गाजीपुर, उत्तर प्रदेश-232340


# घघसरा नगर पंचायत कार्यालय पर सफाई मित्र स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**सहजनवा गोरखपुर। समृद्धि न्यूज**




**नगर पंचायत** घघसरा कार्यालय पर मंगलवार को सफाई मित्र सुरक्षा स्वास्थ्य परीक्षण का आयोजन किया गया,जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ठर्रापार की टीम ने अपनी सेवा दी।

कार्यक्रम का शुभारंभ नगर अध्यक्ष प्रभाकर दुबे ने फीता काटकर किया । वहीं सफाई कर्मियों से पहले खुद अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। इसके बाद दर्जनों सफाई कर्मियों सहित अन्य लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और उन्हें दवा दी गयी। सभा को संबोधित करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष प्रभाकर दुबे ने कहा कि-बीमारी व्यक्ति परिवार व देश को खोखला बना देती है। इससे निपटने के लिए केन्द्र और प्रदेश की सरकारों ने कारगर कदम उठाया है। देश की जनता को जागरूक करने के लिए स्वच्छता पखवारा मनाया जा रहा है। सफाई के प्रति लोग उत्तरदायी बने हर उपाय की जा रही है । बीमारियों से बचाव का सबसे उत्तम उपाय साफ सफाई ही है । बीमारी होने पर तत्काल चिकित्सा से परामर्श लिया जाना चाहिए, जिससे बीमारी दूसरों में न फैलने पाए । उक्त अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रभाकर दुबे के अलावा अधिशाषी अधिकारी अमित नायक, सी एच सी अधीक्षक डॉ सतीश सिंह, डा राजन यादव , डा शशिकांत गौतम ,चंद्रसेन पाठक, हेमंत पाण्डेय, विनय पाण्डेय,अखिलेश गुप्त,जेके यादव, रविराज, अमरेंद्र राज, प्रशांत ,सुरेंद्र बर्मा,संतोष पांडेय,विजय प्रताप सिंह, सुंदरम समेत कई लोग मौजूद थे ।


## नीलामी सूचना

पत्रांक/ जि0म0चि0/ पेड़ कटान/2024/ दिनांक 1 अक्टूबर 2024

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला महिला चिकित्सालय गोंडा में विभिन्न प्रजाति के कुल 16 पेड़ों की नीलामी होनी है इच्छुक पंजीकृत फर्म/ ठेकेदार दिनांक 7.10.2024 को समय दोपहर 3ः00 बजे अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में रुपया 5000 की डीडी धरोहर धनराशि के साथ उपस्थित होकर नीलामी में प्रतिभाग कर सकते हैं नीलामी संबंधी किसी भी अन्य जानकारी के लिए अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं

**मुख्य चिकित्सा अधीक्षक**
**जिला महिला चिकित्सालय गोंडा**

## कार्यालय ग्राम पंचायत अमानाबाद विकास खण्ड कमालगंज, फर्रु0

पत्रांकः मीमो/राज्य वित्त/15वां वित्त योजनान्तर्गत/ 2024-25 — दिनांक 01/10/2024

### निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना

राज्य वित्त/15वां वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत अमानाबाद विकास खण्ड कमालगंज जनपद फर्रुखाबाद द्वारा निम्न परियोजना में निर्माण सामग्री संदर्भित कार्य स्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 02/10/2024 से 08/10/2024 तक की अपरान्ह 3-00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 08/10/2024 को सायं 4:00 बजे अपरान्ह ग्राम पंचायत में प्रधान, सचिव, अवर अभियंता एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 02/10/2024 से 08/10/2024 तक अपरान्ह 2-00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत से रु0 500.00 अदा करने पर प्राप्त की जा सकती है।

| क्रं. | कार्य का नाम | मद | सामग्री का विवरण | स्वीकृत प्राकलन के अनुसार सामग्री की लागत (रु0 लाख में) | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत रु0 | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | आंगनवाड़ी केंद्र का कायाकल्प कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 2.77 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | चन्द्रपाल के घर से बेचेलाल के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 1.61 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तेः-** निविदा दाता का जीएसटी व आयकर पंजीकरण होना आवश्यक है। धरोहर राशि एफडीआर व एनएससी व चेक द्वारा ली जायेगी।

प्रधान-रचना सिंह — ग्रा0पं0 अमानाबाद वि0ख0 कमलागंज — सचिव-कंचन

# एक बीघा जमीन के लिए पुत्र ने पिता की ईंटों से कूचकर कर दी हत्या

- मंगलवार की दोपहर मक्के के खेत से बरामद हुआ रामशंकर का शव
- मृतक की पुत्री ने बड़े भाई के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

तिर्वा। समृद्धि न्यूज



बेहरिन गांव में घटनास्थल पर जांच पड़ताल करती सीओ व कोतवाल समृद्धि न्यूज

**कोतवाली** क्षेत्र के बेहरिन गांव में एक बीघा जमीन के विवाद को लेकर एक पुत्र ने अपने बुजुर्ग पिता की ईंटो से कूचकर हत्या कर दी। शव को मक्के के खेत में फेंक दिया। जानकारी पाकर सीओ तिर्वा व कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव का पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। आरोपी पुत्र परिवार समेत फरार है। पुलिस उसकी तलाश में छापेमारी कर रही है। बेहरिन गांव निवासी रामशंकर बाथम (65) पुत्र बेचेलाल का गांव में ही पांच बीघा खेत है। उसके तीन पुत्र है व एक विवाहित पुत्री है। सबसे बड़ा पुत्र धर्मवीर विवाहित है। उससे छोटा राजवीर पिछले कुछ समय से एक गंभीर बीमारी से ग्रसित है। इन दिनों वह कानपुर के एक नर्सिंग होम में भर्ती है। सबसे छोटा पुत्र गोविन्द मानसिक रूप से कमजोर है। राजवीर के इलाज में रामशंकर ने काफी पैसा खर्च कर दिया। अब वह इलाज के लिए अपनी एक बीघा जमीन की बिक्री करके पुत्र राजवीर का इलाज कराना चाहता था। इसके लिए उसने अपने बड़े पुत्र धर्मवीर से बात की। इस बात को लेकर पिता-पुत्र में कुछ कहासुनी भी हुई। रामशंकर की विवाहित पुत्र मालती देवी सोमवार को गांव पहुंची। यहां उसने घर में ताला लटका देखा। बड़े भाई धर्मवीर के घर में भी ताला लटक रहा था। इसपर उसने गांव वालो से पूछताछ की, तो पता चला कि दो दिनों से घर में ताला लटक रहा है। इसपर वह कोतवाली आई। पुलिस को मामले की जानकारी दी। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी जितेन्द्र प्रताप सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होने गांव वालो से पूछा, तो पता चला कि रविवार की शाम को धर्मवीर अपने पिता को साथ में ले गया था। तभी से दोनो का कोई पता नहीं है। धर्मवीर के परिजन भी लापता है। इसी दौरान कुछ लोग जब खेतों की ओर गए, तो उन्हे मक्के के खेत में रामशंकर का रक्त रंजित शव पड़ा दिखाई दिया। इसपर पुलिस खेत पर पहुंची। सूचना पाकर सीओ तिर्वा डॉ.प्रियंका बाजपेई भी मौके पर पहुंच गई। मामले में सीओ ने बताया कि पुत्री की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है। बताया कि मामले में मृतक की पुत्री ने अपने बड़े भाई पर ही पिता की हत्या का आरोप जड़ा है। उधर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि प्रारम्भिक जांच पड़ताल में एक बीघा जमीन के लिए पिता की हत्या कर देने का मामला सामने आ रहा है। फिलहाल पूरे मामले की गंभीरता से जांच पड़ताल की जा रही है।

# धूमधाम से निकली शिव बारात

छिबरामऊ। समृद्धि न्यूज



**देर रात** मे बड़ी धुम धाम से निकली गई शिव बारात। दुल्हा बने भगवान शंकर की भव्य बारात देखने को विशाल भीड उमडी।देर रात रामलीला मैदान पर भगवान शंकर और पर्वती के विवाह की राम अगवानी की गई। इस दौरान भगवान शंकर के स्वरूप मे पंकज दुबे पिछले 19 साल से भगवान शंकर की भूमिका कर रहे है।बारात अब रात मे निकलती है इससे पहले दिन मे निकलती थी जिसमे कोई दिक्कत नही होती थी।लेकिन जब से रात की बारात हुई है जब से एक बहुत मेहनत करनी पड़ती है क्यो की रथ मे जो लाइट लगी होती है उससे बने हुए पत्रों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है ।शंकर जी की बारात तालग्राम से शुभारम्भ किया गया जिसकी आरती उपजिलाधिकारी उमाकांत तिवारी चेयरमैन मनोज दुबे ने की उसके बाद बारात की शुरुआत हुई बारात मे 26 झांकियां निकली जिसको देखने वालो की रोड के किनारे पर भारी भीड देखने को मिली।रात 1बजे के आसपास हुई। जिसमे सुरक्षा को बनाए रखने के लिए प्रभारी निरीक्षक सचिन कुमार सिंह,चोकी ईचाज राममोहन त्रिपाठी व महिला उप निरीक्षक सहित भारी पुलिस बल तैनात रहा। इस दौरान रामलीला के अध्यक्ष देवकीनंदन दुबे,महामंत्री वरूण प्रताप सिंह, व हिमांशु चौहान, प्रशांतानंद, प्रेममुरारी दुबे,राजीव नयन त्रिपाठी, विजय चौहान, प्रतीक त्रिपाठी,विशाल दुबे एडवोकेट, रजत त्रिपाठी,अनुराग त्रिपाठी अनुराग अग्निहोत्री आशु त्रिपाठी सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# नवरात्रि पर्व को लेकर पुलिस ने आयोजकों संग की बैठक

- कोतवाली ने आयोजकों से ली कार्यक्रम की जानकारी

जलालाबाद, कन्नौज




नवरात्रि को लेकर क्षेत्रीय लोगों से वार्ता करते कोतवाल आलोक दुबे समृद्धि न्यूज

**गुरूवार से** शुरू हो रहे नवरात्रि पर्व को लेकर कोतवाली परिसर में शांति कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय व क्षेत्रीय आयोजकों से कार्यक्रमों की जानकारी ली और शांति व सौहार्द कायम रखते हुए पर्व को मनाने की अपील की गई।

मंगलवार को कोतवाली परिसर में आयोजित शांति कमेटी की बैठक में कोतवाल आलोक कुमार दुबे ने दुर्गा महोत्सव के आयोजकों से कार्यक्रम की जानकारी ली। उन्होने कहा कि सभी लोग कानून व्यवस्था का पालन करते हुए कार्यक्रम का आयोजन करें। बिना अनुमति के सार्वजनिक स्थान पर कार्यक्रम न करें। आवश्यकता से अधिक ध्वनि विस्तारक यंत्र न लगाए। आपसी सदभाव और भाईचारा को कायम रखते हुए पर्व को मनाए और शांति व सुरक्षा व्यवस्था को कायम रखने में पुलिस का सहयोग करें। अराजकतत्वों पर नजर रखें। सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाले की सूचना पुलिस को दें। अराजकतत्वों पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का सहयोग कर शांति बनाए रखने में सहयोग करें। इस दौरान शैलेन्द्र कुमार, कस्बा प्रभारी ज्ञानेन्द्र सिंह, देवी शरण शाहू, रवीन्द्र सिंह, प्रदीप कुमार, सुनील कुमार, श्याम पाल सिंह, राजेश प्रताप सहित स्थानीय व क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

# एडीओ ने खाद स्टाक का सत्यापन कर तत्काल बांटने का सुनाया फरमान



मलिकपुर/ समधन समृद्धि न्यूज़

**सहकारी समिति** पर एनपीके खाद न बांटे जाने को लेकर किसान काफी परेशान है जिसपर सहकारिता विभाग के एडीओ ने पहुंचकर खाद के स्टाक का सत्यापन करके तत्काल वितरित करने के निर्देश दिये गये है।

मलिकपुर स्थित बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति पर करीब 1000 से अधिक एनपीके खाद उपलब्ध होने के वाद अब तक वितरित न होने को लेकर बीते सोमवार को क्षेत्रीय किसानो ने नाराजगी जताते हुऐ डीएम से तत्काल वितरित कराने की मांग की थी जिसपर मंगलवार को सुबह सहकारिता विभाग के एडीओ मुनीश कुमार गौर ने समिति पर पहुंचकर खाद का सत्यापन किया गया इसके बाद सचिव धनंजय चतुर्वेदी को तत्काल बांटने के निर्देश दिये है। कहा कि खाद बांटने के समय किसानों को किसी तरह की असुविधा न हो।

# खबरें चलते-चलते

## ट्रैफिक पुलिस ने अभियान चलाकर दस वाहनों के चालान काटे

तिर्वा। कस्बे में यातायात की व्यवस्थाओं के बेहतर बनाने के लिए यातायात उपनिरीक्षक ने सोमवार को चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान उन्होने एक वाहन को सीज कर कोतवाली में खड़ा करा दिया। इसके अलावा 10 अन्य वाहनों के चालान भी काटे। यातायात उपनिरीक्षक अरशद अली ने बताया कि एसपी के आदेश पर वाहन चेकिग अभियान चलाया गया। उन्होने मेडिकल कॉलेज, ठठिया चैराहा, गांधी चैराहा, इन्दरगढ़ तिराहा सहित कई स्थानों पर वाहनों को चेक किया। इस दौरान उन्होने लोगों से अपील करते हुए कहा कि शराब पीकर वाहन न चलाए। चैपहिया वाहन चलाते समय सीटब्लेट का इस्तेमाल अवश्य करें। दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट लगाकर चले। चेंकिग अभियान के दौरान उन्होने ओवरलोड एक वाहन को सीज कर दिया। इसके साथ ही 10 वाहनों के चालान काटकर उनको हिदायत दी।

## मार्ग दुर्घटना में पुत्रवधू की मौत पुत्र हुआ घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** बाइक से ससुराल जा रहे पुत्र व पुत्र वधू को हाइवे पर अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। इससे पुत्रवधू की मौके पर ही मौत हो गई थी। जबकि घायल युवक को पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां से उसे मेडिकल कॉलेज तिर्वा रेफर कर दिया गया। घायल के पिता ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। मैनपुरी के थाना कुरावली ग्राम खुन्ना खेड़ा निवासी पृथ्वीराज ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसका पुत्र प्रमोद दोहरे व पुत्रवधू अनीता दोहरे बाइक से ससुराल ग्राम सहिल्लापुर कन्नौज जा रहे थे। तभी जसोदा स्थित हाइवे पर सोमवार की रात लगभग 09.30 बजे अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी थी। इससे उसकी पुत्रवधू की मौके पर ही मौत हो गई थी। जबकि उसका पुत्र प्रमोद घायल हो गया था। मौके पर पहुंचे जसोदा चौकी प्रभारी सुनील चौधरी ने घायल युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से उसे तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर विधिक कार्रवाई की है। जबकि कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

## अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस डीएम ने बुजुर्गों को अंगवस्त्र, फल बांट किया सम्मानित

उरई (जालौन)। अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस पर मुख्यालय के वृद्ध आश्रम में रहने वाले बुजुर्गों तथा वरिष्ठ नागरिकों को जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने फल वितरण व अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि हमें केवल इस दिवस के ही दिन नहीं बल्कि हर दिन बुजुर्गों की सेवा करनी चाहिए, उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभांवित करें। वृद्धजनों ने जिलाधिकारी से मथुरा तीर्थ यात्रा कराने हेतु अपनी इच्छा जाहिर की जिस पर जिलाधिकारी ने समस्त वृद्ध जन श्रद्धालुओं को 7 व 8 अक्टूबर को मथुरा तीर्थ कराने हेतु समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया। बड़ी संख्या में लोगों ने किसी ने किसी कारण अब तक इन धार्मिक स्थानों के दर्शन नहीं किया उनका सपना होता है कि वह उन धार्मिक स्थलों पर जाएं। जिला प्रशासन वृद्ध जन श्रद्धालुओं को मथुरा बांके बिहारी के दर्शन व अन्य धार्मिक स्थलों पर भेज रहा है। उन्होंने समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि वृद्धआश्रम में रह रहे वृद्ध जनों को कैंप लगाकर उनके स्वास्थ्य की नियमित जांच करायी जाए, चश्मा, मोटराइज्ड ट्राईसाईकिल, आदि उपकरण उपलब्ध कराएं, साथ ही वृद्धा पेंशन के लंबित प्रकरणों त्वरित निस्तारण कर आदि जन कल्याणकारी योजनाओं से अच्छादित करें। इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट नेहा ब्याडवाल, समाज कल्याण अधिकारी प्रवीण सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक राजकुमार पंडित, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी चंद्र प्रकाश व वृद्धाश्रम संचालक आदि अधिकारियों ने वृद्धजनों का आशीर्वाद लिया।

# स्वच्छता पखवाड़ा के तहत प्रधान व सचिव ने ग्रामीणों को किया जागरूक

मलिकपुर/ समधन, समृद्धि न्यूज़



**शासन के** निर्देश पर चलायें जा रहे स्वच्छता सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत ग्राम प्रधान व सचिव ने गांव की गलियों में घूमकर ग्रामीणों को स्वच्छता अभियान के प्रति जागरूक किया गया। क्षेत्र ग्राम रौरा में मंगलवार को ग्राम प्रधान समर सिंह यादव व सचिव विमल कुमार दुबे ने गांव की गलियों में घूमकर जगह जगह ग्रामीणों को एकत्रित करके स्वच्छता सेवा पखवाड़ा अभियान की जानकारी देते हुऐ कहा कि घरो से निकलने वाले कूड़ा कचरे को कूड़ा गाड़ी में ही डालें न खुद फैलाये न दूसरों को फैलाने दे तभी सरकार के इस मिशन को सफल बनाया जा सकता है उन्होंने गांव के चुने हुऐ सदस्यों व गणमान्य नागरिकों से सहयोग करने की अपील की है। वाद मे गांव की गलियों में ग्राम प्रधान समर सिंह यादव व सचिव विमल कुमार दुबे के नेतृत्व में जन जागरुकता रैली ग्रामीणों ने निकालकर साफ सफाई अपनाओ गन्दगी को दूर भगायाओ नारे के साथ समाप्त की गई।

# अधिवक्ता समाज व जागरूक बुद्धिजीवियों के लिये चिन्ता व घोर निन्दा का विषय बनता जा रहा है पुलिस का अमानवीय व्यवहार

छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज



**पुलिस** का कुछ समय से अमानवीय व्यवहार अधिवक्ता समाज व जागरूक बुद्धिजीवियों के लिये चिन्ता व घोर निन्दा का विषय बनता जा रहा है। जनपद कन्नौज पुलिस द्वारा अपने मनमाने ढंग से तुगलकी कानून के आधार पर मनमाने तौर पर कार्य कर आम जनमानस व अधिवक्ताओं को परेशान व प्रताड़ित किया जा रहा है। जैसा कि अभी तीन दिन पहले पूर्व कन्नौज बार के सम्मानित व पंजीकृत अधिवक्ता साथियों नबाब सिंह यादव एडवोकेट व वीरपाल सिंह उर्फ नीलू यादव एडवोकेट के साथ जनपद कन्नौज पुलिस द्वारा कानून को ताक पर रख कर द्वेषपूर्ण भावना से लगातान गैर कानूनी कृत्य कर अपनी तानाशाही ज़ की जा रही है। उक्त अधिवक्ताओं के घरों पर विना किसी कानूनी अधिकार व अधिकारिक आदेश के दिनांक 27.09.2024 की रात वे वजह दविश देकर मकानों के दरवाजे तोड़ने, घरो में उपस्थित निर्दोष कत्व सम्मानित महिलाओं के साथ अभद्रता गाली गलौज करने, घर के अन्य निर्दोष सदस्यों को विना किसी अपराध के जबरिया घर सेअपमानित करते हुये अपने साथ उठा ले जान व सार्वजनिक तौर पर उठाये गये व्यक्तियों को अपमानित कर यातनायें देना व उक्त अधिवक्ताओं के घर पर खड़ी कार संख्या यू.पी.74ए.एफ.-9063 को विना कार स्वामी की सहमति के ले जाना तथा घर में रखे उपयोगी व कीमती सामान की तोड़ फोड़ करना जैसे कृत्य पुलिस की तानाशाही व गुण्डागर्दी का प्रत्यक्ष दर्शन करवाती है ऐसी स्थिति में उक्त अधिवक्ताओं के गाँव के व समाज के लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है जो संवेधानिक आधार पर वेहद घृणित, निन्दनीय कार्य एवं चिन्ता का विषय है। पुलिस के उक्त वर्णित कुकृत्यों से जनपद कन्नौज की जनता व सम्मानित अधिवक्ताओं में वेहद आकोश व्याप्त है। ऐसी स्थिति में यदि निरंकुश पुलिस पर कोई ठोस कदम न उठाया गया तो जनपद कन्नौज के समस्त सम्मानित अधिवक्ता आन्दोलन के लिये विवश होगें।

# वकीलों ने नबाव के परिजनों के उत्पीड़न पर जताया आक्रोश

- तहसील बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन
- डीएम से मांग करते हुए परिजनों अवमुक्त करने की रखी मांग

तिर्वा। समृद्धि न्यूज



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते बार एसोसिएशन के अधिवक्ता

**तहसील** बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों व अधिवक्ताओं ने मंगलवार की दोपहर उपजिलाधिकारी तिर्वा को एक ज्ञापन सौंपकर कन्नौज के पूर्व ब्लाक प्रमुख व अधिवक्ता नबाव सिंह यादव व उनके छोटे भाई नीलू यादव के परिजनों पर कन्नौज पुलिस द्वारा किए जा रहे उत्पीड़न को लेकर नाराजगी जताई। बिना किसी आरोप के परिवार के आधा दर्जन सदस्यों को पूछताछ के नाम पर हिरासत में लेने व उन्हे किसी अज्ञात स्थान पर कैद रखने की निंदा की। गौरतलब है कि पूर्व ब्लाक प्रमुख नबाव सिंह यादव दुष्कर्म के मामले में जिला जेल अनौगी में निरूद्ध है। इस प्रकरण में उनके भाई नीलू यादव भी आरोपी है। फिलहाल वह जमानत पर है। उनकी जमानत के तुरंत बाद पुलिस ने नबाव व नीलू पर गैंगस्टर का भी मुकदमा दर्ज कर लिया। जिसकी जानकारी होते ही नीलू गायब हो गए। उन्हे पकड़ने के लिए पुलिस अब परिवार के सदस्यों का उत्पीड़न कर रही है। एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय बघेल, कमलेश पाल, देवेन्द्र भदौरिया, इन्द्रेश यादव, शिवपाल पाल, सुधीर यादव सहित कई अधिवक्ताओं का आरोप है कि पुलिस ने नबाव के नाबालिग पुत्र समेत करीब छह सदस्यों को घर में घुसकर हिरासत में लिया। घर में तोड़फोड़ भी की। इन सभी को किसी अज्ञात स्थान पर ले जाकर रखा हुआ है। अधिवक्ताओं ने ज्ञापन में डीएम से तत्काल इस प्रकरण में हस्तक्षेप करने व परिजनों को तत्काल मुक्त करने की मांग की है।

# छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर के सौजन्य से वृहद रोजगार मेला आयोजित

छिबरामऊ। समृद्धि न्यूज



**यशस्वी** कुलपति प्रो0 विनय कुमार पाठक के निर्देशन में आयोजित इस रोजगार मेले में देश की जानी-मानी 7 कंपनियों ने 350 से अधिक नौकरियां हेतु कुल 785 छात्र-छात्राओं ने आवेदन किया जिसमें 565 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग एवं 496 छात्र को अगले चरण के लिये चयनित किया गया।

इस रोजगार मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्री ओम प्रकाश शुक्ल, 'अज्ञात जी' छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय प्लेसमेंट काउंसिल के सदस्य डॉक्टर प्रशांत त्रिवेदी, डॉक्टर अजय तिवारी, मां भगवती पी0जी0 कॉलेज के प्रबंधक श्री सचिन दुबे, प्राचार्य डॉ मनोज कुमार त्रिपाठी एवं विश्वविद्यालय प्लेसमेंट टीम के श्री सुनील द्विवेदी एवं श्री राहुल यादव जी ने किया। तदोपरांत महाविद्यालय के प्रबंधक व प्राचार्य जी ने मंच पर आसीन मुख्य अतिथि एवं विश्वविद्यालय के अतिथियों का माल्यार्पण द्वारा स्वागत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ओमप्रकाश शुक्ल, अज्ञात जी ने महाविद्यालय के संस्थापक श्री अवधेश चंद्र दुबे जी की स्मृति में कहा कि उनके द्वारा क्षेत्र के विकास में महाविद्यालय ने एक अग्रिम भूमिका निभाई तथा आगे उन्होने महाविद्यालय की उपलब्धियां पर प्रकाश डाला एवं प्रबंधक सचिन दुबे द्वारा महाविद्यालय के छात्र.छात्राओं के हित में लगाए गए रोजगार मेले के लिए सराहना की। विश्वविद्यालय प्लेसमेंट काउंसिल के सदस्य डॉक्टर प्रशांत त्रिवेदी जी ने बताया की विश्वविद्यालय माननीय कुलपति जी की प्रेरणा से अपने सभी संबद्ध कॉलेजों के छात्र-छात्राओं तक रोजगार के अवसर सुलभ कराने के लिए कटिबद्ध है और ऐसे आयोजन समय.समय पर होते रहेंगे। उन्होंने छात्र-छात्राओं का ध्यान अपनी कम्युनिकेशन स्किल बढ़ाने पर जोर दिया। विश्वविद्यालय प्लेसमेंट काउंसिल के डॉ0 अजय तिवारी ने बताया की विश्वविद्यालय प्लेसमेंट केवल बीटेक व एम0बी0ए0 जैसे छात्र-छात्राओं तक सीमित न रहकर सभी छात्र चाहे वह किसी भी वर्ग के क्यों न हो उनको भी प्राप्त हो रहा है। उन्होंने आगे बताया कि आज रोजगार मेले में प्रतिभाग करने वाले छात्र.छात्राओं को या तो सफलता मिलेगी या अनुभव अतः इस मौके का भरपूर लाभ उठाएं। विश्वविद्यालय प्लेसमेंट टीम के श्री सुनील द्विवेदी जी ने रोजगार मेले में प्रतिभाग करने वाली कंपनियां जैसे एल0-टी0 फाइनेंस, पेटीएम, एसबीआई कार्ड, हुंडइ, कल्पतरु, स्मार्ट स्टाफ इंडिया प्राइवेट लिमिटेड एवं ऑल डिजी द्वारा लाये गए रोजगार के अवसरों पर प्रकाश डाला। उपरोक्त कार्यक्रम का सफल आयोजन छत्रपति षाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट निदेशक डॉक्टर संदेश गुप्ता के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विश्वविद्यालय प्लेसमेंट टीम के श्री राहुल यादव एवं अभिषेक, दीपसिंह जी ने अग्रिम भूमिका निभाई। कार्यक्रम में मां भगवती पीजी कॉलेज के डॉ0 नुरवेश दुबे, कुलदीप कुमार, नंदकिशोर, मनीष कुमार, अनुपम सिंह, अंजलि सक्सेना, दिव्या मिश्रा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# लेखपालों से मारपीट व अभिलेख छीनने में 30 नामजद

▸ आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर लेखपाल का धरना शुरु

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**बीते दिन** उखरा में दो लेखपालों के साथ मारपीट किये जाने के मामले में पुलिस ने 30 नामजद ग्रामीणों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। वहीं लेखपाल संघ ने पुलिस द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी ना होने के विरोध में सदर तहसील में धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है।

जानकारी के अनुसार लेखपाल रूद्रप्रताप सिंह निवासी अजमतपुर मऊदरवाजा ने एक राय होकर षड्यंत्र के तहत भीड़ उकसाते हुए लाठी-डंडों व ईट पत्थर से जान से मारने की नियत से लेखपाल रूद्र प्रताप व सौरभ पाण्डेय पर हमला करने में 30 ग्रामीणों को नामजद आरोपी बनाया है। संजेश यादव उर्फ संजू पुत्र रामप्रकाश, रोहित पुत्र राजीव यादव, वीरभान सिंह पुत्र जगेश्वर सिंह, राहुल पुत्र राजीव यादव, हरिभान पुत्र जगेश्वर, हाकिम पुत्र ब्रजपाल, अनु की पत्नी, अभिषेक की पत्नी, सुबोध पुत्र रामऔतार, आशीष यादव पुत्र जगदीश, विक्की उर्फविपिन पुत्र विनोद यादव, अकुल यादव पुत्र प्रेम सिंह, नन्हें यादव पुत्र रामऔतार, रामरहीश पुत्र मशाल सिंह, अविनाश पुत्र वीरेंद्र सिंह, केशराम पुत्र वेदराम यादव, सोनू पुत्र स्वामी दयाल, पप्पू यादव पुत्र वीर सहाय, अरविन्द यादव पुत्र भारत सिंह, अभिषेक यादव पुत्र राम प्रकाश यादव, सुबोध यादव पुत्र ब्रह्मानन्द, कृष्ण कुमार पुत्र बलराम, रणजीत पुत्र अरविन्द, ब्रजपाल पुत्र नवाब सिंह, कुलदीप पुत्र पप्पू, रजनेश पुत्र द्रगपाल, कृष्ण कुमार के घर की महिलाएं, रामकुमार व प्रेमचंद्र के घर की महिलाएं व भोला यादव पुत्र रामअवतार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।



धरना को संबोधित करते जिलाध्यक्ष अजीत द्विवेदी

### एक दर्जन ग्रामीण पुलिस हिरासत में

पिछले लगभग 24 घंटे में पुलिस नें एक भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया है। लगभग एक दर्जन ग्रामीण व महिलाएं पुलिस की हिरासत में हैं। जिसमें अधिकतर आरोपियों के परिजन हैं। थानाध्यक्ष बलराज भाटी ने बताया की अभी किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है, लेकिन जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जायेगी। लगभग एक दर्जन पुलिस की हिरासत में हैं।

### आरोपियों की गिरफ्तारी ना होने पर लेखपाल संघ का धरना शुरु

पुलिस द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी ना होने से नाराज लेखपाल संघ के बैनर तले तीनों तहसीलों के लेखपाल जिलाध्यक्ष अजीत द्विवेदी के नेतृत्व में सदर तहसील पर धरने पर बैठ गये। समर्थन में राज्य कर्मचारी संघ के महामंत्री प्रमोद दीक्षित भी समर्थन में बैठे। जिलाध्यक्ष अजीत द्विवेदी ने बताया कि पुलिस ने अभी तक किसी भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया है। जब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती है तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। जिले भर के लेखपाल धरने पर रहेंगे।

# बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे गुरुजन

▸ शिक्षा के मंदिर में 9.20 बजे तक लटकता रहा ताला

अमृतपुर, समृद्धि न्यूज

**गुरुजन बच्चों** के भविष्य के साथ कितना खिलवाड़ कर रहे हैं, इसका अंदाजा आपको इस बात से लग जायेगा कि विद्यालय में बच्चे तो पहुंच गये, लेकिन 9.20 तक गुरुजन विद्यालय नहीं पहुंच पाये। जिससे काफी संख्या में बच्चे गेट के बाहर खड़े हो गये।

जानकारी के अनुसार सूबे की सरकार बच्चों को साक्षर बनाने के लिए करोड़ों रुपया खर्च कर रही है, लेकिन शिक्षक सरकार के मंसूबों पर पानी फेर रहे हैं। बच्चे तो समय से विद्यालय पहुंच रहे हैं, लेकिन शिक्षक समय को धता बताकर अपने मनमाने समय पर विद्यालय पहुंच रहे हैं। जिससे बच्चों को घंटों विद्यालय का गेट खुलने का इंतजार करना पड़ रहा है। मंगलवार को 9.20 तक उच्च प्राथमिक विद्यालय वीरपुर हरिहरपुर, ब्लॉक राजेपुर, तहसील अमृतपुर में बच्चे तो पहुंच, लेकिन शिक्षक नहीं पहुंच सके। जिससे बच्चों को शिक्षकों का काफी देर तक विद्यालय खुलने का इंतजार करना पड़ा।



विद्यालय खुलने का इंतजार करते बच्चे — समृद्धि न्यूज

# खबरें चलते-चलते

### दिनदहाड़े कुल्हाड़ी से काटकर हत्या करने वाले चार आरोपियों को आजीवन कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपर जिला जज प्रथम शैली रॉय ने कुल्हाड़ी से काटकर हत्या करने वाले रतिभान, शिवकुमार पुत्रगण देवराज, भंवर सिंह, अभिषेक पुत्रगण निर्मल सिंह निवासीगण जाजपुर गोवा थाना मोहम्दाबाद को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर आजीवन कारावास से दंडित किया है। बीते पांच वर्षों पूर्व कोतवाली मोहम्मदाबाद क्षेत्र के ग्राम जाजपुर गोवा की निवासी मीना देवी उर्फसत्यवती ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि 29 जुलाई 2019 को गॉव के शिवकुमार, रतिभान, भंवर सिंह, अभिषेक ने मेरे पति से सुबह आठ बजे मारपीट की। जिस पर मैं व मेरे पति धनीराम थाने जा रहे थे। उसके बाद इन लोगो ने गॉव के किनारे फिर मारा। उसके बाद हम दोनों लोग मोहम्मदाबाद बाद चले गए। उसके बाद साढ़े तीन बजे नीमकरोरी स्टेशन के पास हम लोग बैठे थे, तभी उक्त सभी लोग फावड़ा व कुल्हाड़ी लेकर हम दोनों पर हमलावर हो गये और मेरे पति के सिर को काट डाला। जिससे मेरे पति की मौके पर ही मौत हो गयी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता दीपिका कटियार, अनिल कुमार बाजपेयी की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश शैलीरॉय ने रतिभान, शिवकुमार, भंवर सिंह, अभिषेक को हत्या के मामले में दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास व प्रत्येक आरोपी को साढ़े पच्चीस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

### एसओजी प्रभारी समेत जहानगंज व कमालगंज थानाध्यक्ष बदले

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बीती रात पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने एसओजी प्रभारी के साथ ही कमालगंज व जहानगंज के प्रभारी निरीक्षकों की तैनाती में फेरबदल किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस लाइन में प्रतीक्षारत निरीक्षक अनुराग मिश्रा को थाना कमालगंज का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। एसओजी प्रभारी उपनिरीक्षक जितेन्द्र पटेल को थानाध्यक्ष जहानगंज, पुलिस अधीक्षक के पीआरओ सचिन चौधरी को एसओजी प्रभारी बनाया गया है। निरीक्षक रणविजय सिंह को थानाध्यक्ष कमालगंज से हटाकर अपराध शाखा भेजा गया है। प्रभारी निरीक्षक जहानगंज हरीश्याम सिंह को भी अपराध शाखा भेजा गया है।



पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी

### परिजनों से कहासुनी में छात्रा फांसी पर झूली

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** परिजनों से हुई कहासुनी से क्षुब्ध होकर कक्षा 6 की छात्रा ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार अमृतपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम फखरपुर की रहने वाली 16 वर्षीय काजल पुत्री उदय पाल बहाना करके गांव के बाहर आई और शीशम के पेड़ पर दुपट्टे से फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौत हो गई। मृतका पांच भाई बहनों में सबसे बड़ी थी और कक्षा 6 की छात्रा थी। वहां से गुजरने वाले लोगों ने जब शीशम के पेड़ पर उसे फांसी लटके हुए देखा, तो इसकी जानकारी घर वालों को दी। फांसी लगाने की सूचना जंगल में लगी आग की तरह फैल गई और घटनास्थल पर दर्जनों की संख्या में ग्रामीण पहुंच गये। मृका की माता मीरा देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों द्वारा सूचना थाना अमृतपुर पुलिस को दी गई। थानाध्यक्ष अमृतपुर मीनेश पचौरी ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की।



# विज्ञान क्विज प्रतियोगिता में 74 विद्यालयों के बच्चों ने किया प्रतिभाग

▸ 25 छात्र-छात्राओं के साक्षात्कार में टॉप 10 बच्चों का किया गया चयन

कायमगंज, समृद्धि न्यूज

**राष्ट्रीय आविष्कार** अभियान के अंतर्गत विज्ञान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन ब्लॉक संसाधन केंद्र कायमगंज पर किया गया। जिसमें उच्च प्राथमिक विद्यालय तथा कंपोजिट विद्यालय स्तर पर पूर्व चयनित प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान विजेता के बच्चों ने प्रतिभाग किया। राष्ट्रीय विज्ञान आविष्कार परीक्षा के अंतर्गत कुल 74 उच्च प्राथमिक एवं संविलयन विद्यालयों के छात्र एवं छात्राओं ने प्रतिभाग किया। जिसमें से प्रथम चरण की लिखित परीक्षा में 25 छात्र एवं छात्राओं का चयन किया गया। प्रथम चरण की परीक्षा सामान्य ज्ञान, विज्ञान के प्रश्नों पर आधारित थी। द्वितीय चरण के अंतर्गत प्रथम चरण के विजेता टॉप 25 बच्चों का साक्षात्कार कराया गया। जिसमें टॉप 10 बच्चों का चयन किया गया। टॉप 10 बच्चों में प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ एवं पंचम स्थान प्राप्त करने वाले 5 बच्चों का चयन जनपद स्तर के लिए हुआ। जनपद स्तर पर पर आयोजित राष्ट्रीय अविष्कार अभियान परीक्षा के लिए राजन संविलयन विद्यालय सिवारा खास, अशी संविलयन विद्यालय कादरदादपुर सराय, उपासना उच्च प्राथमिक विद्यालय अताईपुर जदीद, दिव्यांशी उच्च प्राथमिक विद्यालय झब्बूपुर तथा शिवम यादव संविलयन विद्यालय नगला विधि शामिल हैं। बच्चों के उत्साहवर्धन हेतु प्रमाण पत्र, शील्ड एवं विज्ञान किट का वितरण अनुपम अवस्थी डायट प्राचार्य रजलामई एवं ओमप्रकाश पाल खंड शिक्षा अधिकारी कायमगंज के द्वारा किया गया। पुरस्कार पाकर बच्चे काफी उत्साहित थे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से निर्देश गंगवार ब्लॉक अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ, संदीप वर्धन ए0आर0पी0 ,अश्वनी चतुर्वेदी, मुकेश कुमार, उदय यादव, जुल्फिकार अहमद, अमीर सिंह, राहुल सिंह गंगवार, जितेंद्र, अनुराग, अभिषेक, बृजेश आदि का विशेष सहयोग रहा।



प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे — समृद्धि न्यूज

# जिला बदर अपराधी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला बदर किये गये अपराधी को पुलिस ने जनपद की सीमा के अंदर से गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के अनुसार अभियुक्त प्रिंस कटियार उर्फ छोटू पुत्र नरेन्द्र कटियार निवासी गोला कोहना कोतवाली फतेहगढ़ को जिलाधिकारी द्वारा दिनांक 03.09.2024 को तीन माह के लिए जिला बदर किया गया था। जिसका नोटिस अभियुक्त प्रिंस कटियार उर्फ छोटू को दिनांक 29.09.2024 को बजात खास तामील कराकर जनपद की सीमा के बाहर छोड़ा गया था। अभियुक्त जिला बदर की शर्तों का उल्लंघन करते हुए आज दिनांक 01.10.2024 को जनपद की सीमा में कुमार पेट्रोल पम्प के पास मौजूद होने पर मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त प्रिंस कटियार उर्फ छोटू के विरुद्ध मु0अ0सं0 313/2024 धारा-10 यू.पी. गुंडा अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है।



पुलिस हिरासत में अभियुक्त

# बाढ़ग्रस्त ग्राम किराचन में 155 लोगों को दी गईं दवाइयां

अमृतपुर, समृद्धि न्यूज

बीती करीब दो महीने से बाढ़ की विभीषिका का दंश झेल रहे गंगापार के वाशिंदों को भले ही अब बाढ़ से धीरे-धीरे निजात मिलने लगी हो, लेकिन बाढ़ अपने पीछे कई तरह की संक्रामक बीमारियों को छोड़ गयी है। गड्ढों में भरे पानी से उठ रही सड़ांध से क्षेत्र में वायरल बुखार, जुकाम, खांसी, त्वचा रोग आदि बीमारियां पैर पसारने लगी हैं। इन्हीं सब समस्याओं को देखते हुए जिलाधिकारी डॉ0 वी0के0 सिंह ने स्वास्थ्य टीमों को निर्देश दिए थे कि वह अपने-अपने क्षेत्र में जाकर बाढ़ पीड़ितों की समस्याओं से रूबरू हो और बीमार परेशान लोगों तक निःशुल्क दवाई पहुंचाएं। इसी क्रम में मंगलवार को अमृतपुर स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉक्टर गौरव वर्मा ने स्वास्थ्य टीम के पवन कुमार, कुशल व राकेश कुमार के साथ ग्राम किराचन में पहुंचकर 155 बीमार मरीजों को दवाइयां वितरित कीं। जांच के दौरान पाया गया कि इस बाढ़ग्रस्त क्षेत्र के गांव में अधिकतर मरीज जुखाम, बुखार, खांसी, वायरल, चर्म रोग से संबंधित थे। इन मरीजों को जांच के उपरांत निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया और संभावित बीमारियों से बचने के उपाय भी बताए गए। बदलते मौसम में सर्दी, जुकाम और खांसी होने की संभावना अधिक रहती है। इसलिए इन मरीजों को सुझाव दिया गया कि वह पड़ रही ओस के चलते खुले में ना लेटें। मच्छरदानी का प्रयोग करें। ताजा भोजन लें और साफ पानी पिएं। फुल आस्तीन के कपड़े पहनें। शाम के समय घरों में उजाला रखें, क्योंकि बाढ़ के दौरान अधिकतर जहरीले कीड़े आने लगते हैं। जिससे बचाव रखना बहुत ही जरूरी होता है। स्वास्थ्य टीम कई घंटे तक गांव में डेरा जमाये रही और लोगों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी के साथ दवाइयां देती रही।




मरीजों को दवा देती स्वास्थ्य टीम — समृद्धि न्यूज

# आगामी त्यौहारों को लेकर सीओ ने बुलायी पीस कमेटी की बैठक

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** आगामी त्यौहारों दुर्गा पूजा, विजयदशमी पर्व को लेकर क्षेत्राधिकारी व थानाध्यक्ष ने पीस कमेटी की बैठक बुलायी। बैठक में संभ्रांत लोगों से क्षेत्र के संबंध में जानकारी मांगी तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

नवाबगंज कस्बा के थाना प्रांगण में मंगलवार को क्षेत्राधिकार मोहम्मदाबाद अरुण कुमार तथा थाना अध्यक्ष बलराज भाटी ने दुर्गा महोत्सव व विजयदशर्मी के त्यौहार को लेकर क्षेत्र के संभ्रांत लोगों की बैठक बुलायी। जिसमें थानाध्यक्ष ने दुर्गा पूजा के दौरान मूर्ति स्थापना के स्थान की लोगों से जानकारी की। साथ ही सभी से शांतिपूर्वक दुर्गा पूजा कार्यक्रम मनाने की अपील की। साथ ही लोगों से उनकी समस्यायें भी पूछीं। इस दौरान कई लोगों ने थानाध्यक्ष को अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराया। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी अरुण कुमार, थाना अध्यक्ष बलराज भाटी, एसएसआई राम सिंह, दरोगा संतोष कुमार, दरोगा गिरीशचंद्र, थाने के हेड मोहर्रिर वीरेंद्र प्रताप सिंह, विवेक कटियार, बबना चौकी इंचार्ज योगेश श्रीवास्तव तथा मंदिर के पुजारी महेंद्र, सुरेश गिरी, संतोष चौधरी, विक्कू प्रधान, मनोज यादव, प्रधान राजीव यादव, राकेश भारद्वाज, कमल भारद्वाज, योगेंद्र सिंह राठौर, स्वदेश, सभासद राहुल यादव, बादल मंसूरी, साजिद अली खान, यशवीर आर्य, जिला पंचायत सदस्य सहित तमाम संभ्रांत व्यक्ति बैठक में मौजूद रहे।



बैठक लेते सीओ व थानाध्यक्ष — समृद्धि न्यूज

# ग्राम समाज की जमीन से हटवाया गया अवैध कब्जा



मौके पर कब्जा हटवाते तहसीलदार व पुलिस — समृद्धि न्यूज

▸ राजस्व टीम व तहसीलदार से महिला की हुई तीखी नोकझोंक

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज

**नवीन परती** जमीन पर अवैध कब्जा किए ग्रामीण का कब्जा हटवाने पहुंचे तहसीलदार और थाना पुलिस से कब्जेदार की पत्नी से कब्जा छुड़ाने को लेकर तीखी नोकझोंक हुई। महिला ने अधिकारियों को देख लेने की धमकी दी।

थाना क्षेत्र के गांव नैगमा में नवीन परती जमीन पर ग्रामीण राजीव कुमार ने कब्जा कर लिया था। जिसकी शिकायत ग्राम पंचायत में रोजगार सेवक श्यामा देवी ने हाईकोर्ट में की थी। जिसकी शिकायत पर कायमगंज तहसीलदार विक्रम सिंह, कानूनगो राम सिंह, कानूनगो हर मुखपाल थाना पुलिस को लेकर मौके पर पहुंचे और कब्जेदार राजीव की पत्नी से सामान बाहर निकालने को कहा। जिस पर वह बिफर गई और नाराजगी जताने लगी। अधिकारियों के सामने आत्महत्या करने की भी धमकी देने लगी। जिस पर तहसीलदार ने अतिरिक्त पुलिस फोर्स थाने से मंहवाया। ग्राम प्रधान दुर्विजय सिंह को बुलाकर अवैध कब्जा को हटवाकर सामान बाहर निकालकर गेट पर ताला लगाकर ग्राम प्रधान को सुपुर्दगी में दे दिया। तहसीलदार ने बताया दोनों पक्षों का वाद न्यायालय में विचाराधीन है। श्यामा देवी ने हाईकोर्ट में इसकी शिकायत की थी। हाईकोर्ट के आदेश पर हमें सरकारी जमीन कब्जा मुक्त कराकर ताला लगाकर ग्राम प्रधान की सुपुर्दगी में दे दिया है।

# सहकारी समितियों पर नहीं डीएपी खाद, किसानों में आक्रोश

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज

**शमशाबाद** क्षेत्र में किसानों द्वारा आलू गड़ाई की तैयारियां जोर शोर से शुरू कर दी गई हैं। इसके लिए जुताई मड़ाई का कार्य जोर पर है। फिलहाल किसानों को आलू गड़ाई के साथ डीएपी खाद की भी आवश्यकता है। वर्तमान में किसान डीएपी खाद के लिए नगर के सरकारी क्रय केंद् पर पिछले कई दिनों से भटक रहे हैं। अफसोस उन्हें खाद नहीं मिल पा रही। जिससे किसानों में रोष देखा जा रहा है। किसानों का कहना है जब उन्हें खाद की आवश्यकता है, तो उन्हें खाद नहीं मिल पा रही। भटकने वाले किसान जब अधिकारियों, कर्मचारियों से पूछते तो कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिलता।

मंगलवार की सुबह किसान सरकारी क्रय केंद्र शमशाबाद में डीएपी खाद लेने के लिए पहुंचे। जब उन्हें खाद नसीब नहीं मिली, तो उन्होंने सरकारी महकमे को जिम्मेदार बताते हुए नाराजगी व्यक्त की। किसानों का कहना है कि15 सितंबर के बाद आलू गड़ाई की तैयारियां जोर-जोर से शुरू हो जाती हैं। वर्तमान में खेतों की जुताई मड़ाई से लेकर आलू गड़ाई का कार्य जोरों पर चल रहा। इसके लिए अधिकांश किसानों को डीएपी जैसी खाद के लिए सहकारी समितियों पर भटकते हुए देखा जा रहा है। किसानों का कहना है सरकारी केंद्र सोसायटी में डीएपी खाद नहीं है। वहीं प्राइवेट केंद्र पर डीएपी खाद के नाम पर गरीब किसानों का शोषण जरूर जारी है। ऐसे हालातों में किसानों को समझ नहीं आ रहा आखिर वे करें तो क्या करें। किसानों की माने तो कुछ समय पूर्व जिला कृषि अधिकारी द्वारा किसानों को आश्वस्त किया गया था जनपद में खाद की कोई कमी नहीं है। किसानों के अनुसार कृषि अधिकारियों के दावों की पोल उस वक्त खुल गई जब सहकारी समिति शमशाबाद में किसान डीएपी खाद के लिए पहुंचे, तो घंटों इंतजार करने के बावजूद भी जब उन्हें खाद नहीं मिली, तो उन्होंने कर्मचारियों से पूछना शुरू कर दिया। जिस पर उन्हें बताया गया उक्त क्रय केंद्र पर एक लंबे समय से खाद नहीं है। किसानों ऋषिपाल, लल्लू सिंह, राम लड़ैते, धर्मवीर, शैलेंद्र कुमार निवासी कटिया शमसाबाद के अलावा हाकिम सिंह, सर्वेश कुमार निवासी पहाड़पुर का कहना है डीएपी खाद के लिए पिछले कई दिनों से सरकारी केंद्र के चक्कर लगा रहे हैं पर उन्हें डीएपी खाद नही मिल रही है। किसानों का यह भी कहना था अगर समय से सोसायटी पर डीएपी खाद उपलब्ध नहीं कराई गई तो किसान आलू गड़ाई के कार्य में पिछड़ जाएगा। किसानों ने जिलाधिकारी से सरकारी क्रय केंद्रों नगला नान, मंझना, बेला सराय गजा, चिलसरा व शमसाबाद की सहकारी समिति पर अभिलंब डीएपी खाद उपलब्ध कराए जाने की मांग की।



खाद के इंतजार में बैठे किसान — समृद्धि न्यूज

# डीएन कालेज में रोजगार मेले का हुआ आयोजन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**350 रिक्तियों के लिए 577 छात्र-छात्राओं ने किया आवेदन**

**दुर्गा नारायण** स्नातकोत्तर महाविद्यालय फतेहगढ़ में मंगलवार को छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर के सौजन्य से वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। कुलपति के निर्देशन में आयोजित रोजगार मेले में 07 कंपनियों एल0 एण्ड टी0 फाइनेंस, पेटीएम, गूगल-पे, हुंडई, कल्पतरू, स्मार्ट स्टाफ इण्डिया प्रा0लि0, एवं आल डिजी ने 350 से अधिक नौकरियां हेतु कुल 577 छात्र-छात्राओं ने आवेदन किया जिसमें 408 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग एवं 207 छात्र-छात्राओं को अगले चरण के लिये चयनित किया गया। रोजगार मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ0 प्रशान्त त्रिवेदी सदस्य प्लेसमेन्ट काउन्सिल विश्वविद्यालय एवं विशिष्ट अतिथि डॉ0 अजय तिवारी सदस्य प्लेसमेन्ट काउन्सिल विश्वविद्यालय तथा प्राचार्य ने द्वीप प्रज्जवलन एवं मां सरस्वती की प्रतिमा का पूजन एवं अतिथियों के माल्यार्पण के साथ किया। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ0 मनोज गर्ग ने की। कार्यक्रम में डॉ0 सुनील कुमार द्विवेदी व राहुल यादव विश्वविद्यालय प्लेसमेंट टीम, डॉ0 के0एम0 सचदेवा, डॉ0 सूरभान सागर प्राचार्य आर0पी0 पी0जी0 कॉलेज, डॉ0 शिल्पी सिं प्राचार्य कांशीराम राजकीय महाविद्यालय निनौआ, डॉ0 शशि किरण सिंह प्राचार्य एन0ए0के0पी0 महाविद्यालय विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि डॉ0 प्रशान्त त्रिवेदी ने रोजगार मेले में उपस्थ छात्र-छात्राओं को सक्षात्कार एवं रिज्यूम में अपनायी जाने वाली सावधानियों से अवगत कराया। विशिष्ट अतिथि डॉ0 अजय तिवारी ने रोजगार मेले में आने वाली कंपनियों के बारे में परिचित कराया। डॉ0 सुनील कुमार द्विवेदी ने सभी छात्र-छात्राओं को साक्षात्कार से सम्बन्धित महत्वपूर्ण जानकारी देकर मार्ग दर्शन किया। कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट निदेशक डा0 संदेश गुप्ता के नेतृत्व में किया गया। प्राचार्य डॉ0 मनोज गर्ग ने रोजगार के विषय में छात्र-छात्राओं को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करते हुए रोजगार मेले को सफल बनाने हेतु सभी लोगों का आभार प्रकट किया। प्लेसमेन्ट अधिकारी डॉ0 अजहर जुनैद आलम की देख-रेख में सम्पन्न हुआ। संचालन डॉ0 वी0के0 तिवारी ने किया। व्यवस्था डॉ0 एच0एस0एन0 गुप्ता ने की। इस अवसर पर डॉ0 सत्येन्द्र मिश्रा, डॉ0 राम नरेश सिंह, डॉ0 पंचम कुमार, डॉ0 मो0 अमीन, डॉ0 अशोक कुमार शर्मा, विनय कुमार बाथम, सरस पाठक, वीरभान सिंह, प्रियान्शु सिन्हा, अनामिका मिश्रा, शीतल त्रिवेदी एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी आदि लोग मौजूद रहे।


रोजगार मेले में मौजूद प्राध्यापक व कम्पनियों के लोग

# संगठन में रुचि रखने वाले ही पदाधिकारी बनाये जायेगें: हर्ष गंगवार

**सपा छात्रसभा की मासिक बैठक सम्पन्न**

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**समाजवादी छात्रसभा** की मासिक बैठक आवास विकास स्थित पार्टी कार्यालय पर जिला सचिव शिवशंकर शर्मा की अध्यक्षता में जिलाध्यक्ष हर्ष गंगवार द्वारा सम्पन्न हुई। संगठन में निष्क्रिय पदाधिकारियों को पदमुक्त कर राजनीति में रुचि रखने वाले पदाधिकारियों को जोड़ा जायेगा। समाजवादी विचार धारा से जुड़ने वाले कालेज, महाविद्यालयों के युवा छात्र अगली मासिक बैठक में जोड़कर पदाधिकारी बनाया जायेगा। साथ ही तीन नये पदाधिकारी बनाये गये। जिलाध्यक्ष हर्ष गंगवार ने कहा कि संगठन को मजबूत करना व पार्टी द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रमों में रुचि रखने वाले ही अब पदाधिकारी बन पायेंगे। इस मौके पर राहुल सभासद, शिवम् गंगवार, प्रिंस कटियार, सूर्या यदुवंशी, शिवम् यादव, राहुल यादव, साकिब अली, तसलीम ख़ान, राजा पांडेय, सचिन यादव, विक्रम यादव, मोहम्मद आफताब, आकाश यादव, निश्चल अवस्थी, रवि यादव एवम् शाहजहांपुर के तसलीम अंसारी आदि छात्रसभा के आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।


बैठक में मौजूद सपा छात्रसभा के पदाधिकारी

# जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन 3 अक्टूबर को

**प्रधानाचार्य गिरिजा शंकर बने रैली के संयोजक**

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज


रैली संयोजक ले0 गिरिजा शंकर, कै0 बलविन्दर सिंह व डा0 नीतू मसीह

**67वीं जनपद** स्तरीय माध्यमिक विद्यालयी एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन 3 अक्टूबर गुरुवार को स्व0 ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्पोर्ट्स स्टेडियम फतेहगढ़ में जिलाधिकारी डा0 वीके सिंह द्वारा शुभारम्भ होगा। तीन दिवसीय जिला स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी, जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र पाल सिंह के अलावा क्रीड़ा रैली के संयोजक एमआईसी स्कूल के ले0 प्रधानाचार्य गिरिजा शंकर व रखा बालिका इंटर कालेज की सह संयोजिका डा0 नीतू मसीह एवं आरपी इंटर कालेज के सह संयोजक प्रधानाचार्य कैप्टन बलविन्दर सिंह की देखरेख में होगी। विद्यालय के संरक्षक व प्रबंधक चेयरमैन वत्सला अग्रवाल मौजूद रहेगीं। संयोजक प्रधानाचार्य गिरिजा शंकर ने बताया कि जिला स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में 3, 4 व 5 अक्टूबर को सम्पन्न होगी। जिसमें 21 व्यायाम शिक्षक निर्णायक मण्डल में रखे गये है। जो आरती यादव, देवेन्द्र कुमार, अर्जुन कुमार सिंह, केशव कुमार गंगवार, सुनील कुमार पाल, राहुल यादव, तुषार चौधरी, अनुराग पटेल, धनजय कुमार सिंह, अभिषेक अवस्थी, सुब्रत शाक्य, सतेन्द्र सिंह, शुभम मौर्य, धनश्याम बिंद, रितु मिश्रा, नेहा भारद्वाज, रजनीश शिवा, देवेश यादव, कुलदीप सिंह, प्रशुभ गुप्ता, एजाज अहमद सिद्दीकी निभायेगें। प्रतियोगिता में प्रधानाचार्य रखा बालिका इंटर कालेज डा0 नीतू मसीह, राजकीय बालिका इंटर कालेज फतेहगढ़ की प्रधानाचार्य दीपिका राजपूत, कनोडिया बालिका इंटर कालेज की प्रधानाचार्य सुमन त्रिपाठी, एनएकेपी इंटर कालेज की प्रधानाचार्य इंदु मिश्रा प्रतियोगिता में मौजूद रहेगी। संचालन प्रवक्ता सुधाकर चतुर्वेदी व डा0 यशवंत सिंह करेंगे। लेखा विभाग की जिम्मेदारी प्रवक्ता अमिताभ सिंह, संजीव कुमार, हरेन्द्र प्रताप सिंह, संजीव चौहान देखेगें। मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी प्रवक्ता ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी, संतोष दुबे, सतेन्द्र सिंह को दी गई है।

# गौरव यादव बने अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के जिलाध्यक्ष

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज


गौरव यादव

**अंतरराष्ट्रीय** मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन के प्रदेश अध्यक्ष धीरज कुमार पांडे की संस्तुति पर जनपद में संगठन का विस्तार करते हुए फर्रुखाबाद में गौरव यादव को संगठन ने जिलाध्यक्ष पद पर ताजपोशी की गई है। दायित्व मिलने के बाद जिलाध्यक्ष गौरव यादव ने कहा कि जो जिम्मेदारी मुझे संगठन ने सौंपी है इसकी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा के साथ निभाऊंगा। उन्होंने बताया कि विगत पिछले 2 वर्ष से वह अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन में जुड़े हुए है और वर्तमान में जिला महामंत्री के पद पर रहकर कार्य कर रहे थे। अब जो संगठन की ओर से जिले की जिम्मेदारी दी गई है। वह इस जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभाएंगे और लगातार अब गरीब, कमजोर, असहाय लोगों की सेवा करता आ रहा हूं और आगे भी अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के सिद्धांतों पर चलते हुए कानून की हम सभी मदद करते रहेंगे। बधाई देने में गोपाल सक्सेना, सौरभ शर्मा, सौरभ गुप्ता, सत्यभान, रोहित आदि लोग रहे।

## खबरें एक नजर में

### जिला स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता डीएवी इं.का. रजलामई में सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** डीएवी इंटर कालेज रजलामई में जिला स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। जनपद के विद्यालयों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। लगभग 25 टीमों ने खो-खो में प्रतिभाग किया। मुख्य अतिथि खण्ड विकास अधिकारी विजेन्द्र सिंह पाल ने फीता काटकर खो-खो प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। रोशनाबाद पंडित दीनदयाल मॉडल राजकीय इंटर कालेज के प्रधानाचार्य मौजूद रहे। जिला क्रीड़ा सचिव अतुल दास ने प्रतियोगितायें सम्पन्न करायी। बालिका वर्ग अंडर-19 डीपीएस इंटर कालेज मूसाखिरिया विजेता रहा। डीएवी इंटर कालेज रजलामई उपविजेता, अंडर-17 एसके इंटर कालेज मंझना विजेता बना, जेआर इंटर कालेज फतेहगढ़ उपविजेता रहा। अंडर-14 जीजीआईसी इंटर कालेज फतेहगढ़ विजेता रहा। डीएवी इंटर कालेज रजलामई उपविजेता बना। बालक वर्ग अंडर-19 खो-खो प्रतियोगिता में डीएवी रजलामई विजेता रहा। एसके इंटर कालेज मंझना उपविजेता बना। अंडर-14 में राजकीय इंटर कालेज फतेहगढ़ विजेता, उपविजेता डीपीवीपी उच्च माध्यमिक विद्यालय रहा। प्रधानाचार्य सुलम कुमार एवं संजीत गंगवार ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। निर्णायक मण्डल में केशव गंगवार, सुनील पाल, सतेन्द्र सिंह, नेहा भारद्वाज, सुब्रत शाक्य, धनश्याम मिश्रा, दीपावली कुमार, राजेन्द्र कुमार शर्मा, मोहम्मद तय्यब खान, वीरभान आदि लोगों ने भूमिका निभाई। इस मौके पर चंदेल गुट के जिलाध्यक्ष प्रवेश रत्न शाक्य, शुभदीप मुखर्जी, श्रीकृष्ण, मनोज कुमार, सर्वेश कुमार, संजीव सिंह चौहान, सुनील कुमार मौर्य, अनुज मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

### नवरात्रि कल से, मां दुर्गा की मूर्तियों से सजा बाजार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** तीन अक्टूबर गुरुवार से नवरात्रि प्रारम्भ हो रहा है। जिसको देखते हुए मंदिरों में तैयारियां चल रही है। घरों में साफ-सफाई के साथ पूजा स्थलों को सजाया गया है। मां दुर्गा की मूर्तियां बिक रही है। फर्रुखाबाद- फतेहगढ़ रोड स्थित मिशन अस्पताल के पास मां दुर्गा की मूर्तियां बिक रही है। 50 रुपये से लेकर 5 हजार रुपये तक की मूर्ति दुकानदार बेंच रहे है। छोटी मूर्तियां लोग घरों में स्थापित कर रहे है। साथ ही बड़ी मूर्तियां लोग देवी जागरण के लिए स्थापित कर रहे है। गणेश पाण्डाल की तर्ज पर कई जगह पाण्डाल लगाकर बड़ी मूर्तियां स्थापित की जा रही है, जो 9 दिन तक पूजा अर्चना के साथ आखिरी दिन समापन अवसर पर जागरण होगा। राजस्थानी मूर्ति कलाकारों द्वारा मूर्तियां 15 दिन पहले से ही तैयार कर ली गई है। साथ ही रेडीमेड मूर्तियां लाकर दुकानदार बेंच रहे है। 50 रुपये, 100 रुपये, 150 रुपये, 200 रुपये व 300 रुपये तक छोटी मूर्ति घरों में स्थापित की जा रही है। जिनकी बिक्री आम तौर पर ज्यादा हो रही है। बड़ी मूर्ति मोहल्ले के लोग कमेटी बनाकर पाण्डाल लगाकर मोहल्लों में रख रहे है।

### महमदपुर करसान में निकाली गई संचारी रोग नियंत्रण जागरुकता रैली



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विकास खण्ड बढ़पुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय महमदपुर करसान में मीना मंच की सुगमकर्ता भारती मिश्रा के निर्देशन में बच्चों द्वारा संचारी रोग नियंत्रण रैली निकाली गई। गांव में समुदाय के बीच लोगों को संचारी रोगों के प्रति जागरूक करने के लिए तथा इन लोगों रोगों से बचने के उपाय भी मीना मंच के बच्चों द्वारा बताए गए। पावर एंजिल गायत्री ने गांव वालों को बताया कि सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग अवश्य करें। खिड़की व का दरवाजों पर जालियां लगाएं, यदि जालियां नहीं है तो पुराने दुपट्टे अथवा पुरानी साड़ियों का प्रयोग खिड़की दरवाजों के छिद्रों को ढकने हेतु करें। जिससे मच्छर घर में प्रवेश न कर सकें। पूरी आस्तीन के कपड़े पहने तथा पैरों में फुल पैंट, पजामी, सलवार, मोजे आदि पहने। आसपास पानी इकट्ठा न होने दे। भारती मिश्रा ने कहा वायरस से बचने के लिए मास्क लगाएं। स्वच्छ जल पिएं, पानी को ढककर रखें, खाने से पूर्व तथा शौंच के पश्चात हाथ अवश्य धोएं, नाखूनों को न बढ़ने दें, संतुलित भोजन करें तथा पर्याप्त नींद ले। सभी बच्चों ने नारे लगाए हम सब ने यह ठाना है, संचारी रोग दूर-दूर भगाना है। सब रोगों की एक दवाई, घर में रखें साफ-सफाई। इस अवसर पर प्रदीप कुमार पाल, संदीप कुमार पांडे, पूनम, रामवीर, महेश, रघुराज सिंह, मोना, अलका, काजल, मेनका, आलोक, प्रांशु आदि उपस्थित रहे।

# रैली निकाल संचारी रोगों के प्रति ग्रामीणों को किया गया जागरुक

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज


रैली में भाग लेते बच्चे

**कायमगंज** विकास खण्ड के अन्तर्गत ग्राम जेंदपुरा में प्राथमिक विद्यालय के बच्चों ने संचारी रोग जागरुकता रैली निकालकर ग्रामीणों को जागरुक किया। जन-जन को संचारी रोग के बारे में बताया गया और बच्चों के माध्यम से नारे भी लगाए गए। स्वच्छ वातावरण अपनाना है, संचारी रोग भगाना है। दिमागी बुखार पर सरकार का जोर है कि स्वस्थ देश बने, घर परिवार स्वस्थ्य रहे,100 रोगों की एक दवाई घर में रखो साफ-सफाई, जागरुकता रेली में नारे लगाये गये। प्रधानाचार्य सुधीर कुमार यादव व सहायक अध्यापिका ज्योति ने संचारी रोगों के प्रति जागरुक करते हुए कहा कि साफ-सफाई के साथ सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें। घर के बाहर गंदा पानी एकत्र न होने दें। बुखार आने पर चिकित्सीय सलाह लें आदि जानकारी दी गई। इस मौके पर सहायक अध्यापक संजीव कुमार, रसोईया नन्ही देवी, जावित्री देवी, ममता व छात्र-छात्रायें मौजूद रही।

# हमलावार ग्रामीणों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर लेखपालों ने तहसीलों पर दिया धरना

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**साथी लेखपालों** पर हुए जानलेवा हमले एवं मारपीट के मामले में कार्यवाही से असंतुष्ठ लेखपालों ने तहसील सदर में गिरफ्तारी की मांग करते हुए धरना देकर विरोध प्रदर्शन किया।

मंगलवार को उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के बैनर तले तीनों तहसीलों के लेखपाल अध्यक्ष अजीत द्विवेदी के नेतृत्व में तहसील सदर में एकत्र हुए और धरना प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी की। लेखपाल संघ जिलाध्यक्ष अजीत द्विवेदी ने कहा कि हम अपने साथियों के मान सम्मान के साथ बिल्कुल भी समझौता नहीं होने देंगे, लेखपाल संघ किसी भी कीमत में झुकने वाला नहीं हैं। उन्होंने कहा कि घटना स्थल पर मौजूद थानाध्यक्ष नवाबगंज बलराज भाटी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाए एवं उपस्थित अधिकारियों पर कार्यवाही की जाए। घटना में संलिप्त आरोपियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की मांग की। उखरा गांव में ग्राम सभा की भूमि पर अवैध रूप से कब्जा किए हुए भू-माफियाओं के खिलाफ कार्यवाही की जाए। शासनादेश के अनुसार लेखपालों को शास्त्र लाइसेंस जारी किए जाए एवं लेखपालों के खिलाफ किसी तरह की कोई कार्यवाही न की जाए। मामले के संबंध में राजस्व निरीक्षक सैदमीर खान ने समर्थन दिया व संयुक्त राज्य कर्मचारी महासंघ के कर्मचारी प्रमोद दीक्षित ने कार्यवाही की मांग कर समर्थन दिया। दबाव के चलते नवाबगंज थानाध्यक्ष बलराज भाटी ने लेखपालों द्वारा दी गई तहरीर के अनुसार कई ग्रामीणों मुकदमा दर्ज किया है। साथ ही 11 ग्रामीणों की पहचान लेखपालों ने की है। जिसके चलते पूरे दिन तहसील सदर, तहसील कायमगंज, तहसील अमृतपुर में कामकाज ठप्प रहा। बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात रहा।

लेखपालों की सरेआम पिटाई के मामले को प्रशासन ने संज्ञान में लिया है। आश्वासन दिया गया है कि शीघ्र ही आरोपियों के खिलाफ धरपकड़ अभियान चलेगा। इस अवसर पर लेखपाल प्रवीण सनातनी, अभय त्रिवेदी, अतुल कुमार, अजय सिंह आदि लोग मौजूद रहे।


धरने को सम्बोधित करते जिलाध्यक्ष अजीत द्विवेदी

# मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज में मनाया गया स्वच्छता पखवाड़ा



स्वच्छता अभियान में भाग लेते चिकित्सक व प्रशिक्षु चिकित्सक समृद्धि न्यूज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**मेजर एस0डी0** सिंह पी0जी0 आयुर्वेद महाविद्यालय में स्वस्थ्यवृत्त एवं योग विभाग द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के अन्तर्गत हर्बल गार्डेन की साफ -सफाई कर अपने आसपास के परिसर को स्वच्छ रखने का स देश दिया। स्वस्थ्यवृत्त एवं योग विभाग के प्रवक्ता डा0 अरुण पाण्डेय ने स्वच्छ और सुव्यवस्थित आवास भोजन शाला पानी की टंकिया तथा शौचालय की साफ -सर्फाइ पर विशेष ध्यान देने का आवाह्न किया। उन्होंने कार्यक्रम का संचालन करते हुए कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करें। महाविद्यालय में वृक्षो की सूखी पत्तियों का खाद बनाने के लिए महाविद्यालय के मालियो की जमकर प्रशंसा की। प्राचार्या डा0 अंजना दीक्षित ने छात्रों को दैनिक जीवन में स्वच्छता के महत्व को बताते हुए साफ-सफाई रखने और स्वच्छता के अच्छे तरीके को अपनाने हेतु प्रेरित किया। मंगलवार को नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं मंत्रमुग्ध कर दिया। बी0ए0एम0एस0 2020 बैच के छात्र/छात्राओं ने कविता पाठ एवं स्वच्छता पर उद्बोधन कार्यक्रम में भाग लिया। कॉर्डिनेटर प्रो0 नीतू श्री ने कहा छात्र/छात्राओं को स्वच्छ भारत के प्रणेता बनने के लिए स्वच्छ भारत मिशन को गंभीरता से लेना होगा। रोग निदान के प्रो0 सुनील गुप्ता ने स्वच्छ भारत भारत मिशन के अन्तर्गत स्वच्छता शपथ दिलाते हुऐ कहा छात्रावास के किसी भी प्रकार के खाद्य पदार्थो अपव्यय अथवा नुकसान न करें। अगद तंत्र के प्रो0 विजय मोहन गुप्ता ने कहा विरुद्ध आहार शरीर के विष के समान होता है। दो विरुद्ध आहार मिलकर विष बन जातें है। उन्होंने विद्यार्थियों के चिंतत एवं मनन करने पर जोर देते हुए कहा भण्डार गृह की नियमित सफाई करनी चाहिए। कार्यक्रम में डा0 अंजना दीक्षित, डा0 सुनील कुमार गुप्ता, डा0 देवाशीष बिस्वाल, डा0 विजय मोहन गुप्ता, डा0 रीता सिंह, डा0 शिवा प्रसाद मिश्रा, डा0 निरंजन एस0, डा0 शीलू गुप्ता, डा0 नीतू श्री, डा0 शिवओम दीक्षित, डा0 पवन कुमार, डा0 संकल्प सिंह, डा0 अविधा देवराज, डा0 अरिमर्दन, डा0 विकाय बाबू, भारती पांचाल, डा0 अरुण कुमार पाण्डेय, आनन्द बाजपेई, डा0 अरीब हुसैन, डा0 रेशमा, डा0 पीयूष माधव, डा0 रसना, डा0 मधु रंजन व महाविद्यालय के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी आदि लोग मौजूद रहे।

# मदारपुर में पीटी बैंड के साथ बच्चों ने निकाली संचारी रोग नियंत्रण रैली

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**प्राथमिक विद्यालय** मदारपुर में संचारी रोगों से बचाव के लिए रैली निकाल कर लोगों को जागरूक किया गया। डा0 संदीप ने संचारी रोगों पर प्रकाश डालते हुए बचाव के तरीके बताए। डा0 रेशू ने बालिकाओं में होने वाले रोगों विशेषकर खून की कमी को दूर करने के लिए सरकार द्वारा हर सप्ताह आइरन टैबलेट और छः महीने में कीड़े मारने की दवा एल्बेंडाजोल टेबलेट खिलाई जाती है। नेत्ररोग विशेषज्ञ डा0 गौरव मिश्रा ने आंखों में होने वाली बीमारियों और उनसे बचाव के तरीके बताए।

इस अवसर पर पूनम पाल, एएनएम, आशा वर्कर रामदेवी, आंगनबाड़ी मेमवती, योगेन्द्र कुमार, आकाश पाल, सत्यवती, आशा, उमा आदि उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य राजकिशोर शुक्ल ने बताया कि बुधवार को गांधी जयंती एवं स्कूल प्रबंधन समिति की बैठक का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सभी अभिभावकों को आमंत्रित किया गया है। तीन अक्टूबर को आंगनबाड़ी केंद्र एवं प्राथमिक विद्यालय मदारपुर के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज के डाक्टरों की टीम द्वारा किया जाएगा, जिसमें सभी बच्चों की उपस्थिति अनिवार्य है।

# वरिष्ठ जनों का आशीर्वाद बच्चों पर कवज की तरह करता है कार्य

**वृद्ध दिवस पर बुजुर्गों ने अपनी प्रतिक्रियायें देकर बच्चों को संस्कारवान बनने की दी प्रेरणा.........**

प्रस्तुति-लक्ष्मीकांत भारद्वाज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** वृद्ध दिवस पर बुजुर्गों ने अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि वरिष्ठ जनों का आशीर्वाद बच्चों पर कवज की तरह कार्य करता है। बुजुर्ग घर की नींव होते है। वर्तमान समय में आधुनिकता के दौर में लोग अपने घर के बुजुर्गों को भूल जा रहे है और उनके साथ दुर्व्यवहार करते है। जो मां-बाप उन्हें बचपन से पाल पोष कर उन्हें समाज में चलने योग्य बनाते हैं, बुढ़ापे में वही संतान मां-बाप को या तो वृद्ध आश्रम में छोड़ आती है या फिर घर के किसी कोने में असहाय छोड़ देती। ऐसे में जो मां-बाप सेवानिवृत्त हो जाने के बाद पेंशन जैसी या आर्थिक स्थिति में मजबूत होते है वहां यह समस्या कम होती है, क्योंकि उनके बच्चों को किसी न किसी प्रकार से लालच बना रहता है, लेकिन कुछ बच्चे ऐसे होते है जो मां-बाप की सेवा कर उच्च पदों पर आसीन हो जाते है और उन्हें बुढ़ापे में बच्चे की तरह सेवा करते है।


आचार्य चन्द्रदेव शास्त्री

आर्य समाज के राष्ट्रीय प्रचारक व जिला आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान आचार्य चंद्रदेव शास्त्री जो कि 75 वर्ष से अधिक अवस्था में भी वैदिक धर्म के प्रचार प्रसार को निरंतर समर्पित रहते हैं व देश भर में घूम-घूमकर युवाओं को वैदिक संस्कृति व राष्ट्रीयता से जोड़ने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि जिनके ऊपर वरिष्ठ जनों का हांथ होता है वो जीवन में सदैव उन्नति करते हैं। बड़ों का आशीर्वाद छोटों के लिए कवच का कार्य करता है।


डा0 हरिश्चन्द्र तिवारी

बढ़पुर निवासी महाराजा हरिश्चन्द्र महाविद्यालय के संस्थापक डा0 हरिश्चन्द्र सिंह तिवारी ने बुजुर्ग दिवस पर बताया कि बच्चों को सदैव वरिष्ठ जनों का सम्मान करना चाहिए, उनकी सेवा से आयु, विद्या और यस की वृद्धि होती है। भारतीय संस्कृति बड़ों का आदर व सत्कार की प्रेरणा देती है। वृद्ध लोगों में अनुभव होता है, नई पीढ़ी को इसका फायदा लेना चाहिए। आज कल के बच्चे स्मार्ट फोन में व्यस्त रहते है।


चन्द्रपाल वर्मा, लोकतंत्र सेनानी

लोकतंत्र सेनानी चन्द्रपाल वर्मा ने वृद्ध दिवस पर बताया कि वृद्ध संबंधी समस्यायें हर परिवार में है। परिवार को सुचारु रुप से चलाने के लिए घर का मुखिया होना बहुत जरुरी है। क्योंकि बुजुर्ग मुखिया होने के साथ-साथ अनुभवी होता और संस्कारों से परिवार को परिपूर्ण करने में सहायक होता है। हर शिकायत को आसानी से सुलझाने का सहास बुजुर्ग में ही होता है, क्योंकि उनकी सफेदी ही बताती है कि वह अनुभवकारी है।


राकेश सक्सेना, सेवानिवृत्त

सेवानिवृत्त सेल टैक्स अधिवक्ता राकेश सक्सेना ने बताया कि बुजुर्गों का आशीर्वाद ही बच्चों के लिए काफी है। जो बच्चे बड़ों के सानिध्य में रहकर पढ़-लिखकर आगे जाते है उनके संस्कार उन्हें जीवन जीने की कला सिखाते है। वृद्धों का सम्मान करना हर युवा व आम नागरिक का कर्तव्य है। आज की युवा पीढ़ी बुजुर्गों से दूर होती जा रही है क्योंकि उनके खान-पान व सेहत को देखने वाला बुजुर्ग उनसे दूर है।

# किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए हम प्रतिबद्ध

## केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने आवास पर किसान संगठनों के प्रतिनिधियों से मुलाकात कर दिया आश्वासन

एजेंसी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान मंगलवार को अपने आवास पर किसान संगठनों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने प्रतिनिधियों से कृषि संबधित समस्याओं पर चर्चा की। उन्होंने आश्वासन दिया कि वे उनकी समस्याओं का केन्द्र और राज्य दोनों स्तरों पर समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और इस संबंध में वे राज्यों से बातचीत करेंगे।

किसान प्रतिनिधियों से मुलाकात के बाद शिवराज सिंह चौहान ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि कृषि से संबंधित छोटी-छोटी समस्याओं का समय रहते निदान होने पर उत्पादन में 10 से 20 फीसदी तक वृद्धि हो जाती है। किसान संगठनों मिले सुझाव और उनके सामने आने वाली समस्याओं पर चर्चा की गई है। इसके लिए राज्य सरकारों से बात की जाएगी और समस्याओं को हल करने का प्रयास किया जाएगा।

शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि किसान संगठनों का कहना है कि सरकारी योजनाओं की जानकारी किसानों तक नहीं पहुंच रही है। सभी किसानों की फसलों का बीमा नहीं हो पा रहा है। जानकारी के अभाव में अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ भी किसानों क नहीं मिल रहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि किसान संगठनों ने उनसे खेतों में जल जमाव पर भी चिंता जताई है। उनकी चिंता है कि इससे फसलों की उत्पादकता प्रभावित होती है। वे सरकार से खेतों में होनेवाले जल जमाव की समस्या को दूर करने के उपाय चाहते हैं। शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि किसान संगठनों की राय है कि अत्याधिक रसायनिक खाद व कीटनाशक के उपयोग की वजह से धरती को नुकसान पहुंच रहा है। वे इस दिशा में सरकार से मदद चाहते हैं कि कीटनाशक व रसायनिक खाद का कम से कम उपयोग हो, इसका रास्ता निकाला जाए।

इस दिशा में सरकार कृषि विज्ञानिकों से विचार-विमर्श कर सलाह देती रहती है। विभिन्न माध्यमों से किसानों को जागरूक किया जाता रहा है। अब इस समस्या का समाधान करने में तेजी लाई जाएगी। उल्लेखनीय है कि कृषि मंत्री ने प्रत्येक माह के पहले मंगलवार को किसानों के साथ बैठक कर चर्चा करने का निर्णय लिया है। इसके तहत उनकी किसान व किसान संगठनों के साथ यह तीसरी बैठक थी।

### उपराष्ट्रपति ने राजश्री बिड़ला को लाल बहादुर शास्त्री पुरस्कार प्रदान किया



**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को उपराष्ट्रपति एन्क्लेव में आदित्य बिड़ला सामुदायिक पहल और ग्रामीण विकास केंद्र की अध्यक्ष राजश्री बिड़ला को 25वां लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय उत्कृष्टता पुरस्कार, 2024 प्रदान किया। उपराष्ट्रपति ने इस मौके पर अपने संबोधन में कहा कि राजश्री बिड़ला पिछले तीन दशकों से शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा के विभिन्न रूपों में मानवता की सेवा कर रही हैं। उन्होंने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री का नाम सुनते ही देशभक्ति की याद आ जाती है। शास्त्री जी जनसेवा की परिभाषा देते हैं। वे आत्म-बलिदान के प्रतीक थे। शास्त्री जी ने आचरण और व्यवहार की मिसाल कायम की, उपदेशों की नहीं। कुछ ऐसे व्यक्तित्व होते हैं, जिन्हें किसी इवेंट मैनेजमेंट या सिस्टमेटिक एक्टिंग की जरूरत नहीं होती। वे हमारी यादों में बसे रहते हैं। वे हमारा मार्गदर्शन करते हैं, हमें प्रेरित करते हैं। जब हम भुखमरी के संकट से जूझ रहे थे, तब पूरा देश उनके साथ खड़ा था। वे पहले व्यक्ति थे, जिन्होंने आह्वान करके लोगों की भागीदारी को बढ़ावा दिया। उनका आह्वान महज आह्वान नहीं था, बल्कि तत्कालीन परिदृश्य से उपजा था, अकल्पनीय आयाम का खतरा था। कल्पना कीजिए कि उन्होंने किस परिदृश्य में कार्यभार संभाला होगा। वे अकेले ऐसे व्यक्ति थे, जो इसे संभाल सकते थे! उपराष्ट्रपति ने कहा कि हम इवेंट मैनेजमेंट के ऐसे समय में जी रहे हैं, जहां व्यक्ति को ऐसे मापदंडों के आधार पर सम्मानित किया जाता है, जो हैरान करने वाले होते हैं। सार्वजनिक स्थानों पर लोगों को उस स्तर तक ऊपर पहुंचा दिया जाता है, जिसे पचा पाना मुश्किल होता है। लेकिन हाल के वर्षों में एक प्रतिमान बदलाव हुआ है। उदाहरण के लिए, पद्म पुरस्कार उन लोगों को दिए जा रहे हैं, जो इसके हकदार हैं। यही वजह है कि इस पुरस्कार की विश्वसनीयता और बढ़ गई है। यह पुरस्कार भी इसी धारा में आता है। यह क्षण हमेशा मेरी यादों में रहेगा, कि मैं मानवता के एक महान व्यक्ति को सम्मानित कर रहा हूं, और यह पुरस्कार धरती के एक बेहतरीन सपूत का तमगा है- जिसकी याद कभी नहीं मिटेगी।

# छह ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाकर दी जाएंगी यात्रियों को सुविधाएं

समृद्धि न्यूज



**मुरादाबाद।** उत्तर रेलवे के मुरादाबाद रेल मंडल के वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक आदित्य गुप्ता ने मंगलवार को बताया कि यात्रियों की सुगम आवाजाही के लिए छह ट्रेनों में अस्थायी रूप से अतिरिक्त कोच लगाए जाएंगे। ट्रेन संख्या 14717 बीकानेर-हरिद्वार एक्सप्रेस में बीकानेर से जेसीओ दो अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक अस्थायी रूप से एक अतिरिक्त वातानुकूलित तृतीय श्रेणी कोच एवं एक अतिरिक्त स्लीपर कोच लगाया जायेगा।

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक आदित्य गुप्ता ने बताया कि इसके अलावा ट्रेन संख्या 14718 हरिद्वार-बीकानेर एक्सप्रेस में हरिद्वार स्टेशन से जेसीओ तीन अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक अस्थाई रूप से एक अतिरिक्त वातानुकूलित तृतीय श्रेणी कोच एवं एक अतिरिक्त स्लीपर कोच लगाया जायेगा। ट्रेन संख्या 14888 बाड़मेर-ऋषिकेश एक्सप्रेस में बाड़मेर से जेसीओ एक अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक अस्थाई रूप से एक अतिरिक्त स्लीपर कोच लगाया जायेगा।ट्रेन संख्या 14887 ऋषिकेश-बाड़मेर एक्सप्रेस में ऋषिकेश से जेसीओ तीन अक्टूबर से दो नवम्बर तक अस्थायी रूप से एक अतिरिक्त स्लीपर कोच लगाया जाएगा। वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक ने बताया कि ट्रेन संख्या 14816 ऋषिकेश - श्री गंगानगर एक्सप्रेस में ऋषिकेश स्टेशन से जेसीओ दो अक्टूबर से एक नवम्बर तक अस्थायी रूप से एक अतिरिक्त स्लीपर कोच लगाया जायेगा। ट्रेन संख्या 14815 श्रीगंगानगर-ऋषिकेश एक्सप्रेस में श्रीगंगानगर में जेसीओ तीन अक्टूबर से दो नवम्बर तक एक अतिरिक्त स्लीपर कोच लगाया जायेगा।

# कानपुर टेस्ट : भारत ने बांग्लादेश को सात विकेट से हराया

समृद्धि न्यूज



**कानपुर।** भारत ने यहां ग्रीन पार्क में खेले जा दूसरे टेस्ट मैच में लगभग ढाई दिन बारिश के कारण रद्द होने के बावजूद बांग्लादेश को 7 विकेट से हराकर दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला 2-0 अपने नाम किया। इस मैच में टॉस जीतकर भारतीय टीम ने बांग्लादेश की पहली पारी 233 रन पर समेट दी और उसके बाद तेजी से खेलते हुए अपनी पहली पारी 9 विकेट पर 285 रन बनाकर घोषित की और पहली पारी के आधार पर 52 रनों की बढ़त हासिल की। दूसरी पारी में बांग्लादेश की टीम 146 रन पर सिमट गई थी, जिसके बाद भारत को केवल 95 रनों का लक्ष्य मिला।

95 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम ने 17.2 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 98 रन बनाकर मैच जीत लिया। दूसरी पारी में भारत के लिए सलामी बल्लेबाज यशस्वी जयसवाल ने शानदार अर्धशतक लगाते हुए 51 रन बनाए। यशस्वी के अलावा विराट कोहली ने 29 रनों की नाबाद पारी खेली। कोहली के साथ ऋषभ पंत भी 4 रन बनाकर नाबाद लौटे। कप्तान रोहित शर्मा ने 8 और शुभमन गिल ने 6 रन बनाए। बांग्लादेश की ओर से मेहदी हसन मिराज ने 2 और तइजुल इस्लाम ने 1 विकेट लिया। बांग्लादेश की दूसरी पारी की शुरुआत खराब रही भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने जाकिर हसन को एलबीडब्ल्यू आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई। जाकिर ने 10 रन बनाए। अश्विन ने बांग्लादेश का दूसरा विकेट भी झटका। उन्होंने हसन महमूद बोल्ड कर पवेलियन भेजा। हसन ने चार रन बनाए। बांग्लादेश का तीसरा विकेट पहली पारी के शतकवीर मोमिनुल हक के रूप में गिरा। हक को अश्विन ने 36 रनों के कुल योग पर पवेलियन भेजा। हक ने 2 रन बनाए। इसके बाद बांग्लादेश के विकेट नियमित अंतराल पर गिरते रहे और पूरी टीम 146 रनों पर सिमट गई। दूसरी पारी में बांग्लादेश के लिए केवल शादमान इस्लाम और मुशफिकुर रहीम ही कुछ टिक कर खेल सके। शादमान ने शानदार अर्धशतक लगाते हुए 50 रन बनाए, जबकि मुश्फिकुर ने 37 रन बनाए। भारत की तरफ से जसप्रीत बुमराह, रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जडेजा ने 3-3 व आकाशदीप ने 1 विकेट लिया। इससे पहले भारतीय टीम ने अपनी पहली पारी में ताबड़तोड़ शुरुआत की। कप्तान रोहित शर्मा ने यशस्वी जायसवाल के साथ मिलकर शुरुआती तीन ओवर में ही 50 रन का आंकड़ा पार कर लिया। चौथे ओवर में 55 के स्कोर पर भारतीय टीम का पहला विकेट गिरा। कप्तान रोहित 11 गेंद में एक चौका और तीन छक्कों की मदद से 23 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद यशस्वी जायसवाल ने भी तेजी से बल्लेबाजी करते हुए 31 गेंद में अर्धशतक जड़ दिया।

### अंडर -19 टेस्ट में सबसे तेज शतक लगाने वाले दूसरे बल्लेबाज बने वैभव सूर्यवंशी

**नई दिल्ली।** चेन्नई में भारत और ऑस्ट्रेलिया अंडर 19 टीमों के बीच चल रहे युवा टेस्ट मैच में, वैभव सूर्यवंशी ने मंगलवार को भारत के लिए अंडर-19 टेस्ट में सबसे तेज शतक दर्ज किया। भारत के लिए पहली पारी में बल्लेबाजी करते हुए, 13 वर्षीय खिलाड़ी ने केवल 58 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया। उनकी पारी में 14 चौके और चार छक्के शामिल थे। वह 104 रन बनाकर रन आउट हुए। कुल मिलाकर, यह अंडर-19 टेस्ट में दूसरा सबसे तेज़ शतक है, इंग्लैंड के मोइन अली अभी भी रिकॉर्ड धारक हैं। मोईन ने यह रिकॉर्ड 2005 में बनाया था, जब उन्होंने 56 गेंदों पर शतक जड़ा था। वैभव पिछले साल तब सुर्खियों में आए थे जब वह 12 साल की उम्र में बिहार के लिए खेलते हुए रणजी ट्रॉफी के इतिहास में सबसे कम उम्र में डेब्यू करने वाले खिलाड़ी बन गए थे और उन्होंने सचिन तेंदुलकर और युवराज सिंह के रिकॉर्ड को तोड़ दिया था।

# महिला टी-20 रैंकिंग में ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर जॉर्जिया ने किया सुधार

एजेंसी



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम की ऑलराउंडर जॉर्जिया वेयरहैम की आईसीसी महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में बड़ा सुधार हुआ है। वेयरहैम ने हाल ही में घरेलू धरती पर न्यूजीलैंड के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की तीन मैचों की टी20 श्रृंखला के अंतिम मैच में अपने प्रभावशाली प्रदर्शन के दम पर सभी तीन रैंकिंग श्रेणियों में बड़ी बढ़त हासिल की है।

आईसीसी महिला टी20 विश्व कप से पहले यह उनकी बड़ी उपलब्धि है। 25 वर्षीय खिलाड़ी ने ब्रिस्बेन में कीवी टीम के खिलाफ तीसरे टी20 मैच में प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता था। उन्हें तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजा गया था और उन्होंने सिर्फ 16 गेंदों पर 26 रन बनाए थे। इसके अलावा उन्होंने 21 रन देकर 2 विकेट भी चटकाए थे। ऑस्ट्रेलिया ने पांच विकेट से जीत दर्ज कर यह श्रृंखला 3-0 से अपने नाम की थी। वेयरहैम को इस प्रदर्शन की बदौलत नवीनतम टी-20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में 11 स्थान की बढ़त के साथ 101वें स्थान पर पहुंचने में मदद मिली, जबकि दाएं हाथ की यह गेंदबाज गेंदबाजों की सूची में छह स्थान ऊपर चढ़कर 14वें स्थान पर और ऑलराउंडरों की सूची में तीन स्थान ऊपर चढ़कर 17वें स्थान पर पहुंच गई है। वेस्टइंडीज की कप्तान हेले मैथ्यूज ऑलराउंडरों की टी20 रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर बरकरार है, जबकि ऑस्ट्रेलिया की ऐश गार्डनर दूसरे स्थान पर पहुंच गई है, उन्हें न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला में 51 रन और चार विकेट के लिए प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया था।

# एफसीआई 561 भंडारण केंद्रों पर आधुनिक वीडियो निगरानी प्रणाली करेगा स्थापित

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) ने अपने 561 भंडारण केन्द्रों (डिपो) में लगभग 23,750 कैमरे लगाने की योजना बनाई है। सरकारी स्वामित्व वाली एफसीआई ने यह योजना खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग की 100 दिन की उपलब्धियों के तौर पर बनाई है, जिसके तहत वह भंडारण केन्द्रों में आधुनिक आईपी-आधारित वीडियो निगरानी प्रणाली को अपग्रेड कर रहा है।

उपभोक्ता, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मामलों के मंत्रालय ने मंगलवार को जारी एक बयान में बताया कि इस नए आईपी-आधारित प्रणाली के कार्यान्वयन से उच्च रिजॉल्?यूशन इमेजिंग, बेहतर स्केलेबिलिटी और रिमोट एक्सेस माध्यम से निगरानी करने की क्षमताओं में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। ये नए निगरानी सिस्टम में लगाए गए सीसीटीवी कैमरे ऑनबोर्ड एनालिटिक्स सुविधाओं जैसे कैमरा टेम्परिंग, कैमरा फील्ड ऑफ व्यू चेंज, कैमरा ब्लर या आउट ऑफ फोकस, मोशन डिटेक्शन और ट्रिप वायर आदि को सपोर्ट करेंगे। मंत्रालय के मुताबिक पिछले कुछ वर्षों में एफसीआई ने विभिन्न डिपो में सीसीटीवी कैमरे लगाए हैं, ताकि उनकी प्रभावी निगरानी सुनिश्चित की जा सके। भारतीय खाद्य निगम ने वित्त वर्ष 2013-14 में 61 डिपो में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे, जिनकी संख्या वित्त वर्ष 2014-15 में बढ़कर 67 हो गई। यह 2018 तक एफसीआई के कुल 446 डिपो तक विस्तारित हो गई। फिलहाल एफसीआई की 516 डिपो सीसीटीवी की निगरानी में हैं। इन कैमरों का लाइव वेब फीड भारतीय खाद्य निगम की वेबसाइट पर अपना डिपो देखें टैब में उपलब्ध है। उल्लेखनीय है कि भारतीय खाद्य निगम भारत के खाद्यान्न प्रबंधन के लिए महत्वपूर्ण है, जो खाद्यान्न की खरीद, भंडारण और वितरण में अहम भूमिका निभाता है। एफसीआई की ये दक्षता न केवल देश की खाद्य सुरक्षा को बढ़ाती है।

# पीएम मोदी हजारीबाग में खास कार पर सवार होकर लोगों का करेंगे अभिवादन

**हजारीबाग।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो अक्टूबर को हजारीबाग में रहेंगे। यहां वे विनोबा भावे विश्व विद्यालय से कई योजनाओं की सौगात देंगे। इसके बाद वे मटवारी मैदान के लिए रवाना होंगे और भाजपा की परिवर्तन रैली को संबोधित करेंगे। जानकारी के मुताबिक, पीएम मोदी रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से हेलिकॉप्टर से हजारीबाग के लिए रवाना होंगे। इसके बाद एक खास कार से विवि जाएंगे। यह वाहन बुलेटप्रुफ होगा। प्रधानमंत्री के काफिले में तीन स्पेशल गाड़ियां होगी। एक वाहन पर प्रधानमंत्री मोदी सवार होंगे। इसी वाहन से हेलीपैड से विभावि सभा स्थल जायेंगे। जिला प्रशासन ने रांची से रोड शो के लिए एक सुजकी कंपनी का स्पेशल वाहन मंगाया है। पीएम इसी गाड़ी से मटवारी गांधी मैदान सभा स्थल का चक्कर लगा लोगों का अभिवादन करेंगे। यह वाहन पांच सीटों का है।

# रक्षा मंत्री राजनाथ ने 'वायु वीर विजेता' कार रैली को किया रवाना, सात हजार किमी. की दूरी करेगी पूरी

एजेंसी



**नई दिल्ली।** भारतीय वायु सेना की 92वीं वर्षगांठ पर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को राष्ट्रीय युद्ध स्मारक से 'वायु वीर विजेता' कार रैली को गर्मजोशी से रवाना किया। इसके साथ ही महिलाओं सहित 50 से अधिक वायु योद्धा लद्दाख के थोइस के लिए रवाना हो गए हैं। यह सभी अरुणाचल प्रदेश के तवांग तक एक अभियान पर निकलेंगे, जो नौ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी) से होकर कुल सात हजार किलोमीटर की दूरी तय करेंगे।

कार रैली के विभिन्न चरणों में पूर्व वायु सेना प्रमुख भी जगह-जगह शामिल होंगे। इस अवसर पर रक्षा मंत्री सिंह ने कठिन परिस्थितियों में वीरता, समर्पण और देशभक्ति के साथ मातृभूमि की सेवा करने वाले वायु योद्धाओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि भारतीय वायु सेना ने देश और उसके लोगों की रक्षा के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। यह देश के दुश्मनों को उनके क्षेत्र में अंदर तक घुसकर मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम है। केंद्र सरकार भारतीय वायु सेना को सबसे उन्नत विमानों, प्लेटफॉर्मों से लैस करने और आत्मनिर्भर भारत पहल के माध्यम से उन्हें और अधिक सक्षम बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि कार रैली के दौरान वायु योद्धा विभिन्न राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों के स्कूलों और कॉलेजों में युवाओं के साथ बातचीत करेंगे। राजनाथ सिंह ने कठिन और विविध इलाकों से होकर गुजरने वाली इस रैली का हिस्सा बनने वाले वायु योद्धाओं को अपनी शुभकामनाएं दीं। औपचारिक ध्वजारोहण 8 अक्टूबर को थोइस में होगा, जो समुद्र तल से 3,068 मीटर की ऊंचाई पर दुनिया के सबसे ऊंचे वायु सेना स्टेशनों में से एक है। 29 अक्टूबर को तवांग में रैली के समापन से पहले वायु योद्धा लेह, कारगिल, श्रीनगर, जम्मू, चंडीगढ़, देहरादून, आगरा, लखनऊ, गोरखपुर, दरभंगा, बागडोगरा, हासीमारा, गुवाहाटी, तेजपुर और दिरांग में रुकेंगे।

# बाढ़ से उत्तर बिहार में हाहाकार, इलाकों में भर रहा पानी

एजेंसी



**पटना।** नेपाल की बारिश से उत्तर बिहार में आयी बाढ़ रोज नए क्षेत्रों में प्रवेश कर रही है। पश्चिम चंपारण-पूर्वी चंपारण, शिवहर, सीतामढ़ी के बाद यह अब मुजफ्फरपुर और दरभंगा के नए इलाकों में फैलने लगा है, जिससे बाढ़ क्षेत्र में रहने वाले लोगों के लिए मुसिबत खड़ी हो गई है। अररिया जिले में मंगलवार को बाढ़ के पानी से दो शवों को निकाला गया है।

अररिया में बाढ़ के पानी में डूबने से दो की मौत हो गई है। अररिया में बहने वाली नदियों के जलस्तर में इजाफा के कारण निचले इलाकों में फैले पानी के कारण उत्पन्न बाढ़ की समस्या के बीच मंगलवार को एक किशोरी समेत एक अन्य युवक के शव मिले हैं। दोनों मामले दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों रानीगंज और जोकीहाट के हैं। जोकीहाट थाना क्षेत्र के धनपुरा के पास बलुआ धार में डूबने से हबीबा नाम की किशोरी की मौत हो गई। दूसरा मामला, रानीगंज थाना क्षेत्र के कोशकापुर उत्तर पंचायत का है। यहां वार्ड संख्या एक नित्यानंद ऋषिदेव टोला के रहने वाले 40 वर्षीय सिकेंद्र ऋषिदेव खेत मवेशी लाने के क्रम में गहरे पानी में डूब गया।

**दरभंगा के किरतपुर और सुपौल बाढ़ प्रभावित**

दरभंगा जिलाधिकारी के मुताबिक, दरभंगा के किरतपुर और सुपौल बाढ़ से प्रभावित है। जिले में किरतपुर स्थित सहरसा सीमावर्ती क्षेत्र में स्थित कोसी नदी का बांध टूट जाने से क्षेत्र के लोग प्रभावित हो गए हैं। बाढ़ का पानी तेजी से फैल रहा है, जिससे इलाके में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। पूर्वी चंपारण जिले में सुगौली उत्तरी सुगांव पंचायत के वार्ड संख्या-1 में सिकरहना नदी के टूटे रिंग बांध का मंगलवार को सदर एसडीओ स्वेता भारती ने स्थानीय अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। उन्होंने स्थानीय अधिकारियों को जन सुरक्षा को लेकर बांध की शीघ्र मरम्मत कराने का निर्देश दिया।

**मुजफ्फरपुर में बाढ़ पीड़ितों के लिए 38 नाव**

मुजफ्फरपुर जिले के औराई कटरा में प्रशासन ने बताया है कि 38 नाव सरकारी स्तर पर उपलब्ध कराए गए हैं। जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी प्रमोद कुमार ने बताया कि औराई और कटरा क्षेत्र में आधिकारिक रूप से 38 नाम की व्यवस्था कराई गई है, जो सुचारू रूप से कार्य कर रही है। ग्रामीण क्षेत्र के लोगों का मैसेज सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त हुआ है। स्थानीय प्रशासन से समन्वय स्थापित कर जल्द सभी को सुरक्षित जगह पर निकाला जाएगा और उन तक सरकारी व्यवस्थाएं पहुंच जाएगी। दूसरी ओर स्थानीय लोग मानवता के नाते प्रशासन से मदद की गुहार लगा रहे हैं। सोशल मीडिया पर कुछ बुद्धिजीवी वर्ग के लोग यह मैसेज डाले हैं कि 24 घंटे से अधिक बीतने के बाद भी औराई और कटरा के ग्रामीण क्षेत्रों में जहां काफी ज्यादा समस्याएं हैं, वहां अब तक प्रशासन के तरफ से कोई भी सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई है।

### सीएम व केंद्रीय मंत्री ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा

पटना। नेपाल के तराई क्षेत्र में हुई भारी बारिश ने उत्तर बिहार के 12 जिलों का हाल बेहाल कर रखा है। बीते 28 सितम्बर को कोसी बराज (सुपौल जिला) और गंडक बराज (पश्चिम चंपारण) जिले से 11 लाख क्यूसेक पानी डिस्चार्ज होने के बाद उत्तर बिहार के करीब सभी जिले बाढ़ की चपेट में हैं। बाढ़ की विभिषिका को देखते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने मंगलवार को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। सहरसा में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण करने पहुंचे चिराग ने कहा कि प्रत्येक वर्ष आने वाली इस त्रासदी से निबटने के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है।चिराग पासवान यहां सड़क मार्ग से नवहट्टा स्थित ई-2 घाट पहुंचे, जहां से नाव के जरिए बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का मुआयना करते हुए केदली गांव पहुंचे। यहां पीड़ितों से मिलकर उनलोगों का हालचाल जाना और पार्टी स्तर से राहत किट का भी वितरण किया। वे यहां से सड़क मार्ग से हेमपुर चौक पर पीड़ितों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुना और मदद का भरोसा दिया। मौके पर पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष आने वाली इस त्रासदी से निबटने के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। इसके लिए केंद्र और राज्य सरकार से बातचीत कर स्थायी निदान करवाने की बात भी कही। दूसरी ओर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी आज मंत्री विजय चौधरी, आपदा प्रबंधन विभाग के प्रधान सचिव प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के सलाहकार दीपक कुमार के साथ हवाई सर्वे किया और हालात की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने दरभंगा, मधेपुरा, अररिया, पश्चिम चंपारण-पूर्वी चंपारण, शिवहर, सीतामढ़ी सहित वैशाली जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण किया।

# केदारनाथ धाम दर्शन को पहुंचे पीएम मोदी के भाई

**केदारनाथ धाम।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के छोटे भाई पंकज मोदी मंगलवार को भगवान केदारनाथ के दर्शन के लिए धाम पहुंचे। केदारनाथ का जलाभिषेक कर उन्होंने जनकल्याण की कामना की।बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल ने हेलीपैड पर उनकी अगवानी की और तीर्थ पुरोहितों सहित मंदिर समिति ने हैलीपेड पर पंकज मोदी का स्वागत किया। इसके पश्चात पंकज मोदी सीधे केदारनाथ मंदिर पहुंचे। भगवान केदारनाथ का जलाभिषेक किया और रूद्राभिषेक पूजा संपन्न की। इस मौके पर उन्होंने जनकल्याण की कामना की और देश की खुशहाली के लिए आशीर्वाद मांगा। इसके पश्चात बीकेटीसी मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल ने मंदिर समिति की ओर से पंकज मोदी को भगवान केदारनाथ का प्रसाद, अंगवस्त्र, विभूति, रूद्राक्ष माला भेंट की। इस अवसर पर पंकज मोदी ने कहा कि वह विगत दो दशक से बद्रीनाथ धाम तथा केदारनाथ धाम दर्शन के लिए पहुंचते रहे है।

# खबरें एक नजर में

### गोरखपुर के आकाश दुबे ने सारेगामापा में बनाई अपनी जगह




**सहजनवा-गोरखपुर, समृद्धि न्यूज।** जी टीवी के बहुचर्चित रियलिटी शो सारेगामापा के 2024 संस्करण में गोरखपुर के आकाश दुबे अपनी जगह बना कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी कामयाबी को लेकर घर-परिवार समेत पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। उनकी सुरीली आवाज का जादू ऐसे चला कि- सैकड़ों प्रतिभागियों को उन्होंने पीछे छोड़ दिया। मखमली आवाज के धनी दुबे की सादगी भरे जीवन शैली के सभी लोग कायल है। पिछले कई वर्षों से मुम्बई में रहकर सुप्रसिद्ध संगीतकार सुरेश वाडेकर से संगीत की शिक्षा प्राप्त कर रहे है। आकाश के पिता एसके दुबे सीआईएसएफ में बतौर एएसआई पद पर तैनात हैं। संगीत साधक आकाश दुबे-सोनी टीवी के इंडियन आईडल,महुआ सुर-संग्राम, भइल बिहान, सब टीवी के फैमिली अंताक्षरी, सारेगामापा, राइजिंग स्टार, डीडी किसान पर प्रसारित अंताक्षरी कार्यक्रम में प्रतिभागी रह चुके हैं। उनकी उपलब्धि पर गोरखपुर के सांसद रवि किशन शुक्ला समेत कई नामचीन लोगों ने- आकाश दूबे को वीडियो संदेश भेजकर शुभकामनाएं दी हैं। एक बार मुम्बई के जी टीवी के मंच तक पहुंचे जजों को अपने नगमों से मंत्र-मुग्ध कर दिया था। उनकी उपलब्धि पर- नगर पंचायत घघसरा के चेयरमैन प्रभाकर दुबे,विद्यालय प्रबंधक सुनील दुबे, शुभम दुबे, रमेश मद्धयेशिया समेत कई लोगों ने अपनी शुभकामनायें दी है।

### भारत ने यूएनएससी सीट के लिए समर्थन देने वाले देशों को दिया धन्यवाद

**न्यूयॉर्क/नयी दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन ने सोमवार को उन देशों को धन्यवाद दिया, जिन्होंने 79वीं संयुक्त राष्ट्र महासभा में भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता देने का समर्थन किया। इनमें यूएनएससी के स्थायी पांच सदस्य देशों में से चार अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस और रूस, साथ ही अंगोला, चिली, माइक्रोनेशिया, पुर्तगाल शामिल हैं, जबकि बेलारूस और भूटान ने विकास पहल में मदद के लिए भारत को धन्यवाद दिया। जिन लोगों ने 79वीं संयुक्त राष्ट्र महासभा में यूएनएससी में भारत के साथ-साथ अफ्रीका के एक देश की स्थायी सदस्यता तथा जर्मनी और जापान के समर्थन में बात की, उनमें शामिल हैं:- अंगोला के राष्ट्रपति जोआओ मैनुअल गोंसाल्वेस लौरेंको, चिली के राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक फॉन्ट, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, माइक्रोनेशिया के राष्ट्रपति वेस्ले सिमिना, पुर्तगाल के प्रधानमंत्री लुइस मोंटेनेग्रो, रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव; अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन तथा ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर। बेलारूस के विदेश मंत्री मैक्सिम रायज़ेनकोव ने वैश्विक दक्षिण पहल के लिए भारत की प्रशंसा की जबकि भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे ने सबसे करीबी दोस्त और पड़ोसी देश भारत को धन्यवाद देते हुए कहा, वह हमारी विकास यात्रा की शुरुआत से ही हमारे साथ रहा है और अपने समर्थन तथा दोस्ती में हमेशा दृढ़ रहा है।

### सोनम वांगचुक से मिलने पहुंची आतिशी, पुलिस ने नहीं दी अनुमति

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री सुश्री आतिशी आज लद्दाख के सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांग्चुक से मिलने बवाना थाने पहुंचीं।उनका कहना है कि उनको मिलने नहीं दिया गया। लेह (लद्दाख) से दिल्ली तक पदयात्रा कर सोनम वांग्चुक दिल्ली सीमा तक पहुंचे। उनका इरादा राजघाट स्थित गांधी समाधि पर धरना देना था। सोमवार को दिल्ली पुलिस ने उन्हें सिंघु बॉर्डर पर रोक लिया। दिल्ली की मुख्यमंत्री सुश्री आतिशी मंगलवार सुबह उनसे मिलने पहुंची। बाद में उन्होंने थाने के बाहर पत्रकारों को बताया कि मुझे सोनम वांग्चुक से मिलने नहीं दिया। मैं उनसे मिलने इसलिए गई कि वे भी हमारी तरह, दिल्ली की तरह ही लद्दाख के लिए पूर्ण राज्य का दर्जा दिए जाने की मांग कर रहे हैं। दिल्ली की मुख्यमंत्री ने कहा कि लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा मिलना चाहिए और दिल्ली को भी पूर्ण राज्य का दर्जा मिलना चाहिए। लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखने दिल्ली आ रहे सोनम वांग्चुक को आखिर गिरफ्तार क्यों किया गया? मुझे उनसे मिलने से क्यों रोका जा रहा है? उन्होंने आरोप लगाया कि यह सब दिल्ली के राज्यपाल के इशारे पर किया जा रहा है। उन्हें यह निर्देश केन्द्र सरकार से मिले होंगे। सच तो यह है कि भाजपा लोकतंत्र से डरती है। उन्होंने भाजपा पर तानाशाहीपूर्ण रवैया अपनाने और चुनी हुई सरकारों को काम न करने का आरोप लगाया।

### चुनाव में अब तक तीन करोड़ नगद, 10 हजार लीटर शराब जब्त

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद में 16 अगस्त से अब तक तीन करोड़ 79 लाख रुपए नकदी पकड़ी गई। चुनाव के मद्देनजर पुलिस ने 16 जगहों से अंतरराज्यीय व अंतर जिला पुलिस नाके लगाए गए हैं, 51 स्टेटिक सर्विलांस टीम और 51 फ्लाईग स्काड टीमें नियुक्त की गई है। पुलिस ने अब तक शराब तस्करी के 256 मुकदमे दर्ज करक 10 हजार 918.16 लीटर अवैध शराब बरामद की गई है। वहीं एनडीपीएस के 35 मुकदमे दर्ज कर 39.83 किलोग्राम अवैध नशा और शस्त्र अधिनियम के अंतर्गत 47 मुकदमे दर्ज कर 52 अवैध हथियार व 38 कारतूस जब्त किए गए हैं। चुनाव में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर 4443 लाइसेंस हथियार जमा करवाए जा चुके हैं और 68 दुषचरित्र व्यक्तियों को पाबंद किया गया है, जिसमें 55 दस नंबरी शामिल हैं। जिन पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। शांतिपूर्ण चुनाव के लिए 4500 से ज्यादा पुलिस बल के साथ 11 कंपनी अर्धसैनिक बल और 2 कंपनी आईआरबी की अलग से लगाई गई हैं। 25 प्रबंधक अफसर, 55 इआरवी के साथ 57 अलग से पेट्रोलिंग पार्टी बनाई गई है, जो चुनाव को शांतिपूर्ण करवाने के लिए तैयार हैं। विधानसभा चुनाव में गांव में तनाव को दूर करने और निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव के दृष्टिगत 100 से भी ज्यादा फ्लैग मार्च किए गए हैं। संवेदनशील और अति संवेदनशील पोलिंग स्टेशनों पर पुलिस बल के साथ साथ अर्धसैनिक बलों को भी तैनात किया गया है।

### वाइस एडमिरल आरती सरीन डीजीएएफएमएस महानिदेशक बनीं

**नई दिल्ली।** वाइस एडमिरल आरती सरीन सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा (डीजीएएफएमएस) के महानिदेशक का पद संभालने वाली पहली महिला अधिकारी बन गईं हैं। रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि 46वें महानिदेशक के पद का कार्यभार संभालने से पहले वह महानिदेशक मेडिकल सेवा (नौसेना), महानिदेशक मेडिकल सेवा (वायु) और सशस्त्र बल मेडिकल कॉलेज (एएफएमसी), पुणे के निदेशक और कमांडेंट की प्रतिष्ठित नियुक्तियों पर काम कर चुकी हैं। वह एएफएमसी, पुणे की पूर्व छात्रा हैं और उन्हें दिसंबर 1985 में सशस्त्र बल चिकित्सा सेवाओं में नियुक्त किया गया था।

### गोविंदा के पैर में लगी गोली, रिवॉल्वर साफ करते समय हादसा

**मुंबई।** फिल्म अभिनेता गोविंदा के पैर में मंगलवार सुबह करीब पांच बजे गोली लग गई। रिवॉल्वर साफ करते समय यह हादसा हुआ। घायल गोविंदा को तत्काल कृटिकेयर अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस घटना की जांच जुहू पुलिस स्टेशन की टीम कर रही है। पुलिस के अनुसार आज सुबह करीब पांच बजे फिल्म अभिनेता गोविंदा अपनी रिवॉल्वर साफ कर रहे थे। उसी समय गोविंदा की उंगली से रिवॉल्वर का ट्रिगर दब गया, जिससे मिसफायर होकर गोली गोविंदा के पैर में लग गई। तत्काल गोविंदा को अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां उनके पैर की सर्जरी हुई है। अब वह ठीक बताए जा रहे हैं। गोविंदा को गोली लगने की खबर सुनकर उनके प्रशंसक चिंतित हैं। फैंस उनके जल्द ठीक होने की दुआ कर रहे हैं।